

दैनिक नवप्रदेश

आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | आंचलिक 11 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, सोमवार 25 मार्च 2024, वर्ष-13 अंक- 44 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

वाकई लोग बहुत ही बुरे है। बात बात में बुरा मान जाते है। बुरा सा मुंह बनाते है और खरी खोटी सुनाते है। होली का तो सूत्रवाक्य ही है कि बुरा न मानों होली है। फिर भी लोग बुरा मानने से बाज नहीं आते। होली पर हंसी-ठिठोली तो चलती ही रहती है। ईडी ने घुंघरू सेठ के घुंघरू तोड़ दिये तो इस मजाक का आपिए बुरा मान गए और सड़कों पर हुड़दंग करने लगे। आयकर विभाग ने कांग्रेस के बैंक खाते फ्रीज किये तो कांग्रेसी लाल पीले होने लगे। बुड़बकों बुरा न मानो और बोलो जोगीरा सा...रा...रा...

होली की हार्दिक शुभकामनाएं...

इंद्रधनुषी रंगों के पर्व होली की सभी सुधि पाठकों और देशवासियों को दैनिक नवप्रदेश परिवार की ओर से हार्दिक शुभकामनाएं..। संपादक

अवकाश सूचना

होली पर्व के उपलक्ष्य में 25 मार्च को दैनिक नवप्रदेश प्रेस व कार्यालय में अवकाश रहेगा। अतः अगला अंक 27 मार्च को प्रकाशित होगा। प्रबंध संपादक।

सूचना

आज का ये अंक होली के रंग से सराबोर है।

छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय बने गुगल के ब्रांड एबेंसडर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने होली के दो दिन पहले ही अपना यूट्यब चैनल लांच किया था जिसमें उन्होंने होली की बधाई देने वाला फाग गीत अपलोड किया था। उनकी इस पोस्ट ने लाईक और कमेंट्स के सारे रिकार्ड तोड़ डाले। छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि अन्य प्रदेशों से भी उनके यूट्यूब चैनल को लगभग 1 लाख व्यूज मिले।

इन एक लाख लोगों ने उनके यूट्यूब चैनल को सब्क्राइस भी किया। दो दिनों में ही किसी यूट्यूब चैनल को आशातीत सफलता मिलने से गुगल ने छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को गुगल का ब्रांड एबेंसडर नियुक्त कर दिया है। जैसे ही गुगल ने यह खबर जारी की छत्तीसगढ़ में हर तरफ खुशी की लहर दौड़ गई और होली के दिन मुख्यमंत्री निवास पर उन्हें बधाई देने वालों का ताता लग गया। उन सभी लोगों को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने भांग के पेड़े खिलाकर उनका मुंह मीठा कराया और अपनी इस उपलब्धि के लिए फेसबुक से चिपके रहने वाले छत्तीसगढ़ के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि यूट्यूब चैनल से उन्हें जो भी कमाई होगी उससे वे छत्तीसगढ़ में शीध्र की महतारी वंदन योजना की तर्ज पर लाड़ली बहु योजना लागू करेंगे।

इसके तहत प्रदेश के उन परिवारों की बहुओं को प्रतिमाह 1500 रुपए दिए जाएंगे जो अपने साथ अपनी सास को रखती हैं। इसके लिए सिर्फ यह शर्त होगी कि हितग्राही बहुओं को अपनी सास से यह प्रमाण पत्र लेकर प्रस्तुत करना होगा कि उनकी बहु सास का पूरा ध्यान रखती है। **(एनपीएचएन)।**

अंततः राजनांदगांव से कटा भूपेश बघेल का टिकट

नई दिल्ली/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को कांग्रेस हाई कमान ने राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी बनाया था किन्तु अब उनका टिकट काट दिया गया है। भूपेश बघेल पहले ही लोकसभा चुनाव लडऩे के लिए तैयार नहीं थे लेकिन पार्टी के आदेश को शिरोधार्य करते हुए उन्होंने राजनांदगांव से चुनाव लडऩा कबूल कर लिया था लेकिन राजनांदगांव में कांग्रेसी नेता और कार्यकर्ता ही भूपेश बघेल की उम्मीद्वारी का विरोध करने लगे।

महादेव एप्प घोटाले में उनके खिलाफ एफआईआर होने के बाद एक कांग्रेस नेता ने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे को पत्र लिखकर उनसे भूपेश बघेल को पार्टी का प्रत्याशी न बनाने की मांग की थी। नतीजतन कांग्रेस हाई कमान ने भूपेश बघेल की दिया गया टिकट काट दिया है। अब उनकी जगह राजनांदगांव से किसी स्थानीय कांग्रेस नेता को ही प्रत्याशी बनाया जाएगा। इसके लिए जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव से जीत सकने योग्य प्रत्याशी का नाम मांगा गया है। अपनी टिकट कटने से प्रसन्न नजर आ रहे भूपेश बघेल ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि वे पार्टी के एक निष्ठावान सिपाही है। पार्टी का आदेश शिरोधार्य हैं। इस बीच खबर है कि पार्टी हाई कमान ने भूपेश बघेल को तत्काल दिल्ली बुलाया है।

हमारे नई दिल्ली ब्यूरो प्रमुख ने कांग्रेस हाई कमान के सूत्रों से जानकारी दी है कि उसके मुताबिक भूपेश बघेल को उत्तर प्रदेश की अमेठी लोकसभा सीट से कांग्रेस का प्रत्याशी बनाया जा सकता है। जहां से राहुल गांधी के चुनाव न लडऩे के कारण कांग्रेस को ढूंढे कोई प्रत्याशी नहीं मिल रहा है। इस बारे में जब भूपेश बघेल से हमारे संवाददाता ने बातचीत की तो उन्होंनें कहा कि वे अमेठी की जगह वाराणसी से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ चुनाव लडऩा ज्यादा पसंद करेंगे। यदि उन्हें वहां से प्रत्याशी बनाया गया तो वे नरेन्द्र मोदी की जमानत जप्त करा देंगे। भूपेश बघेल का कद बढऩे से उनके समर्थकों ने आज होली पर जमकर हुड़दंग मचाने का निर्णय लिया है। **(एनपीएचएन)।**

राहुल गांधी वायनाड से भी नहीं लड़ेंगे चुनाव



नई दिल्ली/नवप्रदेश। कांग्रेस पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आज एक पत्रकार वार्ता लेकर घोषणा कर दी है कि वे इस बार वायनाड से भी लोकसभा चुनाव नहीं लड़ेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी पहली प्रथमिकता देश में मोदी सरकार को सत्ता से बाहर करके आईएनडीआईए की सरकार बनाना है। इसलिए वे पूरे देश में घूम कर आईएनडीआईए के प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं लेंगे। यदि वे चुनाव लड़ते तो उन्हें एक लोकसभा सीट वायनाड में ही सिमट कर रह जाना पड़ता इसलिए उन्होंने इस बार चुनाव न लड़ने का फैसला लिया है। गौरतलब है कि इसके पूर्व सोनिया गांधी ने भी रायबरेली सीट से चुनाव न लड़ने की घोषणा कर दी थी और वे राज्यसभा सदस्य बन गई है। किन्तु राहुल गांधी ने लोकसभा चुनाव ना लड़ने की घोषणा कर सभी को चौका दिया है। उनकी बहन प्रियंका गांधी भी चुनाव नहीं लड़ रही है यह देश के चुनावी इतिहास में पहली बार होने जा रहा है कि नेहरू गांधी परिवार का कोई भी सदस्य लोकसभा चुनाव नहीं लड़ रहा है। पत्रकार वार्ता में जब राहुल गांधी से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा उनके परिवार पर परिवारवाद का आरोप लगाते रहे हैं इसीलिए इस बार उनके परिवार ने चुनाव से किनारा करने का फैसला लिया है। एक प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस के नेतृत्व में आईएनडीआईए की सरकार बनती है तो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकाअर्जुन खरगे ही प्रधानमंत्री बनेंगे। पत्रकार वार्ता के बाद राहुल गांधी ने सभी पत्रकारों को खुद अपने हाथों से भांग की थंडाई पिलाई और भांग के लड्डू खिलाकर सभी का मुंह मीठा कराया। **(एनपीएचएन)।**

जमानत पर छूटे अरविंद केजरीवाल, ईडी को लगाई गई कड़ी फटकार

नई दिल्ली/नवप्रदेश। नई दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को देर रात जमानत मिल गई। उन्हें तत्काल प्रभाव से रिहा कर दिया गया। उनकी गिरफ्तारी को लेकर ईडी को फटकार भी लगाई गई है। कथित शराब घोटाले में गिरफ्तार किए गए अरविंद केजरीवाल को जब हाई कोर्ट और सुप्रीम कोर्ट से कोई राहत नहीं मिली तो आम आदमी पार्टी ने नामी गिरामी वकीलों की फौज खड़ी कर इस मामले को दुनिया का सबसे शर्मनाक राजनीतिक षडयंत्र बनाते हुए अंतराष्ट्रीय न्यायालय में याचिका दायर की और उस पर तत्काल सुनवाई की पुरजोर मांग की। नतीजतन अंतराष्ट्रीय न्यायालय ने होली का अवकाश होने के बावजूद याचिका पर सुनवाई की और अरविंद केजरीवाल को पांच रुपए बारह आने की राशि के मुचलके पर उनकी रिहाई के आदेश दे दिए। केजरीवाल के वकीलों ने जमानत राशि कम करने की मांग की। उनका कहना था कि केजरीवाल एक कट्टर इमानदार नेता है। उनके पास पांच रुपए बारह आने नहीं है। इस पर अंतराष्ट्रीय न्यायालय ने सहानुभूति पूर्वक विचार कर जमानत की राशि कम कर सिर्फ एक चवन्नी कर दी। यही नहीं बल्कि अंतराष्ट्रीय न्यायालय ने ईडी को भी कड़ी फटकार लगाई। उसने ईडी को नोटिस जारी कर बारह घंटो के भीतर उससे जवाब मांगा है कि आखिर ईडी की मजाल कैसी हुई कि एक कट्टर इमानदार नेता पर उसने घोटाला करने का आरोप लगा दिया। इधर जैसे ही अंतराष्ट्रीय न्यायालय का फैसला आया नई दिल्ली में आम आदमी पार्टी के नेताओं ने होली के दिन दीपावली भी मना ली। जमकर आतिशबाजी की गई। होली के त्यौहार को मद्देनजर रखकर भांग के लड्डू बांटे गए। पंजाब में तो दारू के साथ चखना भी थोक के भाव में बांटा गया। अपनी रिहाई के बाद अरविंद केजरीवाल ने कहा सत्य परेशान हो सकता है लेकिन पराजित नहीं। आज सच्चाई की जीत हुई है। उन्होंने कहा कि अपनी रिहाई की खुशी में अब नई दिल्ली के हर बाशिन्दे तक शराब की घर पहुंच सेवा शुरू करेंगे। रियायती दर पर दारू मुहैया कराई जाएगी और साथ में चखना फ्री दिया जाएगा। **(एनपीएचएन)।**

पीसीसी चीफ दीपक बैज भी बेटिकट

रायपुर/नवप्रदेश। बस्तर लोकसभा से कवासी लखमा कांग्रेस उम्मीदवार घोषित किये गए हैं। सियासी हलकों में प्रदेश के पहले चरण की बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के संबंध में नारा बुलंद करने लगे हैं। लखमा ने एक बार फिर दिया सब को चकमा'। बता दें कि चौथी सूची में छत्तीसगढ़ से सिर्फ 1 कैंडिडेट का ऐलान कांग्रेस की सीईसी ने किया है। फ़िलहाल प्रदेश की 4 सीटों पर घोषणा होना बाकी है। ठेठ आदिवासी नेता और सिर्फ लंबा सा हस्ताक्षर ज्ञान रखने वाले कवासी लखमा को कांग्रेस के आला नेताओं ने उपयुक्त केंडिडेट माना है। इस फैसले से सवाल उठने लगा है कि बस्तर लोकसभा से सिटिंग सांसद और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष युवा आदिवासी नेता दीपक बैज की अनदेखी करते हुए लखमा को फाइनल करने के पीछे क्या कारण हैं ?

शार्ट सर्किट से लगी आग में झुलसकर चार बच्चों की मौत

मेरठ (वार्ता)। उत्तर प्रदेश के मेरठ में किराये के मकान में रहने वाले एक मजदूर के घर में मोबाइल की बैट्री फटने से लगी आग में झुलसकर उसके चार बच्चों की मौत हो गयी है। पुलिस ने रविवार को बताया कि मुजफ्फरनगर जिले के सिखेड़ा निवासी 41 वर्षीय जॉनी मजदूरी करता है और यहां मोदीपुरम क्षेत्र की जनता कॉलोनी में किराये के मकान में रहता है। जहां उसकी पत्नी बबीता(37) और चार बच्चों सारिका (10), निहारिका (08), गोलू (06) और कल्लू (05) साथ रहते थे। शनिवार रात मोबाइल चार्ज करने की कोशिश के दौरान शार्ट सर्किट से विस्फोट के साथ आग लग गई। आग में घिरे बच्चों की चीख पुकार सुनकर जॉनी और बबीता उन्हें बचाने दौड़े। बच्चों को बुरी तरह झुलसी हालत में कमरे से निकालने के दौरान पति पत्नी भी झुलस गये। सभी को पास के अस्पताल में भर्ती करवाया गया था जहां चारों बच्चों ने दम तोड़ दिया। पुलिस अधीक्षक (नगर) आयुष विक्रम सिंह ने बताया कि शॉर्ट सर्किट से आग लगी में बच्चे और दंपती बुरी तरह से झुलस गए थे जिनमें चारों बच्चों की मौत हो गई है। उन्होंने बताया कि बबीता को गंभीर हालत में दिल्ली के एम्स अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां उसकी भी हालत गंभीर बनी हुई है।

लेह में जवानों संग रक्षा मंत्री ने मनाई होली

जम्मू/वार्ता । केंद्रीय रक्षा मंत्री केंद्र शासित प्रदेश के लद्दाख के लेह में जवानों संग होली मनाने के लिए पहुंचे। लेह हवाई अड्डे पर रक्षा मंत्री का लद्दाख के उपराज्यपाल बीडी मिश्रा, प्रशासन व सेना के उच्च अधिकारियों ने स्वागत किया। राजनाथ सिंह के साथ सेना प्रमुख मनोज पांडे भी पहुंचे हुए हैं। रक्षा मंत्री ने लेह में 'हॉल ऑफ फेम' पर देश की रक्षा के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान देने वाले जवानों को याद करते हुए पुष्पांजलि अर्पित की। उन्होंने जवानों के साथ होली मनाई। उन्हें गुलाल लगाते हुए मिठाई भी खिलाई। देश के नागरिक अपने घरों में सुरक्षित तरीके से होली मना सकें, इसलिए सीमा पर देश की रक्षा में तैनात वीर सैनिक तैनात हैं। ऐसे में उनका मनोबल बढ़ाने के लिए रक्षा मंत्री यहां पहुंचे। होली का पर्व मनाते हुए जवानों ने खूब गुलाल उड़ाया और एक-दूसरे को मिठाइयां भी खिलाई। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को विश्व के सबसे ऊंचे युद्धक्षेत्र सियाचिन में जवानों के साथ होली मनाने के लिए पहुंचाने वाले थे। लेकिन मौसम में हुए बदलाव के कारण उन्हें सियाचिन दौरे में बदलाव करना पड़ा।

■ शेष पृष्ठ 6 पर

मथुरा में लपटों और अंगारों के बीच से निकलेगा मोनू पंडा

मथुरा, (वार्ता)। मथुरा जिले में खेली जाने वाली लठामार होली से अलग कोसीकलां थाने के अन्तर्गत फालेन गांव में एक पंडा होली की लपटों एवं अंगारों के बीच से 24 मार्च को निकलेगा। जिलाधिकारी शैलेन्द्र सिंह ने कहा कि इस परंपरागत आयोजन के मद्देनजर सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किये गए हैं तथा एक चिकित्सक के साथ गांव में पंडे के होली से निकलने के दो घंटे बाद तक एक एम्बुलेंस खड़ी रहेगी।

केंद्र से नहीं मिल रही धनराशि, खटखटाया सुको का दरवाजा

नई दिल्ली। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने अब सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। उनका कहना है कि पानी की कमी से जूझ रहे राज्य को केंद्र सरकार से धन नहीं मिल रहा है। केंद्र से राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया कोष (एनडीआरएफ) जारी करवाने के लिए राज्य सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका लगाई है। सीएम सिद्धारमैया ने कहा, 'हमने राज्य को सूखा राहत निधि के वितरण में देरी को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ ये याचिका दायर की है।

गरमा-गरम

कांग्रेस टिकट मंथन –कांग्रेस की 11 सीटों में से 7 सीटों पर जारी हो चुके है प्रत्याशियों के नाम

कांग्रेस ने होल्ड की चार सीटे, क्योंकि दावेदारी में दिग्गजों के नाम

हेमन्त धोटे

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कांग्रेस में सीटों को लेकर लगातार घमासान जारी है। प्रत्येक सीटों के लिए चार से पांच दिग्गज अपना अपना दावां ठोक रहे हैं। इस वजह से कमेटी किसी एक नाम पर सहमति नहीं बन पा रही है। अभी तक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 7 सीटों के ही प्रत्याशी घोषित किए है और चार सीटों को अभी होल्ड कर दिया है। इस लिस्ट में छत्तीसगढ़ के लिए केवल एक ही उम्मीदवार का नाम था। बस्तर लोकसभा सीट से सीनियर नेता कवासी लखमा को उतारा गया है। जानकारी के अनुसार, बची हुई चार सीटों पर सिंगल नाम नहीं होने के कारण कांग्रेस ने उम्मीदवार नहीं घोषित किए हैं। इन चार सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर कांग्रेस में मंथन चल रहा है।

सरगुजा संभाग से तीन दावेदार

सरगुजा लोकसभा सीट को छत्तीसगढ़ कांग्रेस के कद्दावर नेता टीएस सिंहदेव का गढ़ माना जाता है। टीएस सिंहदेव इस बार अंबिकापुर विधानसभा सीट से अपना चुनाव हार गए हैं। वहीं, 2019 के लोकसभा चुनाव में भी यह सीट बीजेपी के खाते में थी। ऐसे में कांग्रेस इस सीट पर दावेदारों को लेकर मंथन कर रही है। फ़िलहाल इस सीट से शशि सिंह और मधु सिंह का नाम सबसे आगे चल रहा है।

कांकेर से लड़ सकते हैं दीपक बैज

बस्तर लोकसभा सीट से मौजूदा सांसद दीपक बैज का टिकट काट दिया गया है। दीपक बैज अभी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष हैं। ऐसे में माना जा रहा है कि पार्टी इस बार उन्हें कांकेर लोकसभा सीट से चुनाव लड़ा सकती है। कांकेर लोकसभा सीट में दीपक बैज के अलावा बीरेश ठाकुर और पूर्व मंत्री मोहन मरकाम का भी नाम शामिल है।

बिलासपुर लोकसभा सीट

बिलासपुर लोकसभा सीट पर कांग्रेस ने उम्मीदवार घोषित नहीं किया है। यहां पैनल में दो नाम होने के कारण फैसला नहीं हो पाया है। जानकारी के अनुसार इस सीट से विधायक देवेन्द्र यादव का नाम सबसे आगे है। वहीं, यहां से विष्णु यादव के नाम की भी चर्चा है।

रायगढ़ लोकसभा सीट

रायगढ़ लोकसभा सीट 2019 में बीजेपी के खाते में थी। बीजेपी अपने उम्मीदवार की घोषणा कर चुकी है। इस सीट पर तीन दावेदारों के नाम सामने आए हैं जिस कारण से पार्टी अभी तक फैसला नहीं कर पाई है। यहां से जय माला सिंह, लालजीत सिंह और चक्रधर सिदार का नाम शामिल है।

केजरीवाल के समर्थन में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन 31 मार्च को

नई दिल्ली (वार्ता)। दिल्ली के मुख्यमंत्री व आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक अरविंद केजरीवाल के समर्थन में शनिवार को आप ने इंडिया गठबंधन के घटक दलों के साथ यहाँ शहीदी पार्क में प्रदर्शन कर देश के लोकतंत्र को बचाने और तानाशाह सरकार से मुक्ति दिलाने का संकल्प लिया। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने कहा कि भगत सिंह ने 23 साल की उम्र में देश की आजादी के लिए कुर्बानी दी थी। हम आज यहां उनको सलामी देने के लिए आए हैं। भगत सिंह देश में लोकतंत्र लाने के लिए शहीद हुए थे। भगत सिंह, सुखदेव, राजगुरु, चंद्रशेखर आजाद और लाला लाजपर राय ने अंग्रेजों से कहा था कि इस देश को छोड़कर चले जाओ, हम अपने नेताओं को खुद वोट डालकर चुनेंगे। जब 1947 में देश आजाद हुआ तो हमें

■ शेष पृष्ठ 6 पर

दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...
लोकतंत्र का महापर्व 2024

लोकसभा चुनाव : कांग्रेस की चौथी सूची में 46 उम्मीदवारों के नाम

■ सूची में असम, अंडमान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा पश्चिम बंगाल शामिल

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव के लिए आज चौथी सूची जारी कर दी जिसमें 12 राज्यों के लिए कुल 46 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने यह जानकारी देते हुए बताया की पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने जिन उम्मीदवारों के नाम का चयन किया है उनके नाम चौथी सूची में शामिल किए गए हैं। पार्टी ने जिन राज्यों के लिए लोकसभा चुनाव के उम्मीदवारों के नाम घोषित किए हैं उनमें असम, अंडमान, छत्तीसगढ़, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड तथा पश्चिम बंगाल शामिल है।

कांग्रेस ने उधमपुर से हाल ही में पार्टी में शामिल हुए चौधरी लाल सिंह को टिकट दिया है जब के मध्य प्रदेश के राजगढ़ से वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह, रतलाम से कांतिलाल भूरिया, तमिलनाडु के कुरुर से एस ज्योति मणि,

शिव गंगा से ए कार्तिक पी चिदंबरम, सहारनपुर से इमरान मसूद, अमरोहा से दानिश अली, देवरिया से अखिलेश प्रसाद सिंह, हरिद्वार से वीरेंद्र रावत तथा वाराणसी से अजय राय को मैदान में उतारा है। वाराणसी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संसदीय क्षेत्र है।

राज्यों के अनुसार सूची इस तरह है

असम : लखीमपुर उदय शंकर हजारिका, अंडमान निकोबार दीप कुलदीप राय शर्मा

जम्मू कश्मीर : उधमपुर से चौधरी लाल सिंह, जम्मू रमन भाटिया

मध्य प्रदेश : सागर गुड्डू राजा बुंदेला रीवा श्रीमती नीलम मिश्रा, शहडोल एसटी फन्दे लाल सिंह मार्को, जबलपुर एडवोकेट दिनेश यादव, बालाघाट सम्राट सारस्वत होशंगाबाद संजय शर्मा, भोपाल अरुण श्रीवास्तव, राजगढ़ दिग्विजय सिंह, उज्जैन (सु) महेश परमार, मंदसौर दिलीप सिंह गुर्जर रतलाम (सु) कांतिलाल भूरिया, इंदौर अक्षय बाम।

महाराष्ट्र : रामटेक (सु) रश्मि श्याम कुमार बर्वे, नागपुर से विकाश ठाकुर, भंडारा गोंदिया प्रशांत यादव, रा पाडोले गडचिरोली से नामदेव दसानम, किरसम मणिपुर भीतरी से एके अकोईजम, मणिपुर बाहरी (एसटीसी) एके एस अर्थुर।

राजस्थान : जयपुर ग्रामीण से अनिल चोपड़ा, करौली धौलपुर (सुरक्षित) से भजनलाल जाटव, नागौर से (आरएलपी के लिए छोड़ी)।

तमिलनाडु : त्रिवल्लूर(एससी) से शशिकांत सेंथिल, कृष्णागिरी से के गोपीनाथ, करूर से एस ज्योतिमणि, गुड्डलूर से डॉ. एमके विष्णु प्रसाद, शिवगंगा से कार्ति पी चिदम्बरम, विरदूनगर से बी मणिक्कम टैगौर, कन्याकुमारी से विजय वंसत।

उत्तर प्रदेश : सहारनपुर से इमरान मसूद, अमरोहा से दानिश अली, फतेहपुर सीकरी से रामनाथ सिकरवार, कानुपर से अशोक मिश्रा, झांसी से प्रदीप जैन, आदित्य, बाराबंकी (सु) तनुज पुनिया, देवरिया से अखिलेश प्रताप सिंह, बांसगांव (सु) सदन प्रसाद, वाराणसी अजय राय।

उत्तराखंड : नैनीताल उधमसिंह, नगर से प्रकाश जोशी, हरिद्वार से विरेन्द्र रावत।

पश्चिम बंगाल : कूच बिहार(एससी) से श्रीमती पिया रॉय चौधरी।

न्यूज गैलरी

कांग्रेस ने कर्नाटक में बनाए पांच कार्यकारी अध्यक्ष

नई दिल्ली, (वार्ता)। कांग्रेस ने कर्नाटक के लिए पांच कार्यकारी अध्यक्ष तथा अन्य पदाधिकारी नियुक्त किए हैं। कांग्रेस महासचिव के सी वेणुगोपाल ने बताया कि पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खडगे ने इन सभी नियुक्तियों को मंजूरी दी है

और उन्हें तत्काल प्रभाव से अपना काम शुरु करने के लिए कहा है। उन्होंने बताया कि वरिष्ठ नेता तनवीर सैव, जीसी चंद्रशेखर, विनय कुलकर्णी, मंजुनाथ भंडारी तथा वसंत कुमार को कार्यकारी अध्यक्ष बनाया गया है। वेणुगोपाल ने बताया कि श्री विनय कुमार सोरका को चेयरमैन, डॉ एल हनुमंथा को सह अध्यक्ष और रिजवान अर्शद को वाईस चेयरमेन नियुक्त किया गया है।

हिमाचल में मतदान से पहले चार बार जांची जाएंगी ईवीएम

शिमला, (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश में चुनावों में इस्तेमाल से पहले ईवीएम और वीवीपैट को मतदान से पहले चार बार जांचा परखा जाएगा। मशीनों की पहले चरण की जांच हो चुकी है। अभी तीन चरणों की जांच बाकी है। ईवीएम के आवंटन में किसी प्रकार के भेदभाव

का आरोप न लगे, इसके लिए कंप्यूटर सॉफ्टवेयर की मदद से यह तय होगा कि किस पोलिंग बूथ को कौन सी ईवीएम मिलेगी। मतदान से पहले स्ट्रांग रूम में ईवीएम पुलिस सुरक्षा में रहेंगी और मतदान के बाद स्ट्रांग रूम के बाहर तीन स्तर का सुरक्षा घेरा रहेगा, जिसमें केंद्रीय बल भी तैनात रहेंगे। चुनाव के दौरान प्रदेश के 3,995 मतदान केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। इन मतदान केंद्रों की सभी गतिविधियां कैमरों की नजर में होंगी। हिमाचल में एक जून को होने वाले लोकसभा व विधानसभा की छह सीटों के उपचुनाव के लिए बेंगलुरु से अतिरिक्त 3,200 इलेट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) लाई गई हैं। विधानसभा चुनाव में इस्तेमाल हुई करीब 8,000 मशीनें राज्य निर्वाचन विभाग के पास पहले से मौजूद हैं। बंगलूरू स्थित निर्माता कंपनी से 3,200 ईवीएम और लाई गई हैं। मतदान से पहले प्रदेश में तैयार 12 स्ट्रांग रूम में 11,200 ईवीएम सुरक्षित पहुंचा दी गई हैं। मतदान के दौरान इनमें खराबी या किसी अन्य कारण से मतदान प्रक्रिया प्रभावित न हो, इसके लिए करीब 2,400 बीयू (बैलेट यूनिट), सीयू (कंट्रोल यूनिट) और वीवीपैट रिजर्व में रखी जाएंगी।

रेवती रमण सिंह के कांग्रेस में शामिल होने की सुगबुगाहट

■ 8 बार के विधायक, 2 बार सांसद और 1 बार के राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं

प्रयागराज, (वार्ता)। प्रयागराज के करछना विधानसभा से आठ बार के विधायक और इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद और एक बार के राज्यसभा सदस्य रह चुके कुंवर रेवती रमण सिंह की शनिवार को कांग्रेस के दो नेताओं से हुई औपचारिक मुलाकात को लेकर राजनीतिक गलियारे में उनके कांग्रेस में शामिल होने की चर्चाओं का बाजार गर्म है।

सूत्रों ने बताया कि सिंह पीजीआई में उपचार करा रहे हैं। आज उनसे कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और उत्तर प्रदेश के प्रभारी अविनाश पाण्डेय और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने अस्पताल पहुंचकर औपचारिक मुलाकात कर उनका कुशल क्षेम पूछा। चुनावी दौर में इस मुलाकात के कोई राजनीतिक निहितार्थ भी हैं या नहीं यह भविष्य के गर्त में छिपा है। सूत्रों ने बताया कि दोनों की मुलाकात से राजनीतिक गलियारे में सुगबुगाहट तेज हो गयी है। कयास लगाए जा रहे हैं श्री सिंह कांग्रेस से हाथ मिला सकते है, इसमें कोई आशचर्य वाली बात नहीं है। कांग्रेस भी 1984 के बाद इस सीट से जीत के स्वाद के लिए तरस रही है और सिंह भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को कड़ी टक्कर देने में सक्षम है।

गिलियारों में यह भी चर्चा

राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि पिछले दिनों समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव यहां आए थे लेकिन उन्होंने अपने वरिष्ठ और कद्दावर नेता से मुलाकात करना उचित नहीं समझा जिससे दोनो के बीच बढ़ती दूरियां और कांग्रेस नेताओं से मुलाकात को एक अच्छा शगुन बता रहे हैं। फूलपुर की सीट गठबंधन में सपा के पाले में चली गयी है और कांग्रेस के पास प्रयागराज (इलाहाबाद) संसदीय सीट है जिसके लिए उसे जिताऊ प्रत्याशी की तलाश है। अभी तक फूलपुर और प्रयागराज संसदीय सीट पर किसी भी दल ने अपने प्रत्याशियों के पत्ते नहीं खोले हैं। सभी एक दूसरे के प्रत्याशियों के बाद अपने जिताऊ प्रत्याशी के नाम की घोषणा करना चाहते हैं।

दिग्गजों के लिए खुले रहते हैं तमाम राजनीतिक दलों के दरवाजे

चुनाव के दौरान दिग्गज नेताओं के लिए तमाम राजनीतिक दलों के दरवाजे खुले रहते है। पार्टियां कद्दावर नेता को अपनी पार्टी को जिताऊ मानते हुए टिकट देना पसंद करती हैं।

सिंह करछना विधानसभा से आठ बार के विधायक और इलाहाबाद लोकसभा क्षेत्र से दो बार सांसद और एक बार के राज्यसभा सदस्य रह चुके हैं। उन्होंने कहा कि यदि कांग्रेस सिंह से हाथ मिलाती है तो 2024 लोकसभा चुनाव में वह भारतीय जनता पार्टी को कड़ा टक्कर दे सकते हैं। श्री सिंह की अभी तक की राजनीतिक पकड़ उनकी जनता में मजबूती को दर्शाती है। वह इलाहाबाद सीट से 2004 और दो 2009 में सपा के मजबूत प्रत्याशी थे, और उन्होंने दोनो बार यह सीट जीतकर सपा को दे चुके है। वर्ष 1984 के बाद यह सीट कांग्रस यहां से जीत के लिए तरस रही है। फूलपुर और इलाहाबाद सीट पर भाजपा का कब्जा है।

हिमाचल में 3 विधायकों ने सौंपा 'इस्तीफा' और भी लाइन में

शिमला, (वार्ता)। हिमाचल प्रदेश के तीन निर्दलीय विधायकों होशियार सिंह, केएल ठाकुर और आशीष शर्मा ने विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं के साथ मिलकर इन विधायकों ने अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठनिया को उन के शिमला स्थित आवास पर जाकर सौंपा।

अब संभावना पूरी है कि ये तीनों भाजपा में शामिल होकर फिर से भाजपा टिकट पर चुनाव लड़ें और कांग्रेस सरकार की मुसीबतें बढ़ा दें। हालत अब ये है कि 68 की हिमाचल विधनसभा में छह बागी कांग्रेस विधायकों को बाहर निकाल दिया और तीन निर्दलीय भी छिटककर इस्तीफा दे चुके हैं। ऐसे में अब मात्र 59 कि विधानसभा रह गई है। सूत्र बताते हैं कि अभी और भी विधायक इस्तीफा दे सकते हैं। बगावत मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के खिलाफहै।

आरोप है कि सिर्फ मित्रों की सरकार चल रही है और चुने हुए विधायकों को ना सम्मान मिल रहा है न कार्यकर्ताओं को। अब संकट के इस समय में सरकार कितने दिन और चलती है सबकी निगाहें टिकी है। इस बीच चुनाव आयोग ने विधानसभा उपचुनावों का शेड्यूल लोकसभा चुनावों के साथ अभी छह सीटों पर जारी किया था लेकिन अब नौ सीटों पर उपचुनाव तय माना जा रहा है।

यूपी का नंबर एक सीट...

■ सहारनपुर से कांग्रेस ने इमरान मसूद को बनाया उम्मीदवार

■ भाजपा ने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, बसपा ने जिला पंचायत सदस्य माजीद अली को उतारा

सहारनपुर, (वार्ता)। लोकसभा की नंबर एक सीट से कांग्रेस ने शनिवार को मशहूर सियासी घराने के इमरान मसूद को अपना उम्मीदवार घोषित कर दिया है। मसूद ने यूनीवार्ता को बताया कि उन्हें सहारनपुर सीट से इंडिया समूह के उम्मीदवार के तौर पर पार्टी ने टिकट दिया है। इस सीट से भाजपा ने अपने उम्मीदवार की घोषणा नहीं की है, जबकि बहुजन समाज पार्टी जिला पंचायत सदस्य माजीद अली को अपना उम्मीदवार घोषित कर चुकी है।

दिलचस्प यह है कि मौजूदा बसपा सांसद इस बार के चुनाव में मैदान में नहीं उतरे हैं। उन्होंने 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राघव लखनपाल शर्मा को 22 हजार से भी ज्यादा वोटों से पराजित किया था। इमरान मसूद इससे पहले सपा, बसपा, कांग्रेस आदि दलों में रह चुके हैं और इन दलों से चुनाव भी लड़ चुके हैं। इमरान मसूद के पिता राशिद मसूद गंगोह पालिका के चेयरमैन रह चुके हैं। उनके जुड़वा भाई नौमान मसूद भी गंगोह पालिका के चेयरमैन रह चुके हैं। उनके चाचा काजी रशीद मसूद पांच बार सहारनपुर लोकसभा सीट से सांसद रह चुके हैं और राज्यसभा के सदस्य भी रहे हैं।

दिलचस्प पहलु ये है..

दिलचस्प यह है कि इमरान मसूद के चाचा रशिद मसूद का समर्थन भी जगदीश राणा के साथ था। उस चुनावी जीत ने इमरान मसूद का कद सहारनपुर की सियासत में इतना ऊंचा कर दिया कि उनके दिग्गज राजनेता चाचा रशिद मसूद की चमक भी फीकी पड़ गई। मसूद ने 2012 और 2017 के विधानसभा चुनाव नकुड़ सीट से लड़े। 2012 में उन्हें कड़े संघर्ष में बसपा के डा. धर्मसिंह सैनी ने मामूली वोटों के अंतर से पराजित किया। इसी बीच उन्होंने 2014 का लोकसभा चुनाव सहारनपुर सीट से कांग्रेस के टिकट पर लड़ा। उस चुनाव के दौरान इमरान मसूद के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ विवादित बयान देकर चर्चा में आये, मगर इसका नुकसान उन्हे चुनाव हार कर उठाना पडा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उन्हें विधानसभा का टिकट भी नहीं दिया। कुछ माह बाद वह बसपा में मायावती के हाथी पर सवार हो गए। उन्होंने कुछ माह पूर्व सहारनपुर के नगर निगम चुनावों में अपनी भाभी के नगर निगम अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ाया जहां उनका रास्ता अखिलेश यादव ने विधायक आशु मलिक के छोटे भाई को चुनाव में उतारकर रोक दिया और भाजपा प्रतिकूल माहौल के बावजूद अपने उम्मीदवार डा. अजय सिंह को चुनाव जितवाने में सफल हो गई।

1987 में राजनीति इमरान

इमरान मसूद ने 1987 में राजनीति में प्रवेश किया था। 2001 में उन्होंने सहारनपुर नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा पर हार गए। 2006 में उन्होंने फिर से सहारनपुर नगर पालिका के अध्यक्ष पद का चुनाव लड़ा और पालिकाध्यक्ष चुने गए। इसी पद पर रहते हुए उन्होंने 2007 के विधानसभा चुनावों में सहारनपुर की बेहट विधानसभा सीट से निर्दलीय चुनाव लड़ा और मुख्यमंत्री मुलायम सिंह सरकार में काबिना मंत्री जगदीश राणा को बतौर निर्दलीय चुनाव में पराजित कर दिया।

तब जगदीश राणा सपा के उम्मीदवार थे और उनके चुनाव प्रचार में मुलायम सिंह यादव भी सहारनपुर आए थे।

दूसरी बार कांग्रेस में शामिल

बसपा में भी इमरान मसूद ज्यादा नहीं टिके और सात अक्टूबर 2023 को दूसरी बार कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस में उनके रिश्ते राहुल गांधी और प्रियंका गांधी के करीबी और विश्वास योग्य है। इस बार वे कांग्रेस उम्मीदवार बनाए गए हैं और उन्हें सपा का समर्थन भी प्राप्त है। हालांकि अखिलेश यादव इस सीट से बसपा के नाराज सांसद फजर्लुरहमान कुरैशी को चुनाव लड़ाना चाहते थे लेकिन कांग्रेस हाईकमान की जिद्द के आगे अखिलेश यादव की एक ना चली।

85 से अधिक उम्र और दिव्यांगता वाले घर से कर सकेंगे मतदान

जौनपुर, (वार्ता)। उप जिला निर्वाचन अधिकारी सह अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राम अक्षवर चौहान चौहान ने कहा है कि जिन मतदाताओं की उम्र 85 वर्ष की हो चुकी है और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता वाले दिव्यांगजन अब मतदान केंद्र पर नहीं बल्कि अपने घर बैठे मतदान कर सकते हैं।

जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के निर्देशन में शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (विरा) सह उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम अक्षयबर चौहान की अध्यक्षता में दिव्यांग मतदाताओं के लिए गठित कमेटी व समाजसेवी संस्थाओं के साथ मीटिंग हुई। अपर जिलाधिकारी राम अक्षयबर चौहान ने कहा कि मतदान के दिन मतदाताओं को कोई दिक्कत नहीं हो। दिव्यांगों और वृद्ध मतदाताओं के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। मतदाताओं की आयु 85 वर्ष से अधिक हो गई है या जो 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग हैं, उनके लिए बीएलओ द्वारा फॉर्म 12 डी भरवाया जा रहा है। ध्यान रहे जिनका यह फॉर्म भरा जाएगा उन्हीं को घर से वोट डलवाने की सुविधा उपलब्ध होगी। उन्होंने जिला दिव्यांगजन अधिकारी को निर्देशित किया गया है।

येदियुरप्पा ने मधुस्वामी के साथ सुलझाया विवाद

बेंगलुरु, (वार्ता)। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री और भारतीय जनता पार्टी के दिग्गज नेता बीएस येदियुरप्पा ने पूर्व मंत्री जे सी मधुस्वामी के साथ विवाद को सुलझा लिया है, जो आगामी लोकसभा चुनाव में टिकट नहीं मिलने से नाराज थे। येदियुरप्पा ने पूर्व विधायक जयराम के फार्महाउस पर मधुस्वामी से मुलाकात की और एक घंटे से ज्यादा समय तक बातचीत की।

उन्होंने मधुस्वामी को स्पष्ट किया कि उम्मीदवारों के चयन में उनकी कोई भागीदारी नहीं है, क्योंकि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व द्वारा उम्मीदवारों का नाम तय किया गया है।

येदियुरप्पा ने कहा, मैंने मधुस्वामी को स्पष्ट किया कि उम्मीदवारों के चयन में मेरी कोई भूमिका नहीं है और पार्टी का केंद्रीय नेतृत्व ने टिकटों का फैसला लिया है।

येदियुरप्पा ने मधुस्वामी को भाजपा में बने रहने के लिए मना लिया और श्री मधुस्वामी ने पार्टी को अपना समर्थन जारी रखने का वादा किया। पूर्व मुख्यमंत्री ने यह भी उल्लेख किया कि यह श्री मधुस्वामी को तय करना है कि वह किसी अन्य उम्मीदवार का समर्थन करेंगे या नहीं, लेकिन बैठक के दौरान इस मुद्दे पर आगे चर्चा नहीं हुई।

गुजरात में भाजपा के दो उम्मीदवार चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं

अहमदाबाद, (वार्ता)। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दो उम्मीदवार निजी कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने के इच्छुक नहीं हैं।

राज्य के वडोदरा सीट से सांसद रंजनबेन धनंजय भट्ट ने एक्स पर लिखा है कि वह अपने व्यक्तिगत कारणों से लोकसभा चुनाव 2024 लड़ने की इच्छुक नहीं हैं। इसी प्रकार साबरकांठा से पार्टी के उम्मीदवार भीखाजी ठाकोर ने भी सोशल मीडिया इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर लिखा है कि वह अपने व्यक्तिगत कारणों की वजह से साबरकांठा लोकसभा चुनाव 2024 नहीं लड़ना चाहते। भट्ट और ठाकोर के नाम पार्टी द्वारा लोकसभा चुनावों के गुजरात में भाजपा के घोषित प्रत्याशियों की सूची में थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के वडोदरा सीट से इस्तीफा देने के बाद साल 2014 में हुये उपचुनाव में भट्ट ने जीत दर्ज की थी। इसके बाद 2019 का चुनाव भी उन्होंने जीता था। वडोदरा में भाजपा के कुछ वर्गों में उनकी उम्मीदवारी को लेकर विरोध करते हुए पोस्टर प्रचार शुरू हुआ था। उसके कुछ दिनों बाद उन्होंने लोकसभा चुनाव 2024 के लिये भाजपा उम्मीदवार के रूप में चुनाव नहीं लड़ने का फैसला किया है। उल्लेखनीय है कि राज्य की सभी 26 लोकसभा सीटों पर सात मई को एक ही चरण में मतदान होगा और सभी की मतगणना चार जून को होगी।

न्यूज गैलरी

रंग और गुलाल आंखों के लिए है बेहद नुकसान दायक

डॉ. दिनेश मिश्र ने कहा आंखों के अंदर रंग व गुलाल जाने न पाए, इसका विशेष ध्यान रखा रखें

रायपुर/नवप्रदेश। अंध उन्मूलन समिति से अध्यक्ष व वरिष्ठ नेत्र एवं कान्टेक्ट लेन्स विशेषज्ञ

डॉ. दिनेश मिश्र ने होली पर आंखों व अन्य संवेदनशील अंगों को बचाकर रंग खेलने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि होली खेलें जरूर पर आंखों के अंदर में सूखा रंग व गुलाल न जाए, इसका विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। डॉ. दिनेश मिश्र ने बताया कि पहले होली प्राकृतिक वस्तुएं जैसे विभिन्न फूलों, पत्तियों, जड़ों व बीजों से तैयार रंगों से खेली जाती थी जो शरीर के लिए नुकसानदायक नहीं थे, इन रंगों के तैयार करने में भले ही समय अधिक लगता था। कम मात्रा में ही तैयार होते थे, लेकिन ये शारीरिक वातावरण के अनुकूल थे।

केमिकलयुक्त रंग हर तरह से पहुंचाते हैं नुकसान

आजकल बाजार में उपलब्ध रंग-गुलाल कृत्रिम व रासायनिक पदार्थो से बनते हैं, जो कम समय में तथा अधिकाधिक मात्रा में बनते हैं। कृत्रिम रंग सस्ते जरूर हैं लेकिन शरीर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। कृत्रिम रंग जिन रासायनिक पदार्थों से बनते हैं उनके रासायनिक गुणों के अनुरूप अम्लीय-क्षारीय होते हैं। ये केमिकल (रसायन) शरीर की त्वचा, पलकों, आंखों पर दुष्प्रभाव डालते हैं जिससे आंखों व चेहरे में जलन, खुजलाहट, सूजन, दाने आना, एलर्जी होना आदि प्रतिक्रिया होती है। यह प्रभाव अलग अलग व्यक्तियों में भिन्न हो सकता है। रंग व गुलाल में चमक के लिए अभ्रक पीस कर मिलाया जाता है जिससे त्वचा व आंखों में हानि पहुंचती है।

ऐसे पहुंचता है नुकसान

आँख के अंदर रंग गुलाल चले जाने पर आँखों को रगड़े नहीं, बल्कि उसे धीरे से निकालने की कोशिश करें। ऑंख की पुतली में रगड़ से जख्म बनाता है तथा रासायनिक पदार्थ के कारण आँख में कंजक्टीवाइटिस तथा रगड़ से कार्नियल अल्सर भी हो सकता है। रंग को सूखे कपड़े, रूमाल से धीरे-धीरे साफकर लें व पानी से धीरे-धीरे अच्छी तरह से धो लें। रंग की तेज धार, पानी व गुब्बारे जोर से फेंके जाने पर चेहरे पर आंख में चोट लग सकती है।

नि:शुल्क परामर्श शिविर आज

डॉ. दिनेश मिश्र अपने फूल चौक स्थित अस्पताल में 25 मार्च को सुबह 12 बजे से दोपहर 2 बजे तक होली में रंग खेलने से होने वाली तकलीफों के निःशुल्क परामर्श व उपचार के लिए उपलब्ध रहेंगे। उनका यह 66वां निःशुल्क होगा।

लखमा ने एक बार फिर सभी को चौकाया, बस्तर से उम्मीदवार घोषित

- कांग्रेस की लोकसभा प्रत्याशी की चौथी सूची में छत्तीसगढ़ से सिर्फ 1 कैंडिडेट का ऐलान, अभी 4 सीटों पर घोषणा बाकी

रायपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव 2024 के लिए छत्तीसगढ़ की बस्तर लोकसभा से कवासी लखमा कांग्रेस उम्मीदवार घोषित किये गए हैं। सियासी हलकों में प्रदेश के पहले चरण की बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस द्वारा घोषित प्रत्याशी पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा के संबंध में नारा बुलंद करने लगे हैंज'लखमा ने एक बार फिर दिया सब को चकमा'। बता दें कि चौथी सूची में छत्तीसगढ़ से सिर्फ 1 कैंडिडेट का ऐलान कांग्रेस की ष्टश्वष्ट ने किया है। फ़िलहाल प्रदेश की 4 सीटों पर घोषणा बाकी है।

ठेठ आदिवासी नेता और सिर्फ लंबा सा हस्ताक्षर ज्ञान रखने वाले कवासी लखमा को कांग्रेस के आला नेताओं ने उपयुक्त कंडिडेट माना है। इस फैसले से सवाल उठने लगा है कि बस्तर लोकसभा से सिटिंग स्स्क्क और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष युवा आदिवासी नेता दीपक बैज की अनदेखी करते हुए लखमा को फाइनल करने के पीछे क्या कारण हैं ? ऐसे में उनके बेटे को पैतृक सीट से विधानसभा लड़ाने और बस्तर लोकसभा से बैज और उनके बेटे की बजाये स्वयं कवासी को ही टिकिट देकर ष्टश्वष्ट नेताओं ने वजूद, बगावत और सफल कूटनीति का परिचय दिया है। वैसे भी विधानसभा चुनाव हारे पूर्व मंत्री शिव डहरिया को जांजगीर से लोकसभा टिकट दी जा सकती है तो बस्तर में लखमा तो उनकी तुलना में ज्यादा सियासी काबिलियत रखते हैं।

बैज के लिए एकमात्र उम्मीद कांकेर

सांसद बस्तर दीपक बैज की एक आखरी उम्मीद कांकेर लोकसभा सीट है। वैसे कांकेर से बैज के अलावा मोहन मरकाम, बीरेश ठाकुर भी टिकट की दौड़ में शामिल हैं। पार्टी सूत्रों का दावा है कि इन तीनों नामों के बीच अचानक प्रबल दावेदारी पूर्व मंत्री अनिला भेड़िया की तय है। अगर बैज को कांकेर से भी नाउम्मीद कर दिया गया तो बड़ी बात होगी। क्योंकि सांसद और पीसीसी चीफ रहने के बाद भी उन्हें पार्टी जितने के काबिल शायद नहीं मानती यह संदेश जायेगा।

बीजेपी कंडिडेट को दे सकते हैं टक्कर

ऐसा माना जा रहा है कि बस्तर लोकसभा के लिए बीजेपी प्रत्याशी महेश कश्यप को कांग्रेस से लखमा ही टक्कर दे सकते हैं। हालांकि इसमें कितनी सच्चाई है यह तो परिणाम के बाद ही समझ आएगा, लेकिन बस्तर में नाम, चेहरा और कमोबेश पूर्व मंत्री रहने से आर्थिक स्थिति भी उनके फेवर में है। इसके उलट बीजेपी प्रत्याशी महेश कश्यप भी नाम तो रखते हैं लेकिन उनकी पार्टी और मोदी गारंटी साय का सुशासन एक बड़ा प्रभाव डालती दिक् रही है। लबोलुआब यह कि लखमा के प्रत्याशी घोषित होते ही बस्तर में लोकसभा संग्राम बराबरी का हो गया है।

इन वजहों से चुना गया नाम

लखमा अपने बेटे की टिकिट के लिए दिल्ली में स्थानीय आदिवासी नेताओं की जमघट लेकर डेरा जमाये हुए थे। पार्टी नेता उनकी सादगी और अढियाल रव्वैये से भी वाकिफ है। चर्चा तो यह भी है कि अगर उनकी अनदेखी कर बैज को टिकिट मिलती तो वे बगावत भी कर सकते थे।

मोदी की गारंटी और जनता के विश्वास से हासिल होगा 400 पार का लक्ष्य : अरुण

- लोकसभा का यह चुनाव विश्व पटल पर भारत देश की एक नई दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव है
- जो राम का नहीं वो देश में किसी काम का नहीं है

महासमुन्द/रायपुर। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने विधानसभा स्तरीय सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि लोकसभा का यह चुनाव विश्व पटल पर भारत देश की एक नई दिशा और दशा तय करने वाला चुनाव है।

भाजपा कार्यकर्ताओं का उत्साह बता रहा है कि भारत देश को विकसित राष्ट्र बनाकर विश्वस्तरीय पहचान दिलाने वाले विश्व के लोकप्रिय जननायक, मां भारती के सच्चे सपूत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने का शंखनाद हो चुका है। प्रधानमंत्री मोदी जी की गारंटी पर भरोसा करते हुए जनता ने कांग्रेस की भूपेश सरकार को प्रदेश की सत्ता से बेदखल कर साबित कर दिया है देश और प्रदेश का विकास, भाजपा की सरकार के कार्यकाल में ही साकार होगा। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि मोदी जी की दी हुई गारंटी वाली महत्वपूर्ण वायदों को प्रदेश की भाजपा सरकार ने महज 100 दिन के भीतर पूरा करके दिखाते हुए बता दिया है कि भाजपा की सरकार जो कहती है वही करती है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी की सरकार ने 100 दिन के भीतर किसानों को 3100 रुपये की दर से धान खरीदी की7 अंतर की राशि प्रदेश के सभी किसानों को एकमुश्त प्रदान किया है7 3716 करोड़ रुपये 2 साल का पिछला बकाया बोनस, 70 लाख से अधिक माताओं बहनों को महतारी वंदन योजना के माध्यम से 1000 रुपये प्रतिमाह देने कि शुरुआत हो चुकी है7 हमारे धर्म संस्कृति और गौरव के प्रतीक भगवान श्रीराम जी की 22 जनवरी को अयोध्या में हुए प्राणप्रतिष्ठा समारोह को कांग्रेस पार्टी के नेताओ ने ठुकराकर साबित कर दिया है। उन्होंने राष्ट्रधर्म का अपमान किया है। देश की जनता और भाजपा के कार्यकर्ताओं ने ठान लिया है कि जो राम का नही वो देश में किसी काम का नही है। पूरे देश की जनता का विश्वास और जनसमर्थन मोदी जी के साथ है और लोकसभा में भाजपा इस बार 400 पार के लक्ष्य को अवश्य ही कार्यकर्ताओ के दम पर हासिल करेगी। सांसद चुन्नीलाल साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की विकास कार्यो की राशि को भूपेश बघेल की सरकार ने जनहित के बजाय घोटाले और भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ा दिया।

भाजपा का लक्ष्य हर बूथ पर विजय का है – टंकराम वर्मा

खेल, युवा, राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनावों की तारीख का एलान हो चुका है और हम सभी का लक्ष्य इस बार भी हर बूथ पर भाजपा की विजय का है7 देश को आत्मनिर्भर बनाने के लिए मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की गारंटी सभी कार्यकर्ताओं को भी देनी होगी7 आगामी 26 अप्रैल को हम सभी मिलकर अपने बूथों में भाजपा के पक्ष में सर्वाधिक मतदान का संकल्प लेकर यहा से जाए।

थालेसिमिया के मरीजों को रक्त देकर सम्मानित हुई महिलाएं

रायपुर। प्रत्युषा फाउंडेशन छः ग द्वार 23 मार्च 2024 को सुबह 10बजे से दोपहर 2बजे तक जयदीप ब्लड बैंक मोवा रायपुर में प्रदेश की विभिन्न शहरों की रक्तदान करने वाली महिला शक्तियों को अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रक्तदान वीरा सम्मान आयोजन किया गया संस्थापक अध्यक्ष प्रीति दास मिश्रा ने बताया कि कार्यक्रम के सम्मानित अतिथिगण राष्ट्रीय मानव अधिकार आयोग सलाहकार सदस्य शताब्दी सुबोध पांडे, गवर्मेंट एम्प्लॉय रेलवे विशाखा बेहर , रामवृत तिवारी,श्रीमाल ग्रुप्स ऑफ कंपनीज के संस्थापक गुणा निधि मिश्रा सौरभ मिश्रा के द्वारा मां भारती के फोटोफ्रेम में माल्यार्पण कर दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम की विधिवत शुरुवात की छत्तीसगढ़ की 4 संभागों की सम्मिलित होने वाली अलग अलग समाज की महिला जिन्होंने रक्त दान किया उन महिलाओ का पौधा और स्मृति चिन्ह दे कर सम्मानित किया

आज महिलाओ द्वारा ग्यारह यूनिट ब्लड डोनेट कर थालेसेमिय के मरीजों को उपहार स्वरूप भेंट किया गया ऐसी महिलाएं जिन्होंने अब तक 28 बार रक्तदान वैशाली पुरोहित नाव्या शर्मा 15 बार शोभा मिश्रा 12 बार नीलिमा यादव अदिति पटेल फायर एक्सपर्ट जी एस श्रीश्रीशा बी शैलजा 36 महिलाओं का सम्मान किया गया आज महिलाओ द्वारा 11 यूनिट ब्लड डोनेट कर थालेसेमिय के मरीजों को उपहार स्वरूप भेंट किया गया जयदीप ब्लड बैंक के विवेक शानू इस कार्यक्रम की कार्यक्रम संयोजिका सुमन पांडे मंच संचालिका रंजीता मिश्रा शशि यादव नीला बघेल आशा श्रीवास सरोज सिंह नीतू शर्मा अदिति राठौर अंजना पिथलिया जयदीप ब्लड बैंक के पूरे स्टॉफ शामिल हुए।

रायपुर प्रेस क्लब में छत्तीसगढ़ की संस्कृति के रंग बिखरे

- 60 साल के जीवन में ऐसी होली पहली बार: विष्णुदेव साय
- रायपुर प्रेस क्लब का ये अनुभव मैं कभी भूल नहीं सकता

रायपुर/नवप्रदेश। स्व मधुकर खेर स्मृति रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में इस बार छत्तीसगढ़ की संस्कृति के रंग बिखरे। होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शामिल हुए। इस मौक़े पर उन्होंने सभी को रंगों के त्योहार होली की शुभकामनाएं दी और कहा, रायपुर प्रेस क्लब की नयी युवा टीम के इस आयोजन को मैं कभी भूल नहीं पाऊंगा, क्योंकि 60 साल के अपने जीवन में मेरे लिये होली का ऐसा अनुभव बेहद ख़ास है।

होली के मौक़े पर रायपुर प्रेस क्लब पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को टोपी के साथ सब्ज़ियों की माला पहनाई और कटहल भेंट किया। विधायक अनुज शर्मा के फाग की धुन में मुख्यमंत्री भी रम गए और नंगाड़े पर हाथ आज़माया। कार्यक्रम में डिप्टी सीएम अरुण साव, विधायक अनुज शर्मा, विधायक पुरंदर मिश्रा, बीजेपी मीडिया सेल के अध्यक्ष अमित चिमनानी, कांग्रेस संचार विभाग के प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला, सीएम के निज सचिव तुलसी कौशिक समेत बीजेपी-कांग्रेस के प्रवक्तागण और बड़ी संख्या में पत्रकार शामिल हुए। होली मिलन समारोह के अवसर पर वरिष्ठ पत्रकारों ने आयोजन की सराहना की और याद किया कि काफी सालों पहले ऐसी होली रायपुर प्रेस क्लब में हुआ करती थी। नई युवा और रचनात्मक टीम के आने के बाद फिर वो गरिमामय दौर लौट आया है। इस अवसर पर रायपुर प्रेस क्लब के होली विशेषांक ' सेन्सलेस टाइम्स' का विमोचन किया गया, जिसे उल्टी खोपड़ी के नाम से मशहूर पत्रकार सुधीर आज़ाद तम्बोली और उनकी टीम ने तैयार किया है, जिसमें अरविंद सोनवानी, गंगेश द्विवेदी, पीसी रथ, अजीत शर्मा, मृगेंद्र पांडेय, प्रमोद साहू, दानिश अनवर, श्रीमती रेणु तिवारी और सागर फ़रिकार शामिल हैं।

रायपुर प्रेस क्लब के होली मिलन समारोह में छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार शामिल हुए। डायरेक्टर सतीश जैन व मनोज वर्मा ने होली की बधाई दी तो लोकगायक सुनील सोनी ने अपनी आवाज के जादू से माहौल रंगीन कर दिया। लोकगायक अनुराग शर्मा ने अपने गीतों से होली का उत्साह दोगुना किया तो पंडवानी गायिका दुर्गा साहू ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का परिचय दिया। लोकगायिका भूमिका साहू, दीपिका-दीक्षा धनगर और मिथलेश्वरी सेन ने रायपुर प्रेस क्लब की होली में रंग जमाया।

रायपुर प्रेस क्लब अध्यक्ष प्रफुल्ल ठाकुर ने अपनी कार्यकारिणी के साथ मिलकर होली के आयोजन में सभी का स्वागत किया और रंगों के उत्सव की बधाई दी, महासचिव डॉ वैभव शिव पांडेय ने व्यंग्य बाण दागे! इस दौरान उपाध्यक्ष संदीप शुक्ला, कोषाध्यक्ष रमन हलवाई, संयुक्त सचिव तृप्ति सोनी व अरविंद सोनवानी ने भी अतिथियों का स्वागत किया।

राजधानी रायपुर पुलिस की कार्रवाई

होली त्यौहार के मद्देनजर रायपुर पुलिस ने लगाए पांच फिक्स पिकेट्स

रायपुर/नवप्रदेश। होली त्यौहार के मद्देनजर रायपुर पुलिस की सघन चेकिंग अभियान अपना असर दिखने लगी है। चेकिंग अभियान कार्यवाही में 05 अलग - अलग स्थानों में फिक्स पिकेट्स लगाकर जांच की गई। चेकिंग के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर की वाहनों, काली फिल्म वाली चारपहिया वाहनों सहित दोपहिया वाहन में 03 सवारी घुमने वाले कुल 970 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् की कार्रवाई की गई।

1,000 से अधिक दोपहिया/चारपहिया वाहनों की चेकिंग करते हुए शराब पीकर वाहन चलाने वालों, बिना नंबर की वाहनों, काली फिल्म वाली चारपहिया वाहनों सहित दोपहिया वाहन में 03 सवारी घुमने वाले कुल 970 वाहन चालकों के विरूद्ध मोटर व्हीकल एक्ट के तहत् कार्यवाही की गई है तथा चेकिंग अभियान लगातार जारी है।

थाना क्षेत्रों में भी चेकिंग करने के साथ ही विजिबल पुलिसिंग के अंतर्गत पैदल पेट्रोलिंग, वाहनों में पेट्रोलिंग, क्राईम प्रिवेंशन पेट्रोलिंग (सी.पी.पी.) सहित 112 की टीमों द्वारा कर भीड़-भाड़ वाले स्थान, सार्वजनिक स्थान/सूनसान स्थान में जमवाड़ा लगाकर नशा करने वालों, गुटबाजी/अड्डेबाजी करने वालों, संदिग्ध व्यक्तियों, असमाजिक तत्वों पर राजधानी पुलिस की पैनी निगाह है।

संदिग्ध व्यक्तियों के वाहनों की डिक्की, धारदार/बटनदार चाकू रखकर घुमने वालों सहित आम स्थानों पर शराब पीने, शराब पीने हेतु स्थान उपलब्ध कराने, सार्वजनिक मैदान, पार्क, चौक - चौराहों एवं सार्वजनिक स्थान पर चार पहिया वाहन के अंदर बैठकर शराब पीने वालों की भी चेकिंग की जा रहीं है।

सुविचार

आपके जीवन का प्रथम और अंतिम लक्ष्य स्वयं के साथ आत्म साक्षात्कार करना होना चाहिए। यदि आप खुद को जान गये तो आपका जीवन सफल हो जाएगा। - अज्ञात

संपादकीय

होली का स्वरुप विकृत न हो

हमारा भारत एक पर्व प्रधान देश है। बारहों महीने छोटे-बड़े त्यौहार मनाए जाते हैं। व्यस्त जीवन शैली और भाग दौड़ के बीच ऐसे त्यौहार हमें आनंद की अनुभूति कराते हैं। हिन्दुओं के प्रमुख पर्वों में दीपावली के बाद होली दूसरा सबसे बड़ा पर्व है। बसंत के आगमन के प्रतीक होली पर्व को बुराई पर अच्छाई की जीत के रुप में भी देखा जाता है। यह इन्द्र धनुषी रंगों का पर्व सामाजिक समरसता का भी संदेश इतो है। जिसमें छोटे बड़ें,ऊंच नीच और अमीर-गरी के बीच कोई भेद नहीं रह जाता है। होली के दिन तो लोग पुराने गिले शिकवे भूलकर गले मिल जाते हैं और एक दूसरे को रंग गुलाल से रंग कर खुशी मनाते हैं। भारत में होली पर्व को लेकर कई किवदंतियां प्रचलित है। जिसमें प्रमुख है भक्त प्रहलाद की कहानी। हिरण्यकश्यप नामक दैव्य के यहां प्रहलाद का जन्म होता है, जो विष्णु भगवान का भक्त हो जाता है। यह बात उसके पिता को पसंद नहीं आती और वो अपने ही पुत्र भक्त प्रहलाद को जलाकर मारने के लिए अपनी बहन होलिका की मदद लेता है। किंतु होलिका खुद जल जाती है और भक्त प्रहलाद बच जाते हैं। बाद में भगवान विष्णु नरसिंह अवतार लेकर हिरण्यकश्यप का वध करते हैं। इस तरह बुराई पर अच्छाई की जीत के साथ में होली पर्व प्राचीन काल से मनाया जा रहा है। अब तो होली पर्व दुनिया के कई देशों में भी पूरे उत्साह के साथ मनाया जाने लगा है। यह हम भारतीयों के लिए गर्व की बात है किंतु पिछले कुछ सालों से होली का स्वरूप विकृत होता जा रहा है। जो चिंता का विषय है। होली के दिन शराब के नशे में चूर लोग होली के नाम पर ऐसी हुड़दंग करते हैं कि सभ्य और सुसंस्कृत परिवार को इस पर्व के दिन अपने-अपने घरों में कैद रहना ही मुनासिब समझता है। होलिका दह के लिए हरे भरे पेड़ों की कटाई की जाती है और इसके लिए लोगों से जबरन चंदा वसूली करना और उन पैसों से नशा कर हुड़दंग मचाना आम बात हो गई है। इस तरह के कृत्यों से होली का स्वरुप विकृत होता जा रहा है। इसके पहले कि पानी सिर से ऊंचा हो जाए और होली के रंग फीके पड़ जाए होली को विकृत होने से बचाना जरुरी है। ताकि हमारे इस प्राचीन पर्व की गरिमा बनी रहे। शासन प्रशान होली पर्व को शांति पूर्वक मनाने की अपील करता है। इस पर्व के पूर्व हर थाना क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक होती है। लोगों से पारस्परिक सद्भाव बनाए रखने का अनुरोध किया जाता है। आदतन अपराधियों की धर पकड़ भी की जाती है। इन तमाम प्रयासों के बावजूद होली पर्व के दौरान हिंसक घटनाएं होती है। नशे में धुत लोग अप्रिय घटनाओं को अंजाम देते हैं। ऐसा भविष्य में न हो और होली पर्व की पावनता बनी रहे इसके लिए जागरुक सामाजिक संगठनों को भी आगे होना होगा। समवेत प्रयास से ही होली के स्वरूप को विकृत होने से बचाया जा सकता है। इस साल की होली शांति और सद्भाव से मने इसी मंगल कामना के साथ दैनिक नवप्रदेश परिवार की ओर से समस्त सुधि पाठकों और देशवासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

रंगों के पर्व होली से जुडी पौराणिक कथा!!

ये वाक्य भगवान श्री कृष्ण ने कुरुश्रेत्र मे महाभारत के युध्द के दौरान अर्जुन को, गीता का उपदेश देते हुए बताया था! इस बात का जिक्र हम इसलिए कर रहे हैं क्यूंकि होली का पर्व निकट है और होली का पर्व भक्त प्रह्लाद को याद किये बिना पूरा नहीं सो सकता। होली हम सारे देश में बड़ी धूम-धाम और उमंगों से मनाते हैं, इस पर्व को मनाने के पीछे की कथा बहुत पुरानी है लेकिन आज भी यह उतनी ही प्रांसगिक है जितना पहले हुआ करती थी।

वैसे तो सारे धर्मो के सभी पर्व सद्भाव और आपसी मेल-जोल के उद्देश्य से बनाए गए हैं। लेकिन फिर भी सभी पर्वो के पीछे एक विशेष प्रेरक प्रसंग होता है। होली का त्योहार हिरण्यकश्यप के गुरूर को तोड़ने और उसके पुत्र भक्त प्रह्लाद की आस्था के विजय की कहानी है।

गुरुकुल मे भक्त प्रह्लाद ने अपने भजन
राम नाम लड्डु,गोपाल नाम घीऊ।
हरि नाम मिश्री घोर-घोर पीऊ।।

से बहुत से बच्चो को अपने प्रभाव मे कर लिया था। जब ये बात प्रह्लाद के गुरु ने उनके पिता हिरण्यकश्यप को बताई, तब हिरण्यकश्यप अत्यंत क्रोधित हुआ क्यूंकि हरिण्यकश्यप स्वयं को भगवान मनाता था और भगवान का घोर विरोधी था और अपने प्रभाव के कारण उसने अपने राज्य में ईश्वरभक्ति पर पूरी तरह से पाबंदी लगा दी थी।

लेकिन स्वयं उसका पुत्र प्रहलाद परम ईश्वर भक्त निकला। हिरण्यकश्यप ने प्रहलाद को कठोर यातनायें भी दीं, उसने प्रह्लाद को पहाड़ की उँची चोटी से नीचे फेकवाया, हाथी से कुचलवाया पर श्री हरि विष्णु के कृपा से इनका कुछ नही बिगाड़ा जा सका और प्रह्लाद की भक्ति पर इन सब का कुछ असर नहीं हुआ ।

अंत में हर प्रकार से पराजित होकर हिरण्यकश्यप ने उन्हे मृत्युदंड देने का कठोर फैसला लिया और अपनी बहन होलिका से मदद मांगी। होलिका को ये वरदान प्राप्त था कि आग उसे जला नहीं सकती थी इसलिए होलिका भक्त प्रह्लाद को गोद में लेकर आग में बैठ गई, लेकिन अधर्म का साथ देने की वजह से होलिका जल गई और भक्त प्रह्लाद बच गए।

नीरज मनजीत

> *इसी मक़ाम पर सत्ता की राजनीति और बाज़ार की ताक़तों से उनका मुक़ाबला था और उनकी नैतिकता, सादगी, शुचिता की परीक्षा भी थी। अफ़सोस कि वे इस इम्तिहान में फेल हो गए और सत्ता की राजनीति तथा बाज़ार की शक्तियों ने उन्हें अपने शिकंजे में ले लिया। इस पूरी कथा का सर्वाधिक ख़राब अध्याय यह है कि जैसे जैसे वे राजनीति के इलाके में आगे बढ़ते गए, वैसे वैसे ईमानदारी और सादगी पर से उनका खुद का भरोसा कम होता चला गया। उन्हें लगा कि आगे का रास्ता वे असत्य, प्रपंच और आडंबर के जरिए ही तय कर सकते हैं, जैसा कि आज की अधिकांश पार्टियाँ कर रही हैं। राजनीति के आगे के सफ़र के लिए अगर उन्हें पैसों की जरूरत थी, जो कि पड़ती ही है, तो उन्हें आम जनता के बीच जाना चाहिए था। वे आम लोगों से अपील करते, तो जनता ही थोड़ी थोड़ी राशि इकट्ठा करके उनके उम्मीदवारों को चुनाव लड़वा सकती थी। अगर वे ऐसा कर पाते, तो उन्हें जनता अपना वोट भी देती और पैसा भी। सच कहा जाए तो अरविंद केजरीवाल भारतीय राजनीति की दशा और दिशा बदलने का एक बहुत बड़ा अवसर चूक गए।*

एक 'आम आदमी' के बदलने की खास कहानी

किसी विचारक ने कहा था कि 'पॉवर पॉलिटिक्स और बाज़ार अच्छे से अच्छे शख़्स को बदलने, उसे कुचलने की ऐसी ताक़त रखते हैं, जिससे पार पाना असंभव की हद तक मुश्किल है।' अरविंद केजरीवाल इस तथ्य की सबसे बड़ी मिसाल हैं। केजरीवाल भारतीय राजनीति में सत्ता की राजनीति को बदलने का वादा लेकर सामने आए थे, मगर देखते ही देखते पॉवर पॉलिटिक्स ने उन्हें ही बदलकर रख दिया। महाकाय बाज़ार की ताक़तों ने कब उन्हें तक़रीबन कुचल दिया, उन्हें पता ही नहीं चला। पिछले पाँच दशकों से हम देख रहे हैं कि राजनीति के प्रथम और सबसे बड़े लक्ष्य 'समाज सेवा और जनकल्याण' का क्षरण हुआ है। इस लक्ष्य के साथ सत्ता हासिल करने और सत्ता में बने रहने का खेल कुछ इस तरह से समांतर रूप से चलने लगा कि नैतिकता शुचिता और न्याय की बातें दूसरे क्रम में चली गई हैं।

2011 में एक भोले-भाले, मासूम आंदोलनकारी सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उभरकर सामने आए केजरीवाल को हमने एक शातिर आरोपी राजनेता के तौर पर बदलते देखा है। अन्ना हजारे जब जन लोकपाल बिल लागू करने की माँग को लेकर अनशन पर बैठे थे, तो केजरीवाल उनके प्रमुख सहयोगी थे। बहुत से अन्य सहयोगियों के साथ मिलकर उन्होंने एक प्रभावशाली संगठन 'इंडिया अगेंस्ट करप्शन' का गठन किया था। 2012 में वे अन्ना हजारे की मर्जी के ख़िलाफ़ आम आदमी पार्टी को लेकर राजनीति में उतरे थे। उनके बहुत से मित्रों का कहना था कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ाई को आंदोलन के तौर पर ही चलाया जाना चाहिए। मगर केजरीवाल की स्पष्ट राय थी कि बिना राजनीति में उतरे सियासत की गंदगी साफ नहीं की जा सकती। हम मानते हैं कि इस मक़ाम पर केजरीवाल बिल्कुल ठीक सोच रहे थे। वे राजनीति में शुचिता, सदाचार, सादगी, नैतिकता और ईमानदारी का वादा लेकर आए थे। राजनीति में भ्रष्टाचार मिटाने के वादे को उन्होंने अपने एजेंडे में सबसे ऊपर रखा था। आप उस वक़्त के उनके भाषणों पर गौर करें। वे सादगी और ईमानदारी पर पूरी विश्वसनीयता से बड़ी बड़ी बातें कर रहे थे। वे बड़े ही गुस्सैल अंदाज़ में नाम लेकर भ्रष्टाचारी राजनेताओं को कोस रहे थे। उनके शब्दों में आकर्षण और भरोसा था। उनकी सीधी सादी भाषा दिल में उतर जाती थी।

उनके इसी अंदाज पर फ़िदा दिल्ली वासियों ने उन्हें अभूतपूर्व समर्थन देकर तीन बार मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाया । शुरुआत में वे शिक्षा, स्वास्थ्य और आम जनता की बुनियादी जरूरतों को लेकर बहुत ही अच्छा काम करते प्रतीत हो रहे थे। दिल्ली जीतने के बाद उनकी आकांक्षाएं महत्वाकांक्षाएँ बढ़ीं, तो वे अपनी पार्टी को दूसरे राज्यों में ले गए। वे यदि अपनी पार्टी को राष्ट्रीय पार्टी का दर्जा दिलाने की महत्वाकांक्षा रखते थे, तो इसमें कोई बुराई नहीं थी। उनकी राजनीतिक यात्रा का यही वह मक़ाम था, जहाँ फ़िसलन सबसे ज़्यादा थी। इसी जगह से उन्हें पैर जमाकर धीरे धीरे आगे बढ़ने की जरूरत थी। बदक़िस्मती से वे ऐसा नहीं कर सके और फ़िसलते चले गए। इसी मक़ाम पर सत्ता की राजनीति और बाज़ार की ताक़तों से उनका मुक़ाबला था और उनकी नैतिकता, सादगी, शुचिता की परीक्षा भी थी। अफ़सोस कि वे इस इम्तिहान में फेल हो गए और सत्ता की राजनीति तथा बाज़ार की शक्तियों ने उन्हें अपने शिकंजे में ले लिया। इस पूरी कथा का सर्वाधिक ख़राब अध्याय यह है कि जैसे जैसे वे राजनीति के इलाके में आगे बढ़ते गए, वैसे वैसे ईमानदारी और सादगी पर से उनका खुद का भरोसा कम होता चला गया। उन्हें लगा कि आगे का रास्ता वे असत्य, प्रपंच और आडंबर के जरिए ही तय कर सकते हैं, जैसा कि आज की अधिकांश पार्टियाँ कर रही हैं। राजनीति के आगे के सफ़र के लिए अगर उन्हें पैसों की जरूरत थी, जो कि पड़ती ही है, तो उन्हें आम जनता के बीच जाना चाहिए था। वे आम लोगों से अपील करते, तो जनता ही थोड़ी थोड़ी राशि इकट्ठा करके उनके उम्मीदवारों को चुनाव लड़वा सकती थी। अगर वे ऐसा कर पाते, तो उन्हें जनता अपना वोट भी देती और पैसा भी। सच कहा जाए तो अरविंद केजरीवाल भारतीय राजनीति की दशा और दिशा बदलने का एक बहुत बड़ा अवसर चूक गए।

उनकी गिरफ़्तारी के बाद अब राजनीति के एक नए प्रहसन की शुरुआत हो गई है। जो लोग कह रहे हैं कि इस गिरफ़्तारी के बाद केजरीवाल की राजनीति ख़त्म हो गई है, वे अच्छे खासे मुगालते में हैं। असत्य, प्रपंच, आडंबर और ढिठाई के जिस राजनीतिक फ़लसफ़े को जन्म दिया गया है और धीरे-धीरे जिसे प्रहसन की शक्ल में ढाल दिया गया है, उसका अंतिम परिणाम आना अभी शेष है।

पिछले साल नवंबर माह में उन्हें ईडी का पहला समन मिला था। तब से लेकर आज तक वे और उनके सहयोगी इस मामले पर पर्दा डालने के लिए असत्य, आडम्बर और ढिठाई का रवैया ही अपनाए हुए हैं। सच तो यह है कि अरविंद केजरीवाल और उनके तमाम सहयोगियों के मुखौटे तार तार हो चुके हैं और असली चेहरे जनता के सामने हैं। इन चेहरों को छिपाने की कोशिशें उन्हें और बेपर्दा करती जा रही हैं।

कविता

होली

रंग बिरंगी होली आई,
धूम मचाती होली आई!
फागुन का मौसम हैं,
रंगो का त्यौहार हैं!

चारों ओर गुलाल उड़ते हैं!
रंग-बिरंगे पिचकारी चलते हैं
हम सब मिल-जुलकर,
रंग-बिरंगे होली खेलते हैं!

ढोल नगाड़े बजाते हैं,
खुशियों से नाचते गाते हैं!
एक दूजे को रंग लगाकर,
सबको गले लगाते हैं!

मस्ती में सब झूमते हैं,
गली-गली में रंग छिड़कते हैं!
हर्ष उल्लास के साथ,
रंग उत्सव मनाते हैं!

कृष्णा चौहान
अमेरी, तह.-बरमकेला
जिला-सारंगढ़-बिलाईगढ़(छ.ग.)
मो.न.-6260891787

पाठकों की बात

पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

शब्दों के छोरों को पकड़

शब्दों के छोरों को पकड़ अर्थ का मर्म भेद गहराई लिए आना चाहती हूँ पटल पर , अलंकारिक होकर भीड़ में खोना नहीं चाहती... सादगी लिए उतरना चाहती हूँ पन्नों पर ताकि हर मन को छू जाऊं और हर दिल की कविता हो जाऊं...

- सीमा नागर तुली

न्यू एज भगत सिंह बनना

न्यू एज भगत सिंह बनना था जिसको....शराब में दलाली कमा बैठा...जो करने आया था साफ राजनीति...खुद अपना जमीर गवां बैठा...आम आदमी से हुआ था आगाज़ उसका... खास बनने में उसे देर न लगी...बड़ा शातिर निकला वो क्रांतिकारी...शराब के लिए अपनी इज्जत गवां बैठा...

- कुमार संतोष

खास पाती

यह दुनिया बहुत सयानी है

यह दुनिया बहुत सयानी है अक्सर रिश्तों में बेगानी है कविता तुम मेरा साथ न छोड़ना कविता तू तो सबकी पीर जाने शब्द अपने ही अर्थ को सही माने बेगाना लिखूँ या शीलता लिखूँ ताल लिखूँ या छन्द लिखूँ तुम आश्वासनों की कविता तुम आशाओं की फसल हो तुम साँसों के क्रय-विक्रय की कविता दर्पण रही हो तुम जीवन की कविता तू मेरा साथ न छोड़ना कविता गर तू नहीं तो मैं भी नहीं मैं कलमकार तुम नवाचार तू तो जीवन की कर्म-कुंडली है कविता तू मेरा साथ न छोड़ना कविता नहीं तो अनिता नहीं।

- अनिता कपूर

बरसों बाद कल वो मिला

बरसों बाद कल वो मिला उसने पूछा- कैसे हो मैं बोला-ठीक हूं आज फिर उसका वही सवाल था मेरा वही जवाब था सच वो भी जानता होगा कि ठीक का मतलब हर बार ठीक नहीं होता लेकिन जब हम एक दूसरे से दुःख नहीं बांट सकते तब भी जिसके साथ कभी दुःख बांटे थे शायद उसकी आवाज़ सुनने का लालच बना रहता है

- डॉ. फतेह सिंह भाटी

चलिए कोई और नई शिनाख्त ढूंढी जाए

चलिए कोई और नई शिनाख्त ढूंढी जाए अपनी कि आदम के वारिस तो अब के आदमी नहीं रहे ज़मीं आस्मां हिलाने वाले जग फतह करने वाले हैं सब कुछ मगर इंसान तो अब लाज़मी नहीं रहे

- जावेद उस्मानी

अभी हारी नही हूं मैं यकीनन

अभी हारी नही हूं मैं यकीनन कई बंसत निकल चुके उम्र के मोती भी पिघल चुके हंसती हूं हंसाती हूं दुखयारी नही हूं मैं अभी हारी नही हूं मैं बिखरी हूं थोडा पर खुद से फिर संभली हूं घोट कर गला हर सपने का हर रिश्ते पर भारी हूं मैं अभी हारी नही हूं मैं तोडते हो तुम मुझे मेरी सीमाऐं बताकर झकझोरते हो मुझको मेरी हदें समझा कर सहेज लेती हूं दुनिया को अनारी नही हूं मैं अभी हारी नही हूं मैं अनगिनत वर्षो से तुमने मुझको ललकारा है मेरी सरलता को तुमने अबला कह डाला है मरहम हूं घावों का कोई बीमारी नही हूं मैं अभी हारी नही हूं मैं

- रेणु मनोज श्रीवास्तव

मैं बहुत दूर निकल आई हूँ

मैं बहुत दूर निकल आई हूँ मुझे रोकने की कोशिश न कर। परवाह नहीं किसी की अब न है मुझे किसी और का डर। बहुत हिम्मत लगी है मुझे खुद के वजूद की तलाश में। बाँध के मेरे पैरों में फिर से बेड़ियाँ अपाहिज बनाने की हिमाकत न कर। मैं कुछ अलग हूँ ये तुम्हें भी पता है मुझसे मेरी पहचान तू जुदा न कर मेरे मौन की भी अपनी कुछ मर्यादा है, मुझे अमर्यादित होनें पर विवश न कर। मेरा सफर बहुत लम्बा है मेरे दोस्त, मुझे रोकने की तू कोशिश न कर।

- सपना परिहार

इतना भी आसान नहीं है किसी को प्रेम करना

इतना भी आसान नहीं है किसी को प्रेम करना प्रेम वही कर सकता है जो दुख सहने की क्षमता भी रखता है जो उस विरह उस वेदना को भी वैसे ही स्वीकार करता है जैसे प्रेम में जिये हुए सुख के पल

- राज गंगवार

प्रेरक प्रसंग

गुरु का सम्मान

कवि इकबाल को अरबी, फारसी का विद्वान् बनाने का श्रेय उनके गुरु मौलवी मीर हसन को था। इकबाल में शायरी के प्रति रुचि जाग्रत् करने वाले भी यही मौलवी साहब थे। अतः अपने गुरु के प्रति इकबाल जीवन भर श्रद्धा व्यक्त करते रहे। एक बार अंग्रेजी सरकार ने प्रसन्न होकर इकबाल को 'सर' की उपाधि से सम्मानित किया। इकबाल ने वह उपाधि लेने से इनकार करते हुए कहा- जब तक मेरे गुरु का सम्मान नहीं किया जाता, तब तक मैं किसी भी उपाधि को ग्रहण करने का अधिकारी नहीं हूँ, क्योंकि आज की स्थिति तक पहुँचाने वाले तो मेरे गुरु ही है। इकबाल की शर्त मंजूर कर ली गई। पहले उनके उस्ताद मीरहसन को 'शम्सन्उल-उलेमा' का खिताब दिया गया और बाद को इकबाल ने उपाधि धारण की। आज जब शिष्यों द्वारा गुरुओं का घेराव किया जा रहा हो और उनकी बात को उपहास के रूप में माना जा रहा हो, उस समय यह घटना प्रकाश की एक किरण के समान दोनों को अपने संबंध सुधारने के लिए प्रेरणा प्रदान कर रही है।

हाथी और बकरी की कहानी

एक जंगल में एक हाथी और एक बकरी रहते थे। दोनों बहुत पक्के दोस्त थे। दोनों साथ में मिलकर हर दिन खाने की तलाश करते और साथ में ही खाते थे। एक दिन दोनों खाने की तलाश में अपने जंगल से बहुत दूर निकल गए। वहां उन्हें एक तालाब दिखाई दिया। उसी तालाब के किनारे एक बेर का पेड़ था।

बेर का पेड़ देखकर हाथी और बकरी बहुत खुश हुए। वह दोनों बेर के पेड़ के पास गए, फिर हाथी ने अपनी सूंड से बेर के पेड़ को ज़ोर से हिलाया और ज़मीन पर ढेर सारे पके हुए बेर गिरने लगे। बकरी जल्दी-जल्दी गिरे हुए बेरों को इक्ठ्ठा करने लगी।

संयोगवश उसी बेर के पेड़ पर एक चिड़िया का घोंसला भी था, जिसमें चिड़िया का एक बच्चा सो रहा था और चिड़िया दाने की खोज में कहीं गई हुई थी। बेर का पेड़ ज़ोर से हिलाने के कारण चिड़िया का बच्चा घोंसले से बाहर तालाब में गिर पड़ा और डूबने लगा।

चिड़िया के बच्चे को डूबता हुआ देखकर, उसे बचाने के लिए बकरी तालाब में कूद गई, लेकिन बकरी को तैरना नहीं आता था। इस वजह से वह भी तालाब में डूबने लगी।

बकरी को डूबता हुआ देखकर हाथी भी तालाब में कूद गया और उसने चिड़िया के बच्चे और बकरी, दोनों को डूबने से बचा लिया।

QUIZ TIME

1) भारतीय उर्वरक निगम की स्थापना किस वर्ष हुई थी?

2) विश्व का सबसे व्यस्त एवं महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग कौन सा है?

3) किसके शासनकाल के दौरान संपत्ति के अधिकार को मौलिक अधिकारों की सूची से हटा दिया गया था?

4) श्री अन्न समूह से संबंधित फसल समूह का नाम क्या है?

5) ईस्ट इंडिया कंपनी का सामना करने वाली पहली भारतीय महारानी कौन थी?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 1961 (2) उत्तरी अटलांटिक समुद्री मार्ग (3) मोरारजी देसाई सरकार (4) कोदो, कुटकी और सावां (5) महारानी वेलु नाचियार

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- माता-पिता की मदद मिलने से काम पूरा होगा। आपको सेहत का ध्यान रखना चाहिए।

वृष- परिवार वालों की सलाह आपके लिए लाभकारी होगी। खास दोस्त मदद मांगेगा।

मिथुन- ऑफिस में आपकी ड्रेस की तारीफ होगी। किसी विषय की समस्या सुलझ जाएगीय। दांपत्य जीवन खुशियों से भरपूर रहेगा।

कर्क- आज कोई शुभ समाचार मिलने के योग हैं किसी की मदद करने का भाव आएगा। आपकी रचनात्मक प्रतिभा खुलकर सामने आएगी। खुद को सेहतमंद महसूस करेंगे।

सिंह-रुका हुआ धन वापस मिल सकता है। अधूरे काम पूरे होंगे। व्यापार में योजनाबद्ध तरीके से काम करें। जरूरी काम में हुई यात्रा सफल होगी।

कन्या- आज संतान सुख की प्राप्ति हो सकती है। सहयोगी आपके विचारों से प्रभावित होंगे। दूसरों के काम में दखल ना दें।

तुला- अपने भविष्य के बारे में सोच विचार करेंगे। परिजनों संग रिश्ते बेहतर होंगे। आमदनी में बढ़ोतरी की सम्भावना है।घर पर कुछ दोस्त आ सकते हैं।

वृश्चिक- आपकी मुलाकात मित्र से होगी जो कि लाभदायक रहेगी। काम के लिए बड़ा फैसला लेने में सफल होंगे। बच्चे पढ़ाई में मन लगाएंगे।

धनु- आज आपके रुके काम पूरे होंगे। बच्चों के फैसले पर असहमत हो सकते हैं। घर में मांगलिक काम का आयोजन होगा।

मकर- रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। कार्यस्थल पर वाद-विवाद हो सकता है। किसी से ना उलझें। परिवार वालों के साथ रिश्ते मजबूत होंगे।

कुंभ- आज आप नये काम की प्लानिंग करेंगे जो सफल होगी। परिजनों संग खुशनुमा पल बिताएंगे। पुराने दोस्तों से मुलाकात हो सकती है।

मीन-आज आप अपनी बुद्धिमानी से सब काम संभाल लेंगे। नौकरी वालों को सहकर्मियों की मदद मिलेगी।

शब्द सागर

शब्द सामर्थ्य -008

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं :
1. अनुचित, असत्य, जो ठीक न हो 3. बेवजह, बिनाकारण, व्यर्थ 4. हल्कीनींद, चकमा, धोखा 6. शक्कर पानी आदि का मीठा घोल 10. सोते से उठाना, सावधान करना, प्रदीप्त करना 11. चरमसीमा, सीमांत 14. पानी, आंसू 15. बैठा हुआ, विराजित 16. नृत्य 17. मृतप्राय, मृत्यु के करीब 19. जल, अम्बु 22. उपहार, भेंट 23. खबर, संदेश।

ऊपर से नीचे
1. गणपतिजी, 2. मांगनेवाला, पाने की इच्छा करने वाला 3. मिट्टी के रंग का, मटमैला 5. चला आता हुआ क्रम प्रथा, प्रणाली, रीति-रीवाज, 7. निशाचर, रात में विचरण करने वाला 8. पेड़ का धड़ा जहां से शाखाएं निकलती है, 9. मिठाई, खाने की मीठी चीज 12. शासन, गुस्सबात 13. श्रद्धा, स्त्री, जयशंकर प्रसाद द्वारा रचित प्रसिद्ध महाकाव्य 15. विपत्तिग्रस्त, दुखी, अभागा 16. प्रसिद्ध, नामवर 18. स्वप्न, ख्वाब 20. करीब, नज़दीक, समीप 21. सुबह, प्रातः, सबेरा।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 007 का हल

अ	भि	षे	क		प	स		
जा	त		थ	प	थ	पा	ना	
य	र	का	नी		भ्र		र	श्मि
ब	घा	र		क	ष्ट	प्र	द	
	त	ना	त	नी		र्व		ब
अ		मा		ज	मा	त		ल
स	जा					क	ज	रा
बा		बे	स	हा	रा		ग	म
ब	गु	ला		रा	ज	दू	त	

रंगों के त्योहार पर आज खूब उड़ेंगे रंग और गुलाल

होली से बाजार गुलजार, करोड़ों के रंग-गुलाल व पिचकारी का हुआ कारोबार

बिलासपुर/नवप्रदेश। इस बार लोगों में पर्व को लेकर गजब का उत्साह और उमंग लोगों में देखने को मिल रहा है। इस वजह से इस बार के होली बाजार में काफी अधिक बिक्री हो रही है। जानकारी के अनुसार शहर में रंग-गुलाल, पिचकारी के साथ होली से संबंधित अन्य सामग्रियों की थोक बिक्री करने वालों की अच्छी कमाई हो रही है। महज तीन से चार दिनों में ही इसके हर एक थोक व्यापारियों ने करीब 15 लाख से ज्यादा का व्यापार कर चुके हैं। वहीं फिलहाल बिक्री का सिलसिला लगातार जारी है।

अनुमान के हिसाब से इस बार रंग-गुलाल, पिचकारी, मुखौटे आदि मिलाकर करोड़ों से ज्यादा का व्यापार हो चुका है। शहर के वृंदावन परिसर, व्यापार विहार माल धक्का और मेडीकल काम्पलेक्स तेलीपारा में होली पर्व के सामानों में रंग-गुलाल, फैंसी रंग, पिचकारी, मुखौटे आदि के करीब 60 थोक दुकानें हैं। इन दुकानों से ही जिलेभर के चिल्हर दुकानों में सामान पहुंचता है और लोग यहां जमकर खरीदारी करते हैं। इस बार खास बात यह देखने को मिला है कि पिछले कुछ सालों की अपेक्षा इस बार होली पर्व के लिए लोगों में काफी ज्यादा ही उत्साह बना हुआ है। इसी वजह से होली बाजार बूम कर रहा है। होली पर्व सोमवार 25 मार्च को है। कल सुबह से रंग खेला जाएगा।

ऐसे में सबसे ज्यादा बिक्री विवार को होगी, लेकिन उत्साह इतना अधिक है कि पिछले तीन से चार दिन से बाजार में बिक्री जोरों पर है। थोक वालों से सामान खरीदकर चिल्हर बाजार में हो रही रंग-पिचकारी की बिक्री से छोटे दुकानदार भी काफी खुश नजर आ रहे है। वृंदावन के थोक व्यापारी मनोज केशवानी ने बताया कि इस बार अच्छी बिक्री हो रही है। इसी वजह से होली बाजार में आमदनी काफी अधिक हो रही है है। बाक्स थोक व्यापारी नहीं कर पा रहे डिमांड पूरी इस बार नए-नए तरीके के रंग गुलाल के साथ पिचकारी आए हैं। जिनकी खूब मांग है। लेकिन पहले से ही चिल्हर बाजार वालों ने ये सभी सामान खरीद चुके है। अब थोक वालों के पास भी इसका सीमित स्टाक है। अब होली पर्व को एक ही दिन शेष है।

जगह-जगह होलियाना उत्साह

होली के दिन जगह-जगह थीम पार्टी होगी, लोग होलियाना अंदाज में दिखेंगे। इसके लिए लोग भी विशेष तैयारियां कर रहे हैं। रंग-बिरंगे फूलों और होली थीम के आधार पर सजावट करवा रहे हैं। इसके साथ ही होली में टीवी और फिल्मों के प्रभाव की वजह से सफेद रंग के परिधानों की मांग भी बढ़ गई है। इसे देखते हुए शहर में विशेष रूप से होली के परिधान मिल रहे हैं। जिसे शहरवासी अपनी होली को यादगार बनाने के लिए खरीद रहे हैं।

रंग-बिरंगी माला

हरवा से सजे रंग होली में शक्कर से बनी हरवा की रंग-बिरंगी माला से बाजार की रंगत देखते ही बन रही है। लाल, गुलाबी, पीली, हरी, सफेद समेत अन्य रंगों की शक्कर माला की भी पूछपरख बनी हुई है। मान्यता के अनुसार हरवा माला भेंटकर होली पर्व की शुरूआत की जाती है। मुखौटै भी लोगों को खासा लुभा रहे हैं।

नगाड़ों की थाप पर थिरके लोग

शहर में जगह-जगह होली के नगाड़ों की थाप के साथ ही फाग गीतों से होली का सुमधुर संदेश मिलने लगा है। वहीं होली की मस्ती के साथ ही रंग-गुलाल की भी वर्षा होने लगी है। एक से बढ़कर एक फाग गीतों के साथ देर रात तक होली की उमंग और मस्ती का रंग भी गहरा होता जा रहा है। शहर के विभिन्न चौक-चौराहों और कालोनियों में नगाड़ों की थाप और फाग गीत पर्व की खुशियों को दोगुना कर रहे हैं।

घरों में गुझिया, सलौनी, नमकीन की उड़ी खुशबू

होली के लिए घरों में पारंपरिक पकवान भी बनने लगे हैं। इसमें विशेष रूप से गुझिया, अनरसा, सलौनी समेत विभिन्न प्रकार के नमकीन और मीठे पकवान शामिल हैं। वहीं बाजार में भी गुझिया व स्पेशल बर्फी की मांग बनी हुई है। होली स्पेशल कुल्फी व ठंडाई भी लोग खरीदना पसंद कर रहे हैं। इसके साथ ही काजू, अंजीर, खजूर, पेड़ा व चाकलेट बर्फी, खोवा व छेने के साथ ही बेसन व मैदे के नमकीन की भी खरीदारी की जा रही है। होली के पारंपरिक पकवान बाजार में मिलने से कामकाजी महिलाओं को भी सुविधा हो गई है।

सड़क दुर्घटनाएं रोकने पुलिस प्रशासन मुस्तैद

ब्लैक स्पॉट पर हुए हादसे को लेकर एसपी ने ली आपात बैठक, सड़क निर्माण एजेंसी को लगाई फटकार

दुर्घटना में दो दिन पहले हुई थी छात्रा की मौत

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्लैक स्पॉट सेदरी थाना कोनी में सुबह में सड़क दुर्घटना में एक छात्रा की मृत्यु हो गई थी तथा एक छात्र गंभीर रूप से घायल हुआ था। यह स्थान पूर्व से ही ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्नांकित किया गया था तथा पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने जिले की कमान संभालते ही उसका अवलोकन किया था, संबंधित स्थल पर मार्ग निर्माण में कुछ तकनीकी त्रुटि नजर आने पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर निर्माण एजेंसी को सुधार एवं सुरक्षा उपाय करने के निर्देश दिए गए थे एवं पत्राचार किया गया था।

इस संबंध में घटनास्थल की त्रुटि पूर्ण तकनीकी से हुई मौत को पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह ने गंभीरता से लेते हुए अपने कार्यालय में आज अवकाश दिवस होने के बाद भी एक आपात बैठक बुलाई। जिसमें सड़क निर्माण एजेंसी ह्मढ्ढ के प्रबंधक तकनीकी राजेश्वर सूर्यवंशी, इंजीनियर गौरव शुक्ला, इंजीनियर विमल शर्मा, अदानी ग्रुप के प्रोजेक्ट मैनेजर सुकांता बसक, पीडब्ल्यूडी के अनुविभागीय अधिकारी संतोष भगत, इंजीनियर लक्ष्मीकांत कश्यप तथा यातायात प्रभारी एडिशनल एसपी नीरज चंद्राकर, (यातायात) डीएसपी संजय साहू, सब इंस्पेक्टर उमाशंकर पांडे उपस्थित हुए।

पुलिस अधीक्षक श्री सिंह ने जिले के सभी ब्लैक स्पॉट की फाइल का सूक्ष्म अवलोकन किया, साथ ही ब्लैक स्पॉट सेदरी चौक की त्रुटि पूर्ण एवं खतरनाक स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए, सड़क निर्माण एजेंसी को कड़ी फटकार लगाई एवं इस स्थान पर लगातार हो रही सड़क दुर्घटना को रोकने तत्काल कारगर उपाय किए जाने की हिदायत भी दी। इंजीनियरिंग की छात्रा की मृत्यु पर दुख व्यक्त करते हुए पुलिस अधीक्षक सिंह ने कहा कि यह एक अपूरणी क्षति है तथा हम सब का दायित्व है कि भविष्य में ऐसी दुर्घटना ना हो साथ ही श्री सिंह ने यह भी कहा कि इस प्रकरण की बारीकी से हर पहलू पर जांच की जाएगी तथा यदि जांच में किसी एजेंसी को दोषी पाए जाने पर ऐसे हृदय विदारक घटना के लिए किसी को बक्शा नहीं जायेगा। पुलिस अधीक्षक ने संबंधितों को आज ही मौके पर पहुंचकर सड़क दुर्घटना को रोकने वैकल्पिक व्यवस्था करने

होली पर्व प्रेम और समरसता का प्रतीक: कौशिक

बिलासपुर/नवप्रदेश। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष कौशिक ने क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर मनाया होली पर्व, प्रेम और समरसता का प्रतीक होली पर्व की दी बधाई। पूर्व विधानसभा अध्यक्ष धरमलाल कौशिक ने हर्ष और उल्लास के महापर्व होली के अवसर पर विधानसभा बिल्हा अंतर्गत ग्राम चकरभाठा बोदरी के उत्तम इन विवाह भवन में आयोजित होली मिलन समारोह में शामिल होकर क्षेत्रवासियों के साथ मिलकर होली मनाया। साथ ही समारोह में गीत संगीत का भी आनंद लिया गया। मौके पर भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दिए। इस मौके पर श्री कौशिक ने समारोह में उपस्थित होकर होली के दोहे जश गीतों का आंदन लिया और क्षेत्रवासियों को होली की बधाई दी। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि हमारे देश और दुनिया के किसी भी कोने में बसे सारे हिन्दुस्तानी होली का त्यौहार मनाते हैं। यह पर्व प्रेम और समरसता का प्रतीक है। अच्छाइयों को आत्मसात करते हुए समाज और देश की तरक्की में हम योगदान करें, इसकी प्रेरणा होली से लेनी चाहिए। वहीं जारी गाइडलाइंस का पालन करते हुए हमें भाईचारगी का साथ होली का त्योहार मनाना चाहिए। इस अवसर पर बिलासपुर लोकसभा प्रत्याशी तोखन साहू, प्रदेश उपाध्यक्ष भूपेंद्र स्वन्नी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्तागण एवं आमजन उपस्थित हुए।

कहानी संग्रह नारायणी का हुआ विमोचन

बिलासपुर/नवप्रदेश। छंदशाला के तत्वावधान में नारायणी कहानी संग्रह का विमोचन किया गया। इस दौरान थावे विद्यापीठ के कुलपति डॉ.विनय कुमार पाठक ने कहा-नारी-विमर्श का प्रादर्श है नारायणी। उन्होंने आगे कहा कि प्रस्तुत कृति में अधिसंख्य कहानियां नारी केंद्रित हैं। इसमें परंपरा भी है और प्रगतिशीलता भी,सभ्यता है और संस्कृति भी, आधुनिकता की आंक और समका- लीनता की जांच भी। वरिष्ठ कवि विजय तिवारी ने कहा- कहानी अपने आसपास की घटनाएं एवं स्वयं का भोगा यथार्थ होती हैं। विशिष्ट अतिथि केशव शुक्ला ने कहा- घटनाएं-दुर्घटनाएं निरंतर होती रहती हैं, इनमें से लोकमंगल, लोक-रंजक भावों का सूक्ष्म निरीक्षण कर कहानी -कार कहानी रचता है। इससे पूर्व कहानीकार डॉ. सर्वेश पाठक ने अपने नारायणी संग्रह के विषय में प्रकाश डाला।

जबलपुर-प्रयागराज की फ्लाइट सप्ताह में चार दिन हो

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जनसंघर्ष समिति ने अलायंस एयर द्वारा दिल्ली उड़ानों के संबंध में जारी किए गए शेड्यूल में बदलाव की जरूरत बताई है। समिति के अनुसार पूर्व में दिल्ली के लिए जबलपुर प्रयागराज होकर सप्ताह में सातों दिन फ्लाइट थी, लेकिन नए शेड्यूल में मंगल और गुरुवार को दिल्ली के लिए दो उड़ान रख दी गई है। वहीं सोम और शुक्रवार को कोई भी उड़ान उपलब्ध नहीं है। समिति ने कहा कि कम से कम प्रतिदिन एक उड़ान दिल्ली के लिए होना जरूरी है। समिति ने कहा कि पहले बिलासपुर से सप्ताह में चार दिन जबलपुर और चार दिन प्रयागराज की उड़ान थी, लेकिन इस नए शेड्यूल में इसे घटाकर सप्ताह में केवल दो दिन कर दिया गया है। समिति ने कहा कि जबलपुर और प्रयागराज के लिए रायपुर से उड़ान नहीं होने के कारण बड़ी संख्या में यात्री बिलासपुर एयरपोर्ट से आना-जाना कर रहे थे, इसे देखते हुए जबलपुर और प्रयागराज के लिए सप्ताह में कम से कम चार दिन उड़ान होना जरूरी है।

डाक वोट देने कर्मचारियों को 17 तक भरना होगा फॉर्म

बिलासपुर/नवप्रदेश। लोकसभा चुनाव में डाक वोट डालने के लिए कर्मचारियों को 17 अप्रैल तक एक फॉर्म जमा करना होगा। इसे प्रारूप 12 घ का नाम दिया गया है। उन्हें फॉर्म के साथ वोटर आईडी की छायाप्रति भी जमा करनी होगी। मिले आवेदन पत्रों के आधार पर जिले में पोस्टल वोटिंग सेंटर स्थापित किए जाएंगे। लोकसभा चुनाव के मद्देनजर ऐसे कर्मचारियों को डाक वोट की सुविधा दी जा रही है, जो सामान्य तौर पर मतदान केंद्रों में जाकर वोटिंग नहीं कर सकते। ऐसे 10 अनिवार्य सेवाओं का चयन किया गया है। इनमें स्वास्थ्य विभाग, विद्युत, प्राधिकार पत्र प्राप्त मीडियाकर्मी, रेल, बीएसएनएल, डाक व टेलीग्राम विभाग, दूरदर्शन, ऑल इंडिया रेडियो, सहकारी दुग्ध संघ मर्यादित और भारतीय खाद्य निगम शामिल है। ऐसे कर्मचारी जो कि अपनी शासकीय ड्यूटी के कारण मतदान की तारीख को मतदान केंद्रों में जाकर अपना वोट नहीं डाल पाते हैं, केवल उनके लिए डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान की सुविधा दी जाएगी। ऐसे सभी कर्मचारियों को निर्वाचन की अधिसूचना जारी होने के पांच दिन के भीतर सहायक रिटर्निंग अधिकारी के समक्ष अपना आवेदन जमा करना होगा। छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में मतदान होना है। ये सावधानी जरूरी कर्मचारियों को आवेदन के दौरान मोबाइल नंबर, वोटर आईडी नंबर व निर्वाचक नामावली की भाग संख्या और सरल संख्या को सही-सही दर्ज करना होगा। कर्मचारी का अद्यतन भाग संख्या व सरल संख्या पता करने के लिए वोटर हेल्पलाइन एप का उपयोग किया जा सकता है। इसमें वोटल आईडी कार्ड नंबर डालकर इसे खोजा जा सकता है। आवेदक नहीं दे सकेंगे सीधे वोट प्रारूप घ के भाग एक के साथ-साथ जिला स्तर पर नियुक्त विभाग के नोडल अधिकारी द्वारा भी आवेदन को भाग दो में सत्यापित किया जाएगा। रिटर्निंग अधिकारी लगातार तीन दिन वोटिंग का अभियान चलाएंगे। जो प्रारूप घ में आवेदन करेंगे। उन्हें मतदान केंद्रों में जाकर वोटिंग की पात्रता नहीं रहेगी। वे पोस्टल वोटिंग सेंटर में ही वोट डाल सकेंगे। पैकरा बनाए गए नोडल अधिकारी जिला स्तर पर नोडल अधिकारी तैनात किए गए हैं।

समूह की दीदियों ने खेली स्वीप होली

दिव्यांग छात्रों ने रंगोली, पेंटिंग से दिए मतदान जागरूकता का संदेश

बिलासपुर/नवप्रदेश। मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत शहर के शासकीय दृष्टि एवं श्रवण बाधितार्थ विद्यालय तिफरा में आयोजित कार्यक्रम में दिव्यांग छात्र-छात्राओं ने आकर्षक रंगोली एवं पेंटिंग के माध्यम से मतदाता जागरूकता का संदेश दिया। छात्राओं ने रंगोली बनाकर वोट के महत्व को बताया। यहां बनाए गए सेल्फी जोन में विद्यार्थियों ने सेल्फी भी ली। बिल्हा ब्लॉक के ग्राम पंचायत पेंड्रीडीह में भी स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां स्व सहायता समूह की दीदियों ने सामूहिक रूप से लोकतंत्र में शत प्रतिशत मतदान करने की शपथ ली। दीदियों ने सुवा नृत्य एवं मानव श्रृंखला बनाकर कार्यक्रम को भव्य बना दिया। सभी ने स्वीप होली मनाकर लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया। मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नव मतदाता एवं वृद्ध मतदाता का सम्मान किया।

एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर दी होली की शुभकामनाएं

सीवी रमन विश्वविद्यालय व वनमाली सृजनपीठ ने मनाई होली

बिलासपुर/नवप्रदेश। डॉ. सीवी रमन विश्वविद्यालय और वनमाली सृजन पीठ बिलासपुर में इस अवसर पर भाग मंडली ने होली के रंग बिखरे। विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, प्राध्यापक एवं वनमाली सृजनपीठ के अध्यक्ष सहित साहित्य प्रेमी झूमते रहे सभी ने एक-दूसरे को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।

इस संबंध में जानकारी देते हुए विश्वविद्यालय के कुलसचिव गौरव शुक्ला ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी होली पर्व होली मिलन और फाग का आयोजन विश्वविद्यालय में किया गया। यह आयोजन छत्तीसगढ़ी लोककला एवं संस्कृति केंद्र की एक भारत श्रेष्ठ भारत भारत क्लब द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर क्षेत्र की भाग मंडलियों ने लगातार एक से बढ़कर एक भाग की प्रस्तुति दी। विश्वविद्यालय के अधिकारियों-कर्मचारियों और प्राध्यापकों ने एक दूसरे को विश्वविद्यालय में निर्मित हर्बल गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। यह हर्बल गुलाल ग्रामीण प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा तैयार किया गया है। इसी तरह वन माली सृजन पीठ बिलासपुर में भी अभिनंदन होली उत्सव का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आज मंडली ने शानदार प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूरे बिलासपुर के साहित्य और रचना प्रेमी ने भाग का आनंद लिया। आयोजन में विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर रवि प्रकाश दुबे ने सभी को होली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वनमाली सृजनपीठ के अध्यक्ष और वरिष्ठ साहित्यकार सतीश जायसवाल, योगेश मिश्रा, राखी श्रीवास, सुनील चिपड़े, उद्घोषिका अनु, अभिषेक तिवारी सहित शाहिद बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

30 दिनों के भीतर करें धान का उठाव: हाईकोर्ट

बिलासपुर/नवप्रदेश। समितियों में डंप पड़े धान और सूखत की आशंका को लेकर परेशान सहकारी समितियों ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर धान का उठाव शीघ्र करने की गुहार लगाई है। याचिकाकर्ता समितियों का कहना है कि राज्य विपणन संघ के अधिकारी राज्य शासन के निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं। इसका खामियाजा उनको भुगतना पड़ेगा। सूखत आने की स्थिति में रिकवरी की जाएगी और राशि की वसूली के लिए शासन स्तर पर कार्रवाई भी संभव है। हाई कोर्ट ने राज्य शासन को नोटिस जारी कर 30 दिनों के भीतर समितियों से धान का उठाव करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता समितियों को सूखत के संबंध में अभ्यावेदन पेश करने और इस पर 30 दिनों के भीतर निराकरण करने का निर्देश दिया

है। जरूरी निर्देशों के साथ ही हाई कोर्ट ने याचिका को निराकृत कर दिया है। प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति धनगांव जिला सारंगढ़ सहित प्रदेश के अलग-अलग जिलों से तीन दर्जन से अधिक समितियों ने अपने अधिवक्ताओं के माध्यम से हाई कोर्ट में याचिका दायर कर समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी के बाद समितियों से धान का उठाव न किए जाने की शिकायत करते हुए शीघ्र उठाव की गुहार लगाई है। सभी याचिकाओं की प्रकृति एक ही तरह के होने के कारण हाई कोर्ट ने सभी याचिकाओं की एकसाथ सुनवाई की। याचिकाकर्ता ने अपनी याचिका में कहा है कि राज्य शासन द्वारा संबंधित धान उपार्जन केन्द्रों पर किसानों से सीधे धान खरीदी करने का निर्णय लिया गया था। अक्टूबर-नवंबर 2023 के महीनों में राज्य विपणन संघ जिला सहकारी केंद्रीय बैंक लिमिटेड और प्राथमिक कृषि सहकारी समितियों के बीच त्रिपक्षी समझौता किया गया।

कार से 60 पौव्वा देशी शराब जप्त

सरपंच की तलाश जारी, वाहन चालक गिरफ्तार

बिलासपुर/नवप्रदेश। आपरेशन प्रहार अभियान के दौरान सकरी पुलिस ने कार्रवाई कर कार से शराब परिवहन करते आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने शराब और कार दोनों को जब्त कर लिया है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक उमेश कश्यप ने बताया कि एसपी राजनेश सिंह के निर्देश पर त्यौहार के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने लगातार कार्रवाई को अंजाम दिया जा रहा है।

मुखबिर से जानकारी मिली कि कार क्रमांक सीजी 12 सी ए 4971 से शराब का परिवनहन किया जा रहा है। सकरी पुलिस ने सकरी बायपास चौक पर रेड कार्रवाई को अंजाम दिया। छानबीन के दौरान कार चालक ने प्रदीप श्रीवास नाम बताया। कार चालक ने बताया कि मुर्का सरपंच आदित्य उपाध्याय के कहने पर शराब लेकर जा रहा है। पुलिस ने कार से 60 पाव देशी प्लेन शराब बरामद किया। आरोपी के खिलाफ विधिवत आबकारी एक्ट 34(2), 59(क) के तहत अपराध दर्ज किया गया। कार और शराब बरामद कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है। दूसरे आरोपी मुर्गा सरपंच आदित्य उपाध्याय की तलाश की जा रही है।

त्यौहार रंगों के त्यौहार पर आयोजन के नाम पर फूहड़ता बर्दाश्त नहीं की जाएगी : सौरभ

आपसी सौहार्द्रता के साथ होली पर्व मनाएं: हिन्दू जागरण मंच

बिलासपुर/नवप्रदेश। हिंदू जागरण मंच ने बिलासपुर प्रेस क्लब में एक प्रेस वार्ता के माध्यम से बिलासपुर जिला प्रशासन और पुलिस प्रशासन को धन्यवाद दिया। हिंदू जागरण मंच प्रदेश के कार्यकारणी सदस्य सौरभ दुबे ने बताया की आज आज हिंदू समाज की बेटियों को पाश्चात्य सभ्यता की और ले जाने के लिए कई विधर्मी लोग हुए।

इनको टारगेट कर समाज में एक आराजकता का माहौल बनाया जा रहा है।शहर में होली के नाम पर एक संस्था के द्वारा रेन पार्टी और स्वमिंगपुल बनाकर उसमे अश्लिता और फूहड़ता के साथ कार्यक्रम को आयोजित किया जा रहा था।इस कार्यक्रम की जानकारी लगते ही हमने प्रशासन से ऐसे आयोजनों पर तत्काल रोक लगाने की मांग को गई थी, जिस पर प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए ऐसे आयोजन पर रोक लगाई और उन बच्चियों के भविष्य को सुरक्षित किया जो इनके झांसे में आकर अपनी संस्कृति से विरक्त होकर पाश्चात्य संस्कृति की और जा रही थी। वही इस मौके पर हिंदू जागरण मंच मातृ शक्ति टीम की स्मृति जैन ने कहा की ऐसे आयोजन पूर्व नियोजित है। ऐसे आयोजन

समाज के लिए खतरा है।ये आयोजन का उद्देश्य हिंदू समाज की बेटियों को अपनी संस्कृति और सभ्यता से दूर ले जाने का एक प्रयास है। आज के युवा वर्ग को अपने मानवीय मूल्यों के साथ साथ अपनी धार्मिक संस्कृति को पहचाने और इस मंच के माध्यम से यह अपील भी करती हु कि यह होली का त्योंहार है उसे हम अपने परिवार और समाज के लोगो के साथ मिलकर ही मनाए। आज हमको सजग रहने की जरूरत है। क्योंकि यह पर्व समय के साथ साथ बहुत ही संवेदनशील हो गया है। इस पर्व में संवेदनशीलता के कारण प्रशासन को भी चौकन्ना रहना पड़ता।वही ऐसे आयोजन में कोई अप्रिय घटना ना हो इससे हम कैसे बचे और अपने समाज और संस्कृति को पहचाने जाने उस पर कायम रहकर इस पर्व को अच्छे से मनाए।

न्यूज गैलरी

मानिकपुर साइडिंग से फिर शुरू हुई कोयला की अफरा- तफरी

कोरबा/नवप्रदेश। रेलवे स्टेशन के निकट स्थित मानिकपुर साइडिंग से एक बार फिर कोयला की अफरा - तफरी शुरू हो गई है। जानकारी के अनुसार मालगाड़ियों में अधिक मात्रा में लोड कोयला को एस ई सी एल की साइडिंग के निकट की खाली जगह अनलोड किया जाता है। इस कोयले की खनिज विभाग की सांठगांठ से अवैध तरीके से तस्करी की जाती है। बताया जाता है कि इसी तरह की अफरा तफरी लम्बे समय से उरगा थाना क्षेत्र की सरगबुंदिया- बरपाली में भी की जाती रही है। आपको बता दें कि दो माह पूर्व मानिकपुर साइडिंग से कोयला अफरा तफरी के मामले में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक जितेन्द्र शुक्ला के निर्देश पर कार्रवाई की गई थी। मामले में तीन ट्रक कोयला जप्त कर आरोपी की गिरफ्तारी की गई थी। लेकिन दो माह बाद ही मानिकपुर साइडिंग से कोयला की अफरा तफरी फिर शुरू हो गई है।

10 साल से केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही

- भू-विस्थापितों की मांगों व समस्याओं के प्रति मोदी सरकार उदासीन

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद व कांग्रेस प्रत्याशी श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत शनिवार 23 मार्च को कटघोरा विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न ग्रामों के दौरे पर रहीं। उन्होंने विभिन्न गांवों में सघन जनसंपर्क कर ग्रामीणों से रूबरू होते हुए उनका हाल जाना व समस्याओं को भी समझा। बूथ स्तर की बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए ज्योत्सना महंत ने कहा कि हमें सभी तरह के मनभेद और मतभेद को भुलाकर पार्टी के लिये काम करना है। कांग्रेस ने हमेशा से ही विकास की बात कही है। उन्होंने कहा कि कटघोरा विधानसभा का अधिकांश क्षेत्र एसईसीएल की कुसमुंडा, दीपका, गेवरा जैसी बड़ी कोयला खदानों से प्रभावित है। केन्द्र सरकार के अधीन संचालित इन खदानों के अधिकारियों के द्वारा प्रभावित भू-विस्थापितों की नौकरी, बसाहट, मुआवजा से लेकर मूलभूत समस्याओं का निराकरण सही तरीके से नहीं करने की शिकायतें मेरे पास आती रही हैं। सांसद होने के नाते मैंने कोयला क्षेत्र के लोगों की बातों को, उनकी समस्याओं को, उनके विकास के लिए जरूरी कार्यों के साथ-साथ प्रभावित क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार आदि की बेहतरी के लिए हमेशा संसद में आवाज उठाया है। कोयला

मंत्री से लेकर प्रधानमंत्री तक यहां के लोगों की बातों को प्रमुखता से रखा लेकिन 10 साल से केंद्र में बैठी मोदी सरकार के कानों पर जूं तक नहीं रेंग रही। सांसद ने ग्रामवासियों को विश्वास दिलाया कि कांग्रेस की सरकार बनने पर भू-विस्थापितों की समस्याओं का निराकरण प्राथमिकता से कराया जाएगा।

सांसद ने पाली पड़निया जोन के ग्राम पाली, पड़निया, सोनपुरी, खैरभवना, कनबेरी, जपेली व भलपहरी, खोडरी बूथ के ग्राम खोडरी, रिसदी, चुरैल, अमगांव, बाता, नवागांव, बिरदा बूथ के रंगबेल, सराईसिंगार, चैनपुर, बिरदा, अखरापाली बूथ के ग्राम गंगदेई, अखरापाली, भाठीकुड़ा, भर्राकुड़ा व कटसिरा में जनसंपर्क किया। जनसंपर्क के दौरान सांसद के साथ जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, सांसद प्रतिनिधि हरीश परसाई, पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, प्रभा तंवर, कटघोरा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ग्रामीण के अध्यक्ष गोरेलाल यादव, छत्तर सिंह कंवर, रूपा कंवर, दुबराज सिंह, कृपाल सिंह, परमेश्वर, महिपाल, आनंद यादव, राजकुमार, फूलसिंह, रामकुमार, दरश राम, जीरा बाई, बसंती कंवर, संतोषी महंत, मधु सोनी, बाबू सिंह, प्रताप सिंह, अजय, दुलार साय, नकुल सिंह, इंद्रपाल सिंह, विजय, कमल सिंह, घुरबीन, आनंद सिंह, नारायण सिंह, बंधन कुंवर, गंगा बाई, अमरीका कंवर सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता व ग्रामवासी उपस्थित थे।

गड्ढे में लुढ़की बस, पांच घंटे फंसे रहे तीर्थयात्री

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में पड़ने वाले कैंदई ग्राम पंचायत के आश्रित मोहल्ला कावर पखना, हसदेव नदी ब्रिज बांगो डूबान के पास बस गड्ढे में लुढ़क गई। घटना में तीर्थयात्री पांच घंटे तक बस में फंसे रहे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से बस को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से कटघोरा की ओर बलौदा बाजार जिले की दो बस क्रमशः महामाया बस क्रमांक सीजी 22 एक्स 9326 व श्रद्धासबुरी बस क्रमांक सीजी 22-9916 में 50 तीर्थयात्री सवार थे। डूबान क्षेत्र में घूमने के साथ ही स्नान व भोजन करने के लिए बस रूकी थी। बाद में सभी तीर्थयात्रियों को लेकर बस रवाना होने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान चालक वाहन को मोड़ते समय अपना नियंत्रण खो बैठा और बस क्रमांक सीजी 22 एक्स 9326 पीछे से गड्ढे में जा घुसी, इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। खबर मिलते ही मोरगा पुलिस अपने दल बल के साथ स्थल पर पहुंची पांच घंटे से फंसे महिला, पुरुष एवं बच्चों समेत उक्त बस को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला तब तीर्थयात्रियों ने राहत की सांस ली।

खरसिया पुलिस ने 3 कार से साढ़े 11 लाख जप्त किए

रायगढ़/नवप्रदेश। शुक्रवार 22 मार्च को एसडीओपी खरसिया, आईपीएस आकाश श्रीश्रीमाल एवम उनकी टीम द्वारा वाहनों की जांच के दौरान करीब 11 लाख 54 हजार रुपए धनराशि जप्त की गई है। एसडीओपी खरसिया आकाश श्री श्रीमाल से प्राप्त जानकारी अनुसार शुक्रवार की शाम जांच के दौरान 3 अलग अलग वाहनों से ये धनराशि जप्त की गई है। इसमें एक गाड़ी से 5 लाख रुपए, अन्य दूसरी गाड़ी से 3 लाख 50 हजार रुपए जप्त किए गए। वहीं एक अन्य गाड़ी से 3 लाख 4 हजार 693 रुपए मिले। वाहन चालकों से जब धनराशि के बारे में जानकारी मांगी गई, तो वे इसके संबंध में कोई

दस्तावेज या जानकारी प्रस्तुत नही कर सके। जिसके पश्चात पुलिस टीम के द्वारा राशि को जप्त कर आगे की कार्यवाही की जा रही है।

लोकसभा आम निर्वाचन के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से जिले में चौकसी बढ़ा दी गई है। कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने सभी इंफोर्समेंट एजेंसीज के अधिकारियों को लगातार जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए हुए हैं। एसपी श्री दिव्यांग पटेल ने पुलिस की टीमों को सघन जांच के लिए निर्देशित किया है। पुलिस के साथ दूसरी जांच एजेंसियों की टीम्स भी फील्ड पर सक्रिय हैं। नगदी एवम अन्य सामग्री के अवैध परिवहन पर लगातार नजर रखी जा रही है।

निगम आयुक्त ने पैदल भ्रमण कर देखी सफाई व्यवस्था

- निगम आयुक्त सागर पारा, ढीमर पारा, ब्राम्हण पारा, आजाद चौक क्षेत्र में पैदल चलकर किया निरीक्षण
- लोगों से रूबरू हो पेयजल आपूर्ति की ली जानकारी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रतिदिन वार्ड भ्रमण की कड़ी में निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता वार्ड नं. 38 व 39 के सागर पारा, ढीमर पारा, बांसपाई पारा, ब्राम्हण पारा, आजाद चौक में साफ सफाई एवं चल रहे निर्माण कार्यो का निरीक्षण कर प्रगति की जानकारी लेकर लोगों से रूबरू हो नल में पानी आने की जानकरी लिये और

अपने बकाया करों का भुगतान करने अपील किये।

आयुक्त श्री गुप्ता सागर पारा एसएलआरएम सेंटर का निरीक्षण कर कचरा पृथकीकरण करने, खाद बनाने की प्रक्रिया में तेजी लाने के अलावा शत-प्रतिशत यूजर चार्ज वसूल करने सेन्टर प्रभारी को निर्देश दिये। उन्होंने सुलभ शौचालय निरीक्षण के दौरान लचर व्यवस्था पर नराजगी व्यक्त करते हुये संबधित संचालक से कहा कि देख-रेख करने वाले को हटाकर दूसरा रखे। उन्होंने वार्डो में हाजरी रजिस्टर की जांच कर सभी कर्मचारियों की फोटो लगाने, अनुपस्थित कर्मचारी पर कार्यवाही करने के निर्देश स्वास्थ्य अधिकारी दीपक अग्रवाल से कहा। उन्होंने कहा कि नालों की सफाई करावे, कचरा प्रतिदिन उठावे। गौशाला के सामने गली में नाली जाम की शिकायत पर चेंबर हटाकर सफाई कराने वार्ड प्रभारी को निर्देशित किये।

शांति समिति की बैठक, सौहार्द्र से त्यौहार मनाने की अपील

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देशन पर आगामी होली पर्व एवं रमजान पर्व पर दिनांक 24-25 मार्च 2024 को दृष्टिगत रखते हुए शांति समिति की बैठक पुलिस कंट्रोल रूम स्थित जनसंवाद कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में एएसपी राजनांदगांव राहुल देव शर्मा, मुकेश ठाकुर (ऑप्स), एसडीएम अतुल विश्वकर्मा, सीएसपी पुष्पेन्द्र नायक सहित विभिन्न सामाजिक समिति के पदाधिकारी, जनप्रतिनिधिगण, शहर के पार्षद तथा थाना प्रभारी कोतवाली एवं सर्व संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा अपने संबोधन में सभी को होली एवं रमजान का पर्व

सद्भावना, शांतिपूर्वक व सावधानीपूर्वक मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि इस दौरान जबरन चंदा वसूली न करें, रास्ते में पत्थर या अन्य अवरोधक न रखें तथा प्रतिबंधित रंगों का उपयोग न करें। विद्युत, टेलीफोन खंभों, लाइनों और घरों से दूर होलिका दहन किया जावे। मुख्य मार्गों या चौराहों के मध्य होलिका दहन न किया जाए। होलिका दहन के लिए ईमारती लकड़ी, फलदार वृक्ष एवं हरे वृक्षों की लकड़ी का उपयोग न कर गोबर के कण्डे का होलिका दहन किया जाए। होली-धुरेडी के पर्व में किसी व्यक्ति को उसके इच्छा के विरूद्ध जबरन रंग ना लगाया जावे। कोई भी व्यक्ति ध्वनि विस्तारक यंत्रों का उपयोग बिना अनुमति के नही कर सकेंगे। जिला स्तरीय शांति समिति के सदस्यों ने कहा कि शांति एवं सद्भावना की वर्षों पुरानी जिले की परंपरा के अनुरूप होली-धुरेड़ी का पर्व आपसी सद्भाव एवं भाईचारे के साथ मनाया जावेगा। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री शर्मा ने कहा होली के पर्व को पूर्व परंपरा के अनुरूप सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाए जाने की कायम रहे। इस हेतु सभी सामाजिक संगठनों तथा जिम्मेदार लोगों को जनसंवाद तथा आपसी चर्चा कर बैठक में लिए गए निर्णय से अवगत कराएं। उन्होंने कहा कि असामाजिक तत्वों के द्वारा किसी भी प्रकार की घटना करने पर तत्काल पुलिस को सूचना दी जावे।

आयुक्त गुप्ता ने ली तकनीकी अधिकारियों की बैठक

- पोलिंग बूथों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के दिये निर्देश

राजनांदगांव/नवप्रदेश। निगम आयुक्त अभिषेक गुप्ता अपने कक्ष में तकनीकी अधिकारियों की बैठक लेकर शहर में चल रहे निर्माण कार्यो एवं योजना के कार्यो को अतिशीघ्र पूर्ण करने एवं लोकसभा निर्वाचन के लिये पोलिंग बूथों में आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

बैठक में आयुक्त श्री गुप्ता ने शहर में चल रहे निर्माण कार्यो की वार्डवार जानकारी लेकर समस्त निर्माण कार्य में तेजी लाकर समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि चुकि लोकसभा

चुनाव के लिये आदर्श आचार सहिता लागू हो चुकी है, इसलिये किसी भी प्रकार का निर्माण कार्य प्रारंभ न किया जावे तथा लोकसभा निर्वाचन के लिये सभी पोलिंग बूथों में आवश्यक मरम्मत के अलावा रैम्प, शौचालय, बिजली, पानी आदि व्यवस्था की जॉच कर उपरोक्त व्यवस्था दुरूस्त करें। उन्होंने सभी सहायक अभियंताओं व उप अभियंताओं से कहा कि विधायक, सांसद निधि व अन्य योजनांतर्गत चल रहे कार्य अतिशीघ्र पूर्ण करे तथा पूर्ण एवं प्रगतिरत कार्यो की शासन को उपयोगिता प्रमाण पत्र भेजना सुनिश्चित करें, जिन कार्यो की उपयोगिता प्रमाण-पत्र नहीं भेज पाये है, उसे तत्काल भेजना सुनिश्चित करें। शासन द्वारा नया फार्मेट जारी किया गया है, जिसके आधार पर जानकारी भेजे। इसके अलावा उन्होंने शहर में चल रहे निर्माण कार्य के प्रगति की वार्डवार जानकारी लेकर कहा कि निर्माण कार्यो में तेजी लावे तथा कार्यो में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी फर्स्ट हाफ फिल्ड में रहकर सभी कार्य की मॉनिटरिंग करेंगे तथा मेट को दिनभर रहकर कार्य की जानकारी लेने निर्देशित करेंगे। ठीक से कार्य नहीं करने वाले ठेकेदारों को नोटिस जारी करें तथा प्रतिदिन के कार्यो की ग्रुप में फोटो शेयर करें। उन्होंने कहा कि कार्य की प्रगति से अवगत करायेंगे और पीडब्लूडी गाईड लाईन के आधार पर स्तरबद्ध कार्य करेंगे तथा उपयोगिता प्रमाण-पत्र भेजना सुनिश्चित करें, जिससे आगे के कार्य कराने राशि जारी हो सके।

सिलीबहार में कुपोषण की दी जानकारी

कांकेर/कोरर/नवप्रदेश। गुरुवार को सेक्टर हाटकर्रा के अंतर्गत ग्राम पंचायत धनेली के मिनी आंगनवाड़ी केंद्र सिलीबहार में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा कार्यक्रम मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पटेल भोंदू राम पटेल एवं अध्यक्षता खिलानंद ठाकुर प्रधान पाठक सिलीबहार ने की। सरस्वती अमिला शिक्षिका तथा जिला पोषण समन्वयक दीपक गोजे एवं सेक्टर पर्यवेक्षक श्रीमती अनुसूईया साहू तथा पंचायत के सभी कार्यकर्ता एवं माताएं उपस्थिति रही। कार्यक्रम की शुरुआत में सेक्टर पर्यवेक्षक अनुसूईया साहू द्वारा कार्यक्रम के रूपरेखा के बारे में बताया गया कि यह कार्यक्रम पोषण अभियान अंतर्गत पोषण पखवाड़ा 15 से 23 मार्च 24 तक दैनिक गतिविधियों का कैलेंडर अनुसार प्रतिदिन सभी आंगनबाड़ी केंद्र में मनाया जा रहा है कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कुपोषण एनीमिया के स्तर में कमी लाना एवं व्यक्तिगत समुदाय स्तर पर स्वास्थ्य पोषण शिक्षा देकर व्यवहार में परिवर्तन लाना है तथा ग्राम स्वच्छता पोषण दिवस के माध्यम से व्यापक प्रचार प्रसार करना ताकि कुपोषण एनीमिया में कमी लाया जा सके जिला पोषण

समन्वयक दीपक गोजे के द्वारा जिले में चलाए जा रहे ÷सी सेम ÷कार्यक्रम÷ के बारे में जानकारी दी गई। इसके अंतर्गत कुपोषित बच्चों के लिए ÷सी सेम ÷कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसमें समुदाय स्तर पर बच्चों को सुपोषित करने का प्रयास किया जा रहा है। सही पोषण वृद्धि निगरानी हर माह सभी बच्चों का वजन लेकर एवं गंभीर कुपोषित बच्चों का प्रति सप्ताह सही वजन ऊंचाई मेपिंग कर माता को स्वास्थ्य पोषण की शिक्षा दिए जाना ताकि कुपोषण को दूर करने का प्रयास किया जा सके तथा स्थानीय शाक सब्जियों का उपयोग एवं पोषण पुनर्वास के संबंध में विस्तार से जानकारी दिया गया इसी क्रम में ग्राम पटेल द्वारा उपस्थित माता को शासन के विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने के लिए आंगनवाड़ी केंद्र से जुड़े रहने हेतु प्रेरित किया गया एवं श्री भोंदू राम पटेल श्री खिलावन ठाकुर प्रधान पाठक द्वारा जीवन में शिक्षा का महत्व एवं नशा मुक्ति के संबंध में माता को जानकारी दिया गया ।तथा हीरामणि पाल आंगनवाड़ी कार्यकर्ता धनेली 1 के द्वारा स्थानीय साक सब्जियों फलों का उपयोग हमारे प्रतिदिन के दिनचर्या में कैसे किया जाना है विभिन्न प्रकार के भजियों का उपयोग करने के संबंध में माता को गोंडी भाषण गोंडी भाषा में जानकारी दी गई।

संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन में मना फाग उत्सव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। संस्कार सिटी कॉलेज ऑफ एजुकेशन, ठाकुरटोला-राजनांदगांव में फाग उत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त प्रशिक्षणार्थी एवं महाविद्यालय के समस्त सहायक अध्यापकों के द्वारा हर्ष उल्लास के साथ फाग उत्सव मनाया गया। कल्याण महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. गुरप्रीत कौर छाबड़ा के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।

प्रथम पृष्ठ का शेष

लेह में जवानों संग रक्षा...

बता दें कि काराकोरम रेंज में लगभग 20 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित सियाचिन ग्लेशियर को दुनिया के सबसे ऊंचे सैन्यीकृत क्षेत्र के रूप में जाना जाता है, जहां सैनिकों को जमा देने वाली सर्दी और तेज हवाओं से जूझना पड़ता है।

केजरीवाल के समर्थन में ...

वोट करने का अधिकार मिला और देश के लिए नेता खुद चुनने लगे लेकिन आज भगत सिंह, राजगुरु और सुखदेव की आत्मा तड़प रही होगी कि जिस आजादी के लिए कुर्बानियां दी थीं, उस देश में अब लोकतंत्र बचा नहीं है। श्री भगवंत मान ने कहा कि श्री अरविंद केजरीवाल को तो जेल में डाल लोगे, लेकिन उनकी सोच को कैसे गिरफ्तार करोगे? आज पूरे देश में इस बात को लेकर गुस्सा है कि भारतीय जनता पार्टी इस देश में तानाशाही लाना चाहती है। भाजपा का मानना है कि अगर दिल्ली में उनकी सरकार नहीं बनी तो वहां सरकार चलने नहीं देंगे, केवल उपराज्यपाल की चलेगी। अगर पंजाब में सरकार नहीं बनी तो राज्यपाल के जरिए परेशान करेंगे। अगर बंगाल और केरल में सरकार नहीं बनी तो राज्यपाल राज करेगा।

उन्होंने कहा कि बाबा साहब आंबेडकर का संविधान खतरे में है। देशवासियों से आग्रह है कि वह इकट्ठे हो जाये, वरना यह देश बर्बादी की तरफ चला जाएगा।

इस दौरान कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं दिल्ली सरकार में पूर्व मंत्री हारुन यूसूफ ने कहा कि इंडिया गठबंधन पूरी ताकत और पूरी मजबूती के साथ एक साथ खड़ा है। देश के लोकतंत्र का गला दबाने की कोशिश हो रही है। जिस तरह से मुख्यमंत्रियों की गिरफ्तारी की जा रही है, पहले हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी हुई और अरविंद केजरीवाल की हुई है। इंडिया गठबंधन के सभी घटक दल इस लड़ाई को पूरी ताकत के साथ लड़ेंगे। आप की वरिष्ठ नेता और मंत्री आतिशी ने कहा कि ये लोग हमें एक-एक करके जेल में डालना चाहते हैं। ये लोग चाहते हैं कि हम चुनाव न लड़ पाएं। इसलिए हम कोई लड़ाई-झगड़ा नहीं करेंगे। हम चुनाव आयोग से समय मांगेंगे और जिन पुलिसवालों ने पार्टी ऑफिस को सील किया है, उनकी शिकायत करेंगे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग अपने-अपने इलाकों में जाकर चुनाव की तैयारी करें।

जब्त वाहन को ले जाने पर मारपीट, 4 गिरफ्तार

कांकेर/नवप्रदेश। वन विभाग द्वारा अवैध लकड़ी तस्करी को जब्त किए जाने के बाद बदमाशो द्वारा जब्त वाहन और काष्ट को लेकर झगड़ा होने के बाद मामले में चार आरोपी को गिरफतार किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी अनुसार इंदिरा कल्याण एलिसेला वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देशन संदीप कुमार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भानुप्रतापपुर प्रशांत पैकरा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस भानुप्रतापपुर के पर्यवेक्षण में योगेश कुमार सोनी निरीक्षक थाना प्रभारी दुर्गूकोन्दल के नेतृत्व में थाना दुर्गूकोन्दल में दर्ज अपराध क्रंमाक 21/2024 के प्रार्थी के आवेदन पर से 21 मार्च 2024 को दोपहर 03.00 बजे पी.ओ.आर. से जप्तशुदा काष्ठ को न्यू शोल्ड लाल रंग की महिन्द्र ट्रेक्टर ट्राली में लोड करवाकर ट्रेक्टर चालक संतलाल टोहलिया निवासी सराधुघमरे के माध्यम से सराधुघमरे से भानुप्रतापपुर काष्ठागार भेजवा रहे थे मैं अपने अन्य सहकर्मी सुजीत सिंह खिलाड़ी प.र.डोरकाएन्हुर समीर कुमार नेताम प.र. घमरे/कोण्डें के साथ वाहन मारूति ब्रेजा क्रंमाक ष्टत्र 19 BP 7870 से ट्रेक्टर ट्राली से आगे चल रहे थें।साधुमिचगांव मोड़ के पास लगभग 08.30 बजे रात्रि में पहुंचे थे,कि बीच सड़क पर कैलाश राणा, हेमन्त कुमार, संतोष ध्रुवा सभी निवासी गुमडीडिही तथा सोनूराम पुडो निवासी पुडोमिचगांव के द्वारा ट्रेक्टर को रोककर वाहन चालक को मां-बहन की गाली गलौच करने लगे ट्रेक्टर को रोककर भानुप्रतापपुर काष्ठागार जाने नहीं दे रहे थें हमारे द्वारा उन लोगों को ट्रेक्टर क्यों जाने नहीं दे रहे हो यह जप्तशुदा पी.ओ.आर.लकडियां,जिसे हम भानुप्रतापपुर काष्ठागार लेकर जा रहे हैं फिर वो लोग कैलाश राणा, सोनूराम पुडों, संतोष ध्रुवा,हेमन्त कुमार के द्वारा गाली गलौच करने लगे इसी दरम्यान पास के गुमडीडीही-पुडोमिचगांव ग्राम के अन्य व्यक्ति वहां अचानक से पहुंच गये, वे लोग भी साथ मिलकर एक राय होकर गाली गलौच देकर जान से मारने की धमकी देने लगे। अंधेरा होने के कारण मैं अन्य लोगों को नहीं पहचान पाया। कैलाश राणा के द्वारा व अन्य लोगो के द्वारा अश्लील गाली गलौज कर हाथ मुक्के लात डण्डा से समीर नेताम के सिर को मारा गया जिससे समीर नेताम के सिर में चोंट आई जिससे काफी खून बहने लगा और वह वहीं गिर गया बीच बचाव में दिनेश साहू को भी संतोष ध्रुवा द्वारा डण्डें से सिर पर वार किया जिससे सिर पर चोंट लगी हैं,जिसे सीएचसी दुर्गूकोन्दल में ले जाकर ईलाज कराया गया व जरिये सूचना पर तस्दीक करने हमराह स्टाफ के रवाना होकर सूचनाकर्ता के बताये हुये स्थान पर जाकर व सूचनाकर्ता के द्वारा बताये गये व्यक्तियों व प्रार्थी को थाना तलब कर पूछताछ करने पर प्रार्थी की रिपोर्ट पर कैलाश राणा,हेमन्त कुमार, संतोष ध्रुवा निवासी गुमड़ीडीह एवं सोनूराम पुडों निवासी पुडोमिचगांव व अन्य के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान घटना कारित कर फरार आरोपियों कि पतातलाश में रवाना होकर व आरोपी कैलाश राणा,हेमन्त कुमार,संतोष ध्रुवा निवासी गुमडीडिही एवं सोनूराम पुडों निवासी पुडोमिचगांव को थाना तलब कर पूछताछ करने पर अपराध स्वीकार करने पर 22 मार्च 2024 को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया ।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्प्लेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे, स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 0771-3526755, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

न्यूज गैलरी

धनोरा में जलाया गया नारियल नींबू की होलिका

दुर्ग। बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग जिले से लगभग 6 किलोमीटर पास एवं भिलाई रिसाली से लगा हुआ एक ऐसा गांव है पुरे छत्तीसगढ़ में जहां पर नींबू नारियल पुराना कपड़ा का होली जलाया जाता है। धनोरा में 24 मार्च को शाम 4 बजे दरबार के सभी भक्तजन इकठ्ठा होकर फिर नाला के पास बिराजे बघुवा के मुरती में जाकर पुजा पाठ करके लालरंग के चुनरी चढ़ा कर नारियल पानफुल मिठाई हार एवं केसरईया झंडा चढ़ा कर सभी भक्तों की खुशहाली एवं स्वस्थ्य जीवन के लिए प्रार्थना कर दरबार में आकर दरबार के श्री लक्ष्मण बाबा एवं नंद पंडा मनोज पटेल राजू यादव एवं गज्जू रायपुरिया के द्वारा हनुमान जी एवं होलीका के पुजा पाठ करके फिर चकमक की चिंगारी से होली जलाया गया। भक्तगण अपने अपने शरीर से पुराना कपड़ा नारियल नींबू उतार कर होली में डाल कर अपने अपने स्वस्थ जीवन की खुशहाली एवं मंगल कामना के लिए प्रार्थना किया। रात्रि में श्री राधा कृष्ण फाग एवं सेवा भंजन मंडली के भाई गुलाब साहू के मंडली द्वारा फाग गीत गाया जाएगा। सभी भक्तजन नगाड़े के थाप पर थिरकते हुए नजर आए। एक दुसरे रंग गुलाल लगा कर भाईचारे से मिलकर अपने अपने घर को चले गए हैं। यहां होली में सामिल होने के लिए बहुत दुर दुर से लोग आते हैं और होली में सामिल होते हैं। इस तरह से होली मात्र छत्तीसगढ़ के दुर्ग जिले के धनोरा गांव में ही जलते हैं। उक्त जानकारी दरबार प्रति निधि चंद्र कांत कोसरे एवं कुंज लाल साहू ने दी।

जोगी परिवार ने छोड़ा सागौन बंगला, अमित ऐश्वर्य जोगी ने कहा-अलविदा

रायपुर/नवप्रदेश। 2 दशक भर से छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री स्वर्गीय अजीत प्रमोद जोगी परिवार का आशियाना रहा सागौन बंगला को श्रीमती रेणु जोगी और छ्ष्ष्ष्छ्ष सुप्रीमो अमित ऐश्वर्य जोगी ने अलविदा कह दिया है। बंगले को छोड़ने के बाद ङ्ग पर छोटे जोगी ने यह संदेश लिखा- होलिका दहन की पूर्व संध्या के अवसर पर पिछले दो दशकों से जोगी परिवार के अधिकृत सरकारी निवास सागौन बंगला की चाबी मेरी माँ ने विधिवत छत्तीसगढ़ शासन के लोक निर्माण विभाग को वापस सौंप दी। अब जोगी निवास का नया पता- सीएम हाऊस सिविल लाइंस रायपुर रहेगा।

ई ग्राम स्वराज पोर्टल एवं जीपीडीपी विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला पंचायत संसाधन केन्द्र अंजोरा (ख) में दुर्ग जिला के विकासखंड दुर्ग, धमधा व पाटन के समस्त सचिवों को पंचायत विकास सूचकांक ई ग्राम स्वराज पोर्टल एवं जीपीडीपी विषय पर एक दिवस की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमे श्रीमती काव्या जैन उपसंचालक पंचायत के द्वारा गुणवत्तापूर्ण जीपीडीपी बनाने हेतु मार्गदर्शन दिया गया एवं पंचायत विकास सूचकांक कार्य को विशेष रूप से ध्यान रखते हुए 25 मार्च 2024 तक सम्पन्न करने कहा गया एवं पंचायत सम्बंधित ऑडिट की समस्या पर चर्चा किया गया।

स्वामी आत्मानंद के चार बच्चों का सैनिक स्कूल में चयन

■ बेहतर तालीम और शिक्षिका की मेहनत लाई रंग

नव प्रदेश संवाददाता

कुम्हारी। स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल जंजगिरी के चार छात्र-छात्राओं रुचि साहू, नितिन साहू, नितेश साहू एवं हिमांशु साहू का चयन कक्षा 9 के लिए सैनिक स्कूल अंबिकापुर में हुआ है द्य इन छात्र-छात्राओं ने यह सिद्ध कर दिया कि अगर व्यक्ति के अंदर प्रतिभा और लगन है तो उसे आगे बढ़ने से कोई रोक नहीं सकता द्य यहां तक की गरीबी भी उनके राह में बाधा नहीं बन सकती द्य इन बच्चों की तैयारी करने वाली मेंटोर शिक्षिका अंजना सिंह ने बताया कि उनके चारों विद्यार्थी जिनका चयन सैनिक स्कूल की लिखित परीक्षा में हुआ हैं, वे सभी आर्थिक रूप से बेहद ही कमज़ोर हैं और यहां तक पहुंचने में टीचर के मार्गदर्शन के साथ उनकी स्वयं की मेहनत और लगन का बहुत बड़ा योगदान है द्य आज समाज के उन सभी लोगों को इन बच्चों से सीख लेने की आवश्यकता है जो शासकीय स्कूलों को कमतर आंकते हैं द्य यह धारणा बन चुकी है कि शासकीय स्कूलों में ठीक से पढ़ाई ही नहीं होती लेकिन इन बच्चो ने अपनी कड़ी मेहनत से इस धारणा को गलत सिद्ध किया है द्य उन्होंने बताया कि उनके चारों ही विद्यार्थी एकदम साधारण परिवारों से आते हैं द्य रुचि साहू के बारे में उन्होंने बताया कि एक लड़की के सैनिक स्कूल में चयनित होने से वह स्वयं को बहुत ही गौरवान्वित महसूस कर रही है द्य रुचि साहू ,पिता मोहन साहू एवं माता जयश्री साहू की 3 पुत्रियों में से ज्येष्ठ पुत्री है द्य उसकी माता एक सामान्य ग्रहणी एवं पिता कृषि मजदूर है द्य जो किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे हैं द्य ऐसे में रुचि का सैनिक स्कूल में चयन उनके लिए हर्ष के साथ-साथ चिंता का भी विषय है क्योंकि सैनिक स्कूल की फीस काफी ज्यादा होती हैद्य दूसरे छात्र नितिन साहू के पिता बलदेव साहू पेशे से एक मिस्त्री है और लोगों के घर बनाने का कार्य करते हैं द्य उसकी माता सुशीला साहू भी सामान्य ग्रहणी हैंद्य तीसरे छात्र नितेश साहू के पिता लेखराम साहू सरकारी स्कूल के अध्यापक हैं और माता चुनेश्वरी साहू एक साधारण गृहिणी हैं द्य चौथे छात्र हिमांशु साहू के पिता कौशल साहू एक प्राइवेट फर्म में कार्य करते हैं और उनकी माता उत्तरा साहू भी एक साधारण गृहणी है द्य इन सभी के माता-पिता ने मेंटोर शिक्षिका अंजना सिंह को इसके लिए धन्यवाद देते हुए कहा है कि उनके बच्चों की सफलता का सारा श्रेय पूरी तरह से अंजना सिंह जी को ही जाता है द्य उन्होंने बच्चों पर अतिरिक्त समय देकर बहुत अधिक परिश्रम किया है द्य शिक्षिका ने बताया कि इस परीक्षा की तैयारी के लिए उन्होंने एक विशेष रणनीति बनाई थी जिसके तहत बच्चों को शॉर्ट ट्रिक्स एवं टाइम मैनेजमेंट का अभ्यास कराया द्य उन्होंने कहा कि उनके जीवन में घड़ी का बहुत महत्व है यही टिप उन्होंने बच्चों को भी दिया कि जब भी पढ़िए घड़ी सामने रखिए द्य उनका यह मानना है कि बच्चे सवालों को हल तो किसी तरह कर लेते हैं , किंतु दिए गए समय के अंदर ही उन्हें सवालों को पारंपरिक विधि से हल करने में बहुत मुश्किल होती है तो इसी का अभ्यास एवं मार्गदर्शन उन्होंने बच्चो को दिया, और आज परिणाम सामने है द्य समय देखकर कार्य करने से सफलता मिलनी लगभग तय हो जाती है द्य चार बच्चों के सैनिक स्कूल में चयन की खबर से ग्राम जजंगिरी में हर्ष का माहौल है द्य प्राचार्य मिनी गोपीनाथन , इंग्लिश एवम हिन्दी मीडियम के समस्त शिक्षक शिक्षिकाए एवं एसएमडीसी के समस्त सदस्यों ने मेंटोर शिक्षिका अंजना सिंह एवं विद्यार्थियों को बधाई दी है। प्राचार्य मिनी गोपीनाथन ने शाला की सफलता को एक नया अध्याय जुड़ने की बात कही और सभी बच्चो को आशीर्वाद दिया द्य संस्था के सबसे वरिष्ठ व्याख्याता एम के राजपूत ने भी शिक्षिका एवं बच्चो को बधाई दी।

नशीली दवा के साथ 3 गिरफ्तार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र में एसीसीयू की टीम ने दबिश दी है। टीम ने मेडिकल स्टोर संचालक पर कार्रवाई की है। बताया जा रहा है कि मेडिकल एजेंसी संचालक नशीली दवाओं का भी कारोबार कर रहा था। जानकारी के मुताबिक, जीवन रेखा परिसर में संचालित राकेश मेडिकल एजेंसी में शुक्रवार शाम को एसीसीयू की टीम ने छापेमारी की। जहां से बड़ी मात्रा में नशीली दवाइयों का कार्टून मिला। कार्टून में अल्प्रजोलम और स्पोस्मो प्रॉक्सिवोन की टैबलेट्स मिली। मेडिकल एजेंसी संचालक का नाम राकेश बंछोर बताया जा रहा है। टीम ने टैबलेट को जब्त कर आगे की कार्रवाई के लिए मामला कोतवाली पुलिस के सुपुर्द कर दिया है। आगे की लिखा-पढ़ी के बाद कोतवाली पुलिस मेडिकल एजेंसी संचालक की निशानदेही पर आगे की कार्रवाई कर रही है। वहीं क्राइम टीम ने अन्य स्थानों पर भी दबिश दी है। फिलहाल वहां तलाश जारी है। बताया जा रहा है कि जिले के कोतवाली थानाक्षेत्र में अवैध रूप से नशीली दवाओं के कारोबार की सूचना एसीसीयू प्रभारी कपिल देव पांडे को मिल रही थी। इस पर एसपी जितेंद्र शुक्ला से मार्गदर्शन के बाद इसमें दो एसीसीयू के स्टाफ को पतासाजी में लगाया गया। तीन दिन बाद एसीसीयू प्रभारी पांडे ने टीम के साथ दबिश दी और आरोपी राकेश बंछोर को नशीली दवा के साथ गिरफ्तार किया। फिर सीएसपी ट्रेनी आइपीएस चिराग जैन, ट्रेनी डीएसपी आकांक्षा पांडेय और कोतवाली प्रभारी भी मौके पर पहुंचे थे।

कार की टक्कर से वृद्ध की मौत, लगा हत्या का आरोप

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जिले के पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत समृद्धि बाजार के सामने एक कार चालक ने तेज रफ्तार में स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी चालक की मौके पर मौत हो गई। दुर्ग पुलिस इस मामले को जहां दुर्घटना बता रही है, वहीं गोयल चुस्की चाय के संचालक ने आरोप लगाया है कि इनोवा जैन चुस्की चाय वालों की है और वो उन्हें मारने आई थी। घटना शनिवार शाम 7-8 बजे के बीच समृद्धि बाजार के सामने गांधी स्कूल जाने वाली रोड की है। यहां एक सफेद रंग की इनोवा कार सीजी 04 एन पी 5566 तेजी से आई और स्कीटी सीजी 07 बीके 0971 को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी उसे चला रहे निखिल वर्मा (65 वर्ष) निवासी साइन नगर सिकोला भाठा दूर जा गिरे।

सिर में गहरी चोट आने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद इनोवा चालक वहां से भागने लगा। काफी रफ्तार में होने के चलते वो संभल नहीं पाया और तीन-चार और लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। घायलों को भी इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही पदमनाभपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा होने पर पुलिस ने भीड़ को इधर उधर किया। इसके बाद मृतक के शव का पंचनामा करके उसे जिला अस्पताल के पास स्थित मरचुरी में पीएम के लिए भेजा गया है। दुर्घटना के बाद इनोवा कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने कई जगह नाकेबंदी करके उसे पकड़ने के लिए तलाश की, लेकिन वो भागने में कामयाब हो गया। पुलिस घटना स्थल के आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है। गोयल चुस्की चाय के संचालक भूपेश कुमार गोयल उर्फ अबीर गोयल ने इसे दुर्घटना ना बताकर हत्या बताया है। उसने बताया कि जिस इनोवा कार ने टक्कर मारकर एक की जान ली है वो रायपुर के जैन चुस्की वालों की गाड़ी है। गोयल चुस्की और जैन चुस्की के बीच ब्रैंड नेम को लेकर काफी लंबे समय से विवाद चल रहा है। जैन चुस्की ने गोयल चुस्की के खिलाफ अब तक 4 बार एफआईआर दर्ज कराई है, लेकिन हर बार वो दस्तावेजों पर हार जाते हैं। जब वो कानून से नहीं जीत पाए तो उन्होंने उनकी हत्या करने की साजिश की है। अबीर ने बताया कि उसके पास सीसीटीवी कैमरे की फुटेज कि वो इनोवा उनके घर के पास तीन से चार बार चक्कर काट चुकी थी। शाम को जब उनके बड़े भाई समृद्धि बाजार की तरफ घूमने गए तो उस इनोवा ने उन्हें पीछे टक्कर मारी। इसके बाद वो भागने के चलते कई अन्य लोगों को टक्कर मारा और उसमें एक स्कूटी सवार की मौत हो गई। अबीर गोयल ने बताया कि उसके बड़े भाई को भी चोट लगी है और उसका उपचार चल रहा है। पुलिस का कहना है कि वो इस एंगल से भी मामले की जांच कर रही है।

महकाकला में लगा स्वास्थ्य शिविर

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग द्वारा निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में एवं खदान क्षेत्रों में किया जाता है। इसी क्रम में आदर्श इस्पात ग्राम महकाकला में निःशुल्क चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। महकाकला में आयोजित स्वास्थ्य शिविर में कुल 22 लोगों की जांच की गई जिसमे ग्रामवासी स्वस्थ पाए गए। लाभान्वित ग्रामवासियों में 16 महिला, 2 पुरुष एवं 4 बच्चे सम्मिलित थे। शिविर में सामान्य जांच, शुगर, बीपी जांच के अतिरिक्त निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गई। शिविर में चिकित्सक सरस्वती एवं इस्पात कल्याण चिकित्सालय के अन्य स्टाफ शामिल थे। संयंत्र अपने आस-पास के परिधीय क्षेत्रों में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य की निःशुल्क सुविधा काफी लंबे समय से उपलब्ध कराता आ रहा है। इसका उद्देश्य दूरस्थ ग्रामीण एवं वनांचल क्षेत्र में रहने वाले लोगों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। संयंत्र के सीएसआर विभाग द्वारा सामाजिक उत्तरदायित्वों का निर्वहन करते हुए निरंतर स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन संयंत्र के परिधीय क्षेत्रों तथा खनि नगरियों में किया जा रहा है।

संगठन ने मनाया शहीद दिवस

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। पावर हाउस चौक में कल्याण सेवा जनजागृति संगठन द्वारा शहीद भगत सिंह, शहीद शिव राम हरी राजगुरु, शहीद सुखदेव थापर की शहादत दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम मे प्रदेश अध्यक्ष सुमन कुमार शील, दीपक मिश्रा, अवतार सिंह, सुब्रत रॉय, निर्मल सिंह, राजेश कौशिक, राजू गुप्ता, मोहन रेड्डी, सहित वार्ड क्रमांक 38 के समस्त सदस्य गण उपस्थित थे इस अवसर पर शहीद के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवम दीप प्रज्ज्वलित किया गया इसके अलावा तीनो शहीद के नाम पर दीप बैलून उड़ा कर स्मरण किया गया और दो मिनट का मोन धारण कर श्रद्धाजली अर्पित की गई। उक्त जानकारी सुप्रभात शील ने दी।

सिंटर संयंत्र-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के सिंटर प्लांट-3 में सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का समापन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य महाप्रबंधक प्रभारी (लौह) तापस दास गुप्ता थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुख्य महाप्रबंधक (सिंटर प्लांट) अनूप कुमार दत्त द्वारा की गई। कार्यक्रम में महाप्रबंधक एवं प्रभारी (सिंटर प्लांट-3) एमआर के शरीफ, महाप्रबंधक एवं प्रभारी (सिंटर संयंत्र -2) जागेंद्र कुमार के साथ-साथ बड़ी संख्या में वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे।

विदित हो की 16 मार्च 2024 के दिन कार्यपालक निदेशक (वर्क्स) अंजनी कुमार ने इस सुरक्षा जागरूकता सप्ताह का उद्घाटन किया गया था। कार्यपालक निदेशक (कार्मिक एवं प्रशासन) पवन कुमार एवं अन्य उच्च अधिकारियों ने भी सुरक्षा प्रदर्शनी का अवलोकन किया एवं इसकी सराहना की। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया गया। इसमें सर्वश्रेष्ठ कन्वेयर गैलरी, सर्वश्रेष्ठ टेक्नोलॉजीकल बिल्डिंग, सर्वश्रेष्ठ एवं व्यवस्थित कक्ष, सर्वश्रेष्ठ जंक्शन हाउस, सर्वश्रेष्ठ टूल बॉक्स टाक, सर्वश्रेष्ठ ब्रिगेड नियर मिस की रिपोर्टिंग, पोस्टर, कविता, सेफ्टी स्टीवार्ड्स, सुरक्षा प्रदर्शनी इत्यादि के विजेतणओं को पुरस्कृत किया गया।

अग्निशमन कर्मियों ने दिखाई बहादुरी

भिलाई। तीन जगह आगजनी की घटना हुई है। सुरेंद्र विश्वकर्मा प्लाइवुड वर्कशॉप रावणभाठा सुपेला नितिन वर्मा चश्मा टोपी बेल्ट की दुकान और इसी दुकान से लगा हुआ यू श्रीदर आलू प्याज़ गोदाम में आग की सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीम तत्काल रवाना किया गया और वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने दुकान में लगी आग को बड़ी सावधानी से आग से भरे दुकान के अंदर घुसकर सिलेंडरों को बड़े बहादुरी से बाहर निकाला एक - एक गाड़ी पानी की मदद से आग पर क़ाबू पाया और आग को आस पास के दुकानो एवं अन्य की तरफ़ बढ़ाने से रोक लिया गया।

होली में जलाना, मनाना फिर मंगल मिलन : रीटा

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। रंगो का पर्व होली के शुभ अवसर पर प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय के राजऋषि भवन केलाबाड़ी व आनंद सरोवर बघेरा में होली का पर्व अत्यंत ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। होली पर्व के अध्यात्मिक रहस्य को स्पष्ट करते हुए रीटा बहन संचालिका (ब्रह्माकुमारीज दुर्ग) ने बताया कि जब हम प्रतिपल परमात्म संग का अनुभव करते हैं तो परमात्मा के गुण पवित्रता, सुख, शान्ति, आनंद, प्रेम का जीवन में संचार होने लगता है । होली की विशेषता है जलाना, फिर मनाना और फिर मंगल मिलन करना। इन तीन विशेषताओं से यादगार बना हुआ है। क्योंकि पवित्र बनने के लिए पहले पुराने संस्कार, पुरानी स्मृतियाँ सभी को परमात्मा के याद की अग्नि मे जलायेंगे तभी परमात्मा के संग का रंग लगेगा जब परमात्मा के संग का रंग लग जाता है तब हर मनुष्य आत्मा परमात्मा की संतान लगती है व विश्व की सर्व आत्माओं से परमात्म परिवार की महसूसता होने लगती है। परमात्म परिवार होने के कारण हर आत्मा के प्रति शुभ कामना स्वतः ही स्वभाविक संस्कार बन जाती है। इस अवसर पर आत्म स्मृति स्वरूप सभी को गुलाल का तिलक लगाया गया व रंगों के स्थान पर पुष्पों की वर्षा की गयी व रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ जिसमें कुमारी युक्ति, जागृति, चंद्राणी, मौसमी, रुचिका के द्वारा राधा-कृष्ण संग गोपियों के रास की मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित सभाजनों को भाव विभोर कर दिया। इस पर्व को मनाने के लिए ब्रह्माकुमारी संस्थान सेजुड़े हुए एवं अनेक स्थानों से तथा सूदूर ग्रामीण अंचलों से काफी संख्या में लोग उपस्थित हुए मंच संचालन रुपाली बहन व चैतन्य प्रभा बहन ने किया।

परिवर्तन महिला स्व सहायता समूह के हुनर से महिलाओ में बही परिवर्तन की बयार

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। परिवर्तन महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं ने आज भीड़ में अलग पहचान बनाने में सफल हो रही है। समूह की महिलाओं की हाथों में हुनर है और वैज्ञानिक तथा तकनीकि कामों में दक्ष हो गई है। इस हुनर से समूहों को अलग पहचान मिल रही है। विगत दिनों पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने भेट मुलाकात कार्यक्रम में शामिल होने दुर्ग पहुंचे थे।

इस दौरान परिवर्तन महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष गीता राजपूत ने समूह के बारे में विस्तृत जानकारी दी। श्री बघेल गीता राजपूत की बेबाकी से बेहद गदगद नजर आए, जो काफी दिनों तक चर्चा का विषय बना रहा। आपके बता दे कि दुर्ग जिले के बघेरा निवासी गीता राजपूत की अध्यक्षता में स्व सहायता महिला समूह परिवर्तन संचालित हो रही है । उनके नेतृत्व में महिला समूह के सदस्यो के जीवन में परिवर्तन की बयार बह रही है । इस समूह की महिलाए कई तरह की प्रोडक्ट बना रही है । धान का दुल्हन सेट , धान का बैच, गोबर का दिया , गणवेश सिलाई , रंगोली , तिली के लड्डू , वाशिंग पावडर, हर्बल गुलाल, धूपबत्ती , फिनाइल , मौली धागा की राखी , धान की राखी , चावल की राखी , रुद्राक्ष की राखी , गोबर की राखी आदि। परिवर्तन महिला स्व सहायता समूह की अध्यक्ष गीता राजपूत ने बताया कि स्व सहायता समूह के एक एक समूह में 10 से 12 सदस्य जुड़े हुए है । हमारी महिला स्व सहायता समूह के माध्यम बहुत सारी महिला समूह का गठन हुआ है इसमें हर समूह में कुछ न कुछ बनाने का काम चल रहा है । हमारा जो एक समूह है उसमे स्वास्थ केन्द्र बघेरा में पीएससी में खाना सप्लाई होता था । मरीजों के लिए हमारी समूह में गणवेश सिलाई भी किया गया था। प्रतिवर्ष गणेश चतुर्थी से लेकर दीपावली तक रंगोली का कार्य भी किया जाता है। गीता राजपूत ने आगे बताया कि जनवरी माह में तिली लड्डू बनाया जाता है अभी सिलाई का कार्य चल रहा है ध्वज सिलाई के साथ ही होली में हर्बल गुलाल भी बनाया गया था । धूपबत्ती का निमार्ण भी किए है और हमारी एक और समूह है जो वाशिंग पावडर भी बना रही है । अब हम चाहते है कि हमारा प्रोडक्ट मार्केट तक पहुंचे। और सभी महिलाए कई तरह के प्रोडक्ट का निर्माण कर अपने आय का जरिया दुगुना बना सके। हमारा प्रयास है हर महिलाओ को आत्मनिर्भर करना है और उनके लिए आय का जरिया उत्पन्न करना है।

संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा कार्यशाला आयोजित

नव प्रदेश संवाददाता

भिलाई। इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएँ विभाग में राजभाषा कार्यशाला और प्रमाण पत्र वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, महाप्रबंधक प्रभारी (नगर सेवाएँ विभाग) विजय कुमार शर्मा थे। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों व राजभाषा अनुप्रयोग में उल्लेखनीय कार्य कर रहे कार्मिकों को मुख्य अतिथि श्री विजय कुमार शर्मा द्वारा प्रमाण पत्र प्रदान कर उन्हे प्रोत्साहित किया गया। कार्यशाला में राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग पर बल दिया गया। इस अवसर पर नगर सेवाएँ विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। विजय कुमार शर्मा ने राजभाषा के अधिकाधिक प्रयोग पर बल देते हुए राजभाषा के क्षेत्र में नगर सेवाएँ विभाग की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। उन्होने सम्मान प्राप्त कर रहे समस्त प्रतिभागियों को बधाइयाँ एवं शुभकामनाएँ देते हुए कहा, कि नगर सेवाएँ विभाग द्वारा राजभाषा को प्रोत्साहन देने के लिए इस तरह के कार्यशालाओं एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन नियमित रूप से जारी रहेगा। कार्यशाला के आरंभ में, सहायक महाप्रबंधक (आवास एवं राजस्व) एवं हिन्दी समन्वयन अधिकारी यशवंत साहू ने स्वागत उद्बोधन प्रस्तुत किया तथा हिन्दी लेखन के मूलभूत तत्वों एवं अनिवार्यताओं के विषय में बताते हुए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। कार्यक्रम का संचालन अनुभाग अधिकारी श्रीमती सुलेखा नायक ने किया तथा कार्यक्रम के अंत में कनिष्ठ अधिकारी (पीएचडी) मुकुन्द दास मानिकपुरी ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

रश्मि सिंह पंचतत्व में विलीन, डॉ. महंत व जयसिंह हुए शामिल

कोरबा/नवप्रदेश। प्रदेश महिला कांग्रेस की महामंत्री व समाज सेविका, डॉ. जयपाल सिंह की धर्मपत्नी श्रीमती रश्मि सिंह का शनिवार को आकस्मिक दुःखद निधन हो गया। उनकी यात्रा आज राजेन्द्र प्रसाद नगर स्थित निवास से प्रारंभ हुई और पोड़ीबहार के मुक्तिधाम में उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस दौरान उपस्थित परिजनों, शुभचिंतकों व नगरजनों ने उन्हें नम आंखों से अंतिम विदाई देते हुए मृतात्मा की शांति के लिए 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की और शोकाकुल डॉ. जयपाल सिंह सहित परिवार को ढांढस बंधाया। स्व. रश्मि सिंह की अंतिम यात्रा में विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत, पूर्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल, महापौर राजकिशोर प्रसाद, सभापति श्यामसुंदर सोनी, हरीश परसाई, यूआर महिलांगे सहित बड़ी संख्या में शुभचिंतक शामिल हुए।

नियम तोड़ने वाले 27 भारी वाहनों पर कार्रवाई कर वसूले 32 हजार

कोरबा/नवप्रदेश। बाइपास मार्ग निर्माण होने के बाद भी शहर के अंदर से भारी वाहनों की आवाजाही लगातार जारी है। इससे दुर्घटना होने का खतरा बना हुआ है। शिकायत मिलने पर कटघोरा पुलिस ने भारी वाहनों के विरुद्ध अभियान चला कर जुर्माना लगाया।

लोकसभा चुनाव की आचार संहिता और होली पर्व के मद्देनजर पुलिस एक्शन मोड पर है। ऐसे हर मामलों में कार्रवाई की जा रही है जिससे किसी भी तरह का नुकसान हो सकता है। शांति समिति की बैठक में पुलिस ने कई पहलू सामने विचार करते हुए कार्रवाई भी शुरू कर दी है। भारी वाहनों के शहर के भीतर घुसने की जानकारी मीडिया की ओर से देने पर पुलिस ने ऐसे वाहन चालकों के विरूद्ध अभियान छेड़ दिया है। थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने रात्रि को चेक प्वाइंट बनाने के साथ एक्शन लिया। इस कड़ी में कई वाहनों की धरपकड़ की गई, जो नियम तोड़ते मिले। नगर निरीक्षक तिवारी ने बताया कि 27 भारी वाहनों पर कार्रवाई करते हुए 31 हजार 900 रुपये जुर्माना किया गया। वहीं शराब के नशे में वाहन चलाते पकड़े गए एक चालक पर मोटर व्हीकल एक्ट के अंतर्गत धारा 385 की कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि व्यापक जनहित में इस प्रकार का अभियान लगातार चलाएंगे।

पुलिस अधीक्षक के आदेश पर सजग कोरबा के तहत गांव में जाकर किया जा रहा जागरूक

■ **ग्राम पहुंच कर थाने में लंबित 6 शिकायतों का निराकरण**

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी के द्वारा जनप्रतिनिधि एवं किसानों का बैठक लिए जाने एवं सजग कोरबा के तहत उन्हें जागरूक किया जाने हेतु थाना/चैकी प्रभारियों को निर्देशित किया गया है।

थाना चौकी प्रभारियों को उनके थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव में रहने वाले ग्रामीण कृषक मितानिन एवं जनप्रतिनिधियों का बैठक बुलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना/चैकी प्रभारी एवं उनके स्टाफ के द्वारा ग्राम पंचायत भवन में जन प्रतिनिधि और ग्रामीणों का बैठक लिया गया बैठक में उपस्थित लोगो को वर्तमान में सरहदी जिलों में हुई उठाईगीरी की घटनाओं के संबंध में लोगो को बताया गया और किस गलती के कारण वहां घटना घटित हुआ उसके बारे में विस्तृत जानकारी दिया गया एवं लोगों को इस संबंध में समझाइश दिया गया कि कभी भी बैंक जाएँ तो हमेशा अकेले न जाकर दो तीन लोगो को साथ लेकर जाए, किसी अनजान लोगो से बात न करे और सीधे घर जाएँ, कहीं पान ठेला या चाय ठेला में न रुके इस बैठक में सरपंच, मितानिन एवं ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर इस बैठक में हिस्सा लिए। सजग कोरबा के तहत पैम्फ्लेट सभी को वितरण किया गया और पैम्फ्लेट के माध्यम से सजग कोरबा का प्रचार करने के लिए निवेदन किया गया।

पुलिस के द्वारा लिए गए बैठक में महिलाओं को समझाइश दिया गया कि महुवा का सीजन आने वाला है जब भी महुवा बीनने जाएँ तो अकेले महिलाएँ जंगल न जाए और न ही बच्चे बच्चियों को महुवा बीनने जंगल तरफ भेजे। महुवा बीनने हमेशा तीन चार लोग एक साथ जाए। इसके अतिरिक्त उपस्थित लोगो को साइबर अपराध होने पर नजदीकी थाने या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 में तुरंत फोन कर अपनी शिकायत दर्ज कारवाना है। एटीएम संबंधी ठगी के संबंध में ग्रामीणों को जागरूक किया गया, सेक्सटार्शन एवं महिला संबंधी अपराध की जानकारी दिया गया। सड़क दुर्घटनाओं की संख्या बहुत ज्यादा होने की बात बताते हुए लोगो को शराब पीकर गाड़ी नहीं चलाने एवं यातायात नियमों का पालन करने को कहाँ गया। वहाँ उपस्थित लोगो को इस संबंध में पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्राप्त जन जागरूकता संबंधित पैम्फ्लेट का वितरण किया गया। लोगो को डायल 112 एवं हाईवे में आपातकालीन नम्बर 1033 के बारे में जानकारी दिया गया। गांव के नागरिकों की बैठक लेकर सौहद्रपूर्वक होली त्यौहार मनाने एवं शांतिपूर्वक आगामी लोकसभा चुनाव संपन्न कराने में सहयोग करने हेतु हिदायत दिया गया। पुलिस के द्वारा ग्राम भ्रमण के दौरान ग्रामीणों की समस्याओं को सुना गया और पूर्व में प्राप्त कुल 6 सदरी शिकायत का निकाल भी किया गया।

चोरी के प्रकरण में 3 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

■ **पुलिस के द्वारा थाना दीपका के 1 और बॉकीमोंगरा के 2 चोरियों के मामले का किया खुलासा**

कोरबा/नवप्रदेश। सूना मकान देखकर ताला तोड़ कर अंदर घुस सोने- चांदी के जेवरात समेत नगद रकम पार करने वाले तीन आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। आरोपितों के पास से चोरी किए गए सामान को भी बरामद किया गया। घटना में शामिल एक आरोपित फरार हो गया है।

19 से 21 मार्च के मध्य पूर्णिमा महंत के घर का ताला अज्ञात चोरों ने तोड़कर सोने, चांदी के जेवर व नगदी रकम की चोरी कर ली। पुलिस ने मामला कायम कर विवेचना शुरू की। दीपका थाना प्रभारी युवराज तिवारी ने टीम गठित कर घटना स्थल का निरीक्षण किया और प्रार्थी व उसके स्वजनों का बयान लेकर आरोपितों की पतासाजी शुरू की। इस बीच पुलिस ने पूर्णिमा के संदेह के आधार पर अनिकेत कुमार कंवर उम्र अंशु 20 वर्ष निवासी जुनाडीह दुर्गा पंडाल के पास विजयनगर थाना दीपका को पकड़कर पूछताछ किया। पहले तो वह टालमटोल की नीति अपनाते रहे, पर बाद में चोरी करना स्वीकार कर लिया। उसने पुलिस को बताया कि गांव मे घूमते समय सूने मकान और दरवाजे में ताला लगा देखकर अपने साथी उत्तम पठारी उर्फरफ्तार 25 वर्ष निवासी मोंगरा बस्ती गंगा जायसवाल पार्षद के घर के पास को जानकारी दिया।

उसके बाद अपने दोस्त धीरज झा 25 वर्ष निवासी पानी टंकी के पास थाना बांकीमोंगरा व ओम प्रकाश उर्फ सोनु उर्फ लेपटाप निवासी बांकीमोंगरा के साथ बाइक से विजयनगर आए और प्रार्थी के गैंती से घर का ताला तोडकर सोने, चांदी एवं नगदी रकम को चोरी कर लिया। पुलिस ने आरोपित अनिकेत उर्फ अंशु के निशानदेही पर बांकीमोंगरा निवासी उत्तम पठारी एवं धीरज झा को पकड़ा। दोनों आरोपितों ने पूछताछ में बांकी थाना अंतर्गत ग्राम नागिनभाठा एवं जवाली के सूने मकानों में भी चोरी करना स्वीकार किया। घटना में शामिल एक आरोपित ओमप्रकाश उर्फ सोनु उर्फ लेपटाप निवासी बांकीमोंगरा फरार है। आरोपितों के कब्जे से चोरी किए गए सोने -चांदी के जेवर व नकद को बरामद किया गया है। आरोपितों के विरूद्ध थाना दीपका में धारा 457, 380, 34, 411 तथा थाना बांकीमोंगरा में धारा 454, 380 तथा धारा 457, 380 के तहत कार्रवाई कर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया।

सरेआम शराब पीते 30 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 30 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई किया है।

मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस ने पॉलिटेनिक कॉलेज के पास बैरनबाजार में सरेआम शराब पीते आरोपी विरेंद्र साहू 31 वर्ष व मोवा पुलिस ने आरोपी संतराम महावत 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपी शिवा ताण्डी 39 वर्ष, संतलाल ध्रुर्वे 42 वर्ष, धनेंद्र पटले 35 वर्ष व लेखराज निषाद 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं कबीरनगर पुलिस ने यदुवंशी चौक के पास आरोपी पूनाराम यदू 40 वर्ष, राजेन्द्र नरगर पुलिस ने आरोपी मुकुल धनवानी 25 वर्ष एवं देवेन्द्र नगर पुलिस ने आरोपी चोवा मिरी 25 वर्ष, लकेश्वर ध्रुव 27 वर्ष, संतोष यादव 40 वर्ष, योगेश मनहरे 18 वर्ष, अरूण चतुर्वेदी 29 वर्ष व कन्हैया विश्वकर्मा 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं खमतराई पुलिस ने आरोपी घनश्याम जायसवाल 32 वर्ष, उमेश निषाद 25 वर्ष, रमेश महानंद 34 वर्ष, मनोज साहू 23 वर्ष, टुकेश्वर साहू 33 वर्ष व अरविंद साहू 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह तेलीबांधा पुलिस ने आरोपी राहुल 27 वर्ष व दुर्गेश पटेल 26 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं धरसींवा पुलिस ने आरोपी हरेराम साहू 38 वर्ष, लोचन प्रसाद साहू 30 वर्ष, लीलदास मारकण्डे 42 वर्ष व भूपेन्द्र साहू 22 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी पोषण लाल साहू 24 वर्ष, सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी निलेश्वर रहंगडाले 42 वर्ष, माना पुलिस ने आरोपी रोहित साहू 35 वर्ष व आरंग पुलिस ने आरोपी पवन कुमार सोनकर 21 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

इनोवा ने स्कूटी सवार को रौंदा, हुई मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले के पद्मनाभपुर थाना अंतर्गत समृद्धि बाजार के सामने एक कार चालक ने तेज रफ्तार में स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। इससे स्कूटी चालक की मौके पर मौत हो गई। दुर्ग पुलिस इस मामले को जहां दुर्घटना बता रही है, वहीं गोयल चुस्की चाय के संचालक ने आरोप लगाया है कि इनोवा जैन चुस्की चाय वालों की है और वो उन्हें मारने आई थी।

बता दें कि घटना शनिवार शाम 7-8 बजे के बीच समृद्धि बाजार के सामने गांधी स्कूल जाने वाली रोड की है। यहां एक सफेद रंग की इनोवा कार सीजी 04 एन पी 5566 तेजी से आई और स्कूटी सीजी 07 बीके 0971 को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी उसे चला रहे निखिल वर्मा 65 वर्ष निवासी साइन नगर सिकोला भाठा दूर जा गिरे। सिर में गहरी चोट आने से उनकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद इनोवा चालक वहां से भागने लगा। काफी रफ्तार में होने के चलते वो संभल नहीं पाया और तीन-चार और लोगों को अपनी चपेट में ले लिया। घायलों को भी इलाज के लिए अस्पताल भेजा गया। सूचना मिलते ही पदमनाभपुर थाना पुलिस मौके पर पहुंची। घटना स्थल पर लोगों की भीड़ जमा होने पर पुलिस ने भीड़ को इधर उधर किया। इसके बाद मृतक के शव का पंचनामा करके उसे जिला अस्पताल के पास स्थित मरचुरी में पीएम के लिए भेजा गया है।

शराब दुकान लूटकांड का एक आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

■ **उरगा में हुई चोरी में भी था शामिल, साइबर सेल व पुलिस की संयुक्त कार्रवाई**

कोरबा/नवप्रदेश। गोपालपुर शराब दुकान में कट्टे की नोंक में लूट की वारदात को अंजाम देने वाले मास्टर माइंट आरोपित को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जबकि इस मामले में शामिल दो आरोपित अभी भी फरार हैं, जिनकी पुलिस तलाश कर रही है। पूछताछ में आरोपित ने बरपाली में सहकारी बैंक से निकल कर जा रहे एक किसान की राशि की भी चोरी करने जानकारी दी। पकड़ा गया आरोपित समेत एक अन्य ओडिशा का निवासी है, जबकि एक महासमुंद जिले का निवासी है।

दर्री थाना अंतर्गत गोपालपुर व स्याहीमुड़ी के बीच सूने स्थान में देशी व अंग्रेजी शराब दुकान में रात 10 बजे तीन लुटेरे ठीक दुकान बंद किए जाने के वक्त पहुंचे। सुरक्षा कर्मी अजय केंवट दुकान के बाहर खड़ा था, पहले उसे आरोपितों ने झांसा देते हुए एक बोतल शराब खरीदने की बात कही। सुरक्षा कर्मी ने दुकान बंद करने का वक्त होने का हवाला दिया, पर लगातार आग्रह करने पर वह सेल्समेन से पूछने की बात कह दरवाजा खुलवा कर दुकान के अंदर प्रवेश कर रहा था। इसी दौरान चेहरा बांध कर पहुंचे तीन लुटेरे दुकान के अंदर पहुंच गए। एक आरोपित के हाथ में कट्टा था, वह अंदर घुसते ही सेल्समेन अश्वनी केंवट, सुपर वाइजर आशीष नेटी व एक अन्य कर्मचारी चंद्रकुमार कुलस्ते को अपने निशाने पर ले लिए।

आरोपितों ने शराब दुकान के कर्मचारियों को यह कहते हुए धमकाते हुए दराज में रखे 1.25 लाख रुपये समेट कर भाग निकले। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शराब दुकान में लगे सीसीटीवी खंगाला तो घटनाक्रम का फुटेज हाथ लग गया। इसके साथ आसपास लगे सीसीटीवी को खंगाला। इस बीच पुलिस को जानकारी मिली की लूटपात करने वाला गिरोह है। इसके आधार पर पुलिस ने विवेचना के दौरान एक आरोपित को तरूण दास 19 वर्ष निवासी जामपाली थाना भोंजेनगर जिला गंजम (ओड़िसा) को पकड़ा।

अनोखे अंदाज में मनाई जाती है यहां होली

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले में होली की परंपरा के साथ प्रकृति प्रेम को बढ़ावा देने के लिए पिछले 18 साल से अनोखे अंदाज में होली मनाई जा रही है. यहां के होली समारोह में अतिथि के रूप में कोई नेता या नामचीन शख्स नहीं, बल्कि प्रकृति की रक्षा करने वाले कीट-पतंगें और पेड़-पौधे होते हैं. यहां हजारों की संख्या में लोग जुटते हैं और हवन के राख से तिलक लगाकर होली मनाते हैं. होलिका दहन के ठीक दो दिन पहले से यहां हवन की आग में आहुति दी जाती है. इस साल ये काम गरियाबंद के कांडसर में मौजूद गौशाला के संचालक बाबा उदय नाथ कर रहे हैं. यहां भगवा वस्त्र पहन योग मुद्रा और ध्यान मुद्रा के बीच प्रकृति की सभी खूबसूरत देन का स्मरण किया जाता है।

इस आयोजन में गौ माता मुख्य अतिथि होती हैं. पलास वृक्ष, गुबरेल कीट और चमगादड़ को इस बार विशेष अतिथि का दर्जा मिला है. अतिथियों के आवभगत में कोई कमी नहीं रखी जाती है. उनकी पूजा-अर्चना के साथ ही सैकड़ों कलश सर में सजाए, सफेद कपड़े के कालीन बिछा कर, बाजे-गाजे में झूमते नाचते इन्हें 3 किमी दूर से गौशाला के आयोजन स्थल तक लाया जाता है. फिर होलिका दहन की रात के बाद ब्रह्म मुहूर्त में पूर्णाहुति के बाद बाल भोग और गौ पूजन के साथ हवन की राख से तिलक लगाकर होली खेली जाती है।

होलिका के दो दिन पहले से शुरू हो जाते हैं अनुष्ठान

गरियाबंद में होलिका दहन के ठीक दो दिन पहले से ही हवन की आग में आहुति दी जाती है. इसके लिए भी किसी खास व्यक्ति को चुना जाता है. हवन के बाद भगवा वस्त्र पहन कई लोग योग मुद्रा और ध्यान मुद्रा में प्रकृति की दी हुए सभी खूबसूरत चीजों का स्मरण करते हैं. प्रकृति के प्रति आस्था दर्शाने वाले इस आयोजन में अतिथि भी प्रकृति के पहरेदार ही होते हैं.

रात को दरवाजा खटखटाना पड़ा भारी

जशपुर/नवप्रदेश। जशपुर से हत्या का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसकी वजह जानकर आप भी हैरत में पड़ जाएंगे. यहां एक युवक को केवल इसलिए मौत के घाट उतार दिया गया क्योंकि उसने आरोपी का दरवाजा खटखटा दिया था. जी हां ये सच है कि दरवाजा खटखटाने की कीमत एक शख्स को अपनी जान देकर चुकानी पड़ी. आज भी इस तरह के सनकी लोग मौजूद हैं जो थोड़ी सी बात पर भी इस तरह के खतरनाक कदम उठा लेते हैं।

जशपुर जिल के एक क्षेत्र में बोलेरो वाहन चलाकर वापस लौटे युवक द्वारा दरवाजा खटखटाने से नाराज पड़ोसी ने युवक को पीट पीटकर घायल कर दिया. जिसके बाद घायल को इलाज के लिए अम्बिकापुर ले जाया गया लेकिन रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

इस मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है. दरअसल, सिटी कोतवाली क्षेत्र के हर्राडीपा (पतराटोली) के रहने वाले लीलांबर भगत जो 17 मार्च को अपने बोलेरो वाहन में गांव के एक परिवार के लोगों को बुकिंग में दूसरे गांव ले गया था। वो रात लगभग साढ़े आठ बजे बड़ाबनई पहुंचा। इसके बाद वो वापस अपने गांव पहुंच गया और अपना वाहन आरोपी राजेश्वर राम के घर के पास खड़ा कर दिया।

वो वाहन से उतरकर राजेश्वर के घर गया और उसका दरवाजा खटखटाने लगा। राजेश्वर राम हाथ में लकड़ी लेकर बाहर निकला और रात में दरवाजा खटखटाने की बात को लेकर लीलांबर भगत के सिर और कान के पास लकड़ी से कई वार कर दिए। इससे लीलांबर भगत गंभीर रूप से घायल हो गया। सूचना मिलने पर परिजनों द्वारा घायल को जशपुर जिला चिकित्सालय ले जाया गया। लीलांबर की गंभीर स्थिति को देखकर डॉक्टर ने उसे अम्बिकापुर रेफर कर दिया। लेकिन उसने रास्ते में ही दम तोड़ दिया. जांच के बाद आरोपी राजेश्वर राम भगत के खिलाफ पुलिस ने धारा 302 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है. पुलिस ने आरोपी को रिमांड पर ले लिया है।

छह सौ साल पुरानी परंपरा आज भी निभाई जाती है, माडपाल गांव में जलती है पहली होली

जगदलपुर/नवप्रदेश। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा की तरह ही बस्तर का होली भी काफी ऐतिहासिक माना जाता हैं। सन 1408 से चली आ रही परंपरा आज भी बस्तर में देखने को मिलती है। बस्तर संभाग की पहली होली शहर से लगे माडपाल गॉव में जलती है। आस-पास के इलाक़े से हजारों की संख्या में लोग यहां पहुँचकर होलिका दहन में शामिल होते हैं। इस होली का प्रमुख आकर्षण होता है राजा और उनका रथ। इस रथ को ग्रामीण पूरी आस्था से खींचते हुए लाते हैं और मां दंतेश्वरी और माँ मावली की पूजा अर्चना कर होलिका दहन की जाती है।

जहां विश्व का सबसे लंबा पर्व दशहरा मनाया जाता है और इसी बस्तर में होलिका दहन भी ऐतिहासिक रूप से मनाया जाता है। पूरे संभाग की पहली होलिका दहन माड़पाल गांव में होती है। जगदलपुर शहर से 15 किलोमीटर दूर माडपाल गॉव में हजारों की संख्या में ग्रामीण शामिल होकर धूमधाम से होलिका का दहन करते हैं।

राजा पुरुषोत्तम देव ने विपदा निवारण के लिए जलाई थी होली : बताया जाता है कि, जब बस्तर के महाराजा को रथपति की उपाधि दी गई तो वे अपने लाव लश्कर के साथ इस गाँव में पहुँचे थे और उनका स्वागत गॉव वालों ने किया था। कहा यह भी जाता हैं कि, उस समय गॉव में विपदा भी आई थी तब बस्तर राजा पुरुषोत्तम देव ने मां दंतेश्वरी और मां मावली का आव्हान किया था और मां ने आशीर्वाद देते हुए होलिका दहन करने को कहा था। जिसके बाद पूरे विधि-विधान और पूजा अर्चना कर होलिका का दहन किया गया। इस होलिका दहन के बाद बाकी जगहों में होली जलाई जाती हैं और यह परंपरा सदियों से चली आ रही है।

ऐसे पूरी होती है परंपरा

वही बस्तर महाराजा आज भी पूरे लाव लश्कर के साथ गॉव पहुंचते हैं, जिसे ग्रामीण उनके लिये पूरी आस्था के साथ रथ का निर्माण कर बस्तर राजा को रथारूढ़ कर गॉव की परिक्रमा कराते हैं। इसके बाद होलिका दहन स्थल पर लाते हैं, जिसके बाद बस्तर राजा मा दंतेश्वरी और मां मावली की पूजा अर्चना कर होलिका दहन करते हैं। इस अवसर पर माता से बस्तर की खुशहाली की कामना की जाती है। यहां होलिका दहन के बाद राजा का सेवक अग्नि लेकर जगदलपुर राजमहल पहुंचता है और वहां दो जोड़े की होली का दहन करने के बाद पूरे बस्तर में होलिका दहन कर होली मनाई जाती है।

न्यूज गैलरी

चाइल्ड पोर्नोग्राफी मामले में पुलिस कर रही कार्रवाई

रायगढ़/नवप्रदेश। लगातार साइबर क्राइम और चाइल्ड पॉर्नोग्राफी के मामले सामने आ रहे हैं जिसे लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन पर लोगों में साइबर अवेयरनेस लाने जागरूक किया जा रहा है साथ ही जानबूझ कर बच्चों से संबंधित अश्लील कंटेंट सोशल मीडिया पर अपलोड करने वालों के संबंध में प्राप्त हुए साइबर टीपलाइन में पुलिस लगातार कार्यवाही कर रही है । इसी क्रम में कल साइबर टीपलाइन की जांच पर थाना कोतवाली में 03, थाना कोतरारोड़ में 02 एवं थाना तमनार में 01 आरोपी पर धारा 67बी -आईटी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर गिरफ्तार किया गया है । आरोपियों द्वारा फेसबुक पर बच्चों से संबंधित अश्लील कंटेंट अपलोड एवं प्रचारित किया गया था। बच्चों के संबंध में किसी प्रकार का अश्लील वीडियो देखना, डाउनलोड करना, अपलोड करना या शेयर करना अपराध है। और ऐसी करवाई की जानकारी केंद्रीय साइबर सेल द्वारा साइबर टिप लाइन रिपोर्ट के द्वारा तत्काल जिलो को प्रदाय किया जाता है।

अन्यत जांगड़े को मिला सैनिक स्कूल में प्रवेश

मुंगेली/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी विद्यालय दाऊपारा में कक्षा 5वीं में अध्ययनरत प्रतिभावान छात्र अन्यत जांगड़े ने आल इंडिया सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2024 में प्रवेश हेतु परीक्षा उत्तीर्ण किया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत प्रभाकर पाण्डेय एवं जिला शिक्षा अधिकारी चन्द्र कुमार घृतलहरे के द्वारा विद्यार्थी को उपहार देकर एवं उनके पिता धर्मेन्द्र जांगडे को पुष्पगुच्छ से सम्मानित कर बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दिये। इस अवसर पर डीपीओ अजय नाथ, डीएमसी ओपी कौशिक, शाला प्राचार्य डॉ. आईपी यादव, प्रधान पाठक प्राथमिक विभाग अमृता पात्रे, डुलेश गबेल आदि उपस्थित रहे। उल्लेखनीय है कि समग्र शिक्षा जिला मुंगेली के द्वारा राष्ट्रीय अविष्कार अभियान अंतर्गत जिला स्तरीय क्विज प्रतियोगिता का आयोजन 20 मार्च को किया गया था। जिसमें भी अन्यत जांगडे ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। इस प्रकार छात्र द्वारा शाला को गौरवान्वित किये जाने पर प्राचार्य एवं समस्त शाला परिवार ने उन्हें बधाई दिया।

कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक में मिले सुझाव

मुंगेली/नवप्रदेश। पुलिस के द्वारा आगामी 25 मार्च को होली त्यौहार के मद्देनजर निर्विघ्न, शांतिपूर्ण एवं सौहार्द्र पूर्ण होली के उद्देश्य से थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं पार्षदगणों का पुलिस कंट्रोल रूम में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। जिससे होली त्यौहार को शांति पूर्वक मनाने संबंधी चर्चा की गई। बिजली, पानी, स्वास्थ्य सुविधा के साथ ही अवैध शराब बिक्री, नशे आदि पर रोक लगाने एवं हुडदंग एवं तेज वाहन चलाने वालों पर सख्त कार्यवाही करने पर चर्चा की गई।

विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज

मुंगेली/नवप्रदेश। रमाबाई पाण्डेय प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया।बच्चों को खीर, पुड़ी, सब्जी, आलू छोले, पुलाव, बूंदी दिया गया। शासन के निर्देशो के अनुसार स्कूलो मे न्योता भोजन का आयोजन किया जाना है किसी के जन्मदिन या विशेष दिनो पर जिसका पालन करते हुए, दिलीप चतुर्वेदी ने अपनी पुत्री के जन्मदिन के अवसर पर रमाबाई पाण्डेय प्राथमिक शाला में विद्यार्थियों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया गया।बच्चों को खीर, पुड़ी, सब्जी, आलू छोले, पुलाव, बूंदी दिया गया।

होली को लेकर पुलिस प्रशासन मुस्तैद, निकाला फ्लैग मार्च

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा में होली और आगामी दिनों में पड़ने वाले कई त्योहार सहित लोकसभा चुनाव को लेकर प्रशासन व पुलिस गंभीर है। पुलिस प्रशासन अपनी तैयारियों में जुट गई है। जिले के हर शहर में लोगों को शांतिपूर्ण ढंग से इस पर्व को मनाने की अपील की जा रही है। जनता में विश्वास जागृत करने के उद्देश्य से कोरबा नगर के कोतवाली से शाम को फ्लैग मार्च निकाला गया, जिसमें विभिन्न क्राइम जोन का भ्रमण किया। कलेक्टर अजीत वसंत, निगम आयुक्त प्रतिष्ठा ममगाई और एसपी सिद्धार्थ तिवारी इसमें विशेष रूप से शामिल हुए। जिला पुलिस बल, सीएएफ, छत्तीसगढ़ होमगार्ड के 200 जवान ने फ्लैग मार्च के माध्यम से विभिन्न क्षेत्रों में लोगों को संदेश दिया।

वहीं थाना कटघोरा, दर्री, करतला, पाली, बांगो, दीपका क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाला गया। चारपहिया एवं दोपहिया वाहन में सवार पुलिस कर्मियों के द्वारा होली एवं शब-ए- बरात त्यौहार को शांतिपूर्वक मनाने हेतु अपील की गई। साथ ही जिले के गली मोहल्लों एवं चौक चौराहों में पुलिस बल द्वारा ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से शांतिपूर्वक त्यौहार मनाने हेतु अपील की जा रही है। एएसपी ने कहा कि होली पर्व बड़े ही शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न होना चाहिए। यदि कोई नई परंपरा डालने की कोशिश करे तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई होनी चाहिए। प्रशासन की कोशिश है कि अराजक तत्वों पर पहले से ही इतनी नकेल कस दी जाए कि वह कोई बेवजह बवाल न खड़ा करें। यही वजह है कि पुलिस ने फ्लैग मार्च निकाला, वहीं अराजक तत्वों के खिलाफ कार्रवाई भी कर रही है। होली पर शांति व्यवस्था कायम करने के लिए पुलिस प्रशासन ने कड़े इंतजाम किए हैं।

मजबूत लोकतंत्र के लिए प्रत्येक मतदाता का मतदान महत्वपूर्ण

नुक्कड़ नाटक से विद्यार्थियों ने दिया मतदाता जागरूकता का संदेश

कोरबा/नवप्रदेश। लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप इकाई द्वारा आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शहर के बुधवारी बाजार परिसर में स्वीप नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों के बीच अनिवार्य मतदान का संदेश देते हुए उनसे मतदान में शत-प्रतिशत भाग लेने के लिए शपथ दिलाई।

लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत स्वीप इकाई द्वारा आगामी चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए शहर के बुधवारी बाजार परिसर में स्वीप नुक्कड़-नाटक का आयोजन किया गया। जिसमें आम नागरिकों के बीच अनिवार्य मतदान का संदेश देते हुए उनसे मतदान में शत-प्रतिशत भाग लेने के लिए शपथ दिलाई।

शासकीय ईवीपीजी कालेज तथा डाइट संस्थान के संयुक्त तत्वावधान में विद्यार्थियों ने आगामी चुनाव के प्रति लोगों को सजग रहने, अनिवार्य एवं निष्पक्ष मतदान करने, प्रलोभन विहीन एवं भयमुक्त होकर सही व्यक्ति का चुनाव, मतदान प्रतिशत में वृद्धि आदि उद्देश्यों को ध्यान में रखकर नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन किया और उपस्थित मतदाताओं से आग्रह किया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आमजनों को सात मई मतदान के दिन को ना भूलकर, अनिवार्य रूप से निष्पक्ष मतदान को प्राथमिकता देने तथा आस-पास के अन्य लोगों को भी वोट देने के लिए प्रेरित किया गया।

सोनकर समाज के प्रदेश अध्यक्ष का भव्य स्वागत

मुंगेली/नवप्रदेश। सोनकर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर के नगर आगमन पर सोनकर समाज ने भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष ने समाज के विकास के लिये संगठित होकर एक-दूसरे को सहयोग करने की बात कही।सोनकर समाज के प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर का प्रथम नगर आगमन हुआ। सोनकर समाज के नवनियुक्त पदाधिकारियों ने प्रदेश अध्यक्ष का अतिथि स्वागत किया। इस अवसर पर प्रदेश अध्यक्ष शारदा प्रसाद सोनकर ने समाज के विकास के लिये संगठित होकर प्रयास करने की बात कही। नवगठित मुंगेली राज सोनकर समाज के पदाधिकारियों को बधाई देते हुये सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय रहने की बात कही। स्वागत अवसर पर अध्यक्ष अजय सोनकर, उपाध्यक्ष मोहन सोनकर, मंत्री कैलाश सोनकर, उप मंत्री चंद्रशेखर सोनकर, कोषाध्यक्ष गोलू सोनकर, सलाहकार संतूलाल सोनकर, घनश्याम वेंताल, विष्णु सोनकर, रामनाथ सोनकर, झड़ीराम, सालिक, ओमकार सोनकर, संतोष, ज्ञानेंद्र, लक्ष्मण, सुयश, वंश, भिखारी सोनकर, गुड्डा सोनकर, अशोक सहित सामाजिकजन उपस्थित थे।

9 आरोपियों से 158 लीटर शराब जप्त

आदर्श आचार संहिता को लेकर सभी थानों में की जा रही कार्यवाही

रायगढ़/नवप्रदेश। आदर्श आचार संहिता को लेकर पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल के मार्गदर्शन में सभी थाना क्षेत्र में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले और परिवहन करने वालों पर पुलिस निगाह रखकर कार्यवाही कर रही है । इसी क्रम में कल जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में अवैध शराब पर ताबड़तोड़ कार्यवाही किया गया जिसमें 7 प्रकरणों में 9 आरोपियों से 158 लीटर देशी, अंग्रेजी शराब कीमती 73,520 रूपये का जप्त किया गया है जिसमें शराब परिवहन में प्रयुक्त 02 कार, 01 स्कुटी भी जप्त है।

थाना घरघोडा रंजित कुमार सहनी पिता स्व. गंगा सहनी उम्र 28 साल निवासी पूंजीपथरा, थाना पुंजीपथरा (2) वरूण सिंह जप्त- कार क्रमांक सीजी 13 एएम 4095 में 50 नग देशी प्लेन एवं 60 नग अंग्रेजी बीयर शराब कुल 48 लीटर शराब थाना घरघोडा मुकेश कुमार गुप्ता पिता रामाधार साहू बरौद मोड बिहारी ढाबा, थाना घरघोडा 25 नग, बीयर के 04 नग कुल 11.600 लीटर अंग्रेजी शराबथाना पूंजीपथरा किशन बरेठ कन्हैया लाल बरेठ ग्राम सराईपाली रायगढ़ जप्त-12 नग पौलौथीन पाउच प्रत्येक में 500 - 500 ग्राम भरी हुई जुमला 6 लीटर अवैधथाना पूंजीपथरा अविनाश सिंह के कब्जे से मो0सा0 में रखे 47 पाव 1 अंग्रेजी शराब प्रत्येक में 180 भरी हुई कुल 8 लीटर 460 9,400 रू. एवं नगदी रकम 2000 एवं कार क्रमांक 5211 के चालक अभिषेक कुमार सिंह के कब्जे के वाहन कार 52.2 लीटर कुल किमती 28,840 चौकी जोबी (थाना खरसिया)195/24 आरोपी अंगद सिंह राठिया पिता बरत राम राठिया उम्र 46 वर्ष साकिन काफरमार जिला रायगढ़ थाना पुसौर अवधूत बंजारा पिता सुचन्द राम बंजारा उम्र 58 साल साकिन ग्राम बोडाझरिया थाना पुसौर जिला चौकी खरसिया (थाना खरसिया) आरोपी योगेश केशरवानी 35 साल ग्राम छोटे देवगांव खरसिया स्कूटी में छ्त्त 13 ,रू5233 शराब परिवहन 20 पाव अंग्रेजी शराब, 6 बीयर कुल 7.500 लीटर 4760 रूपये

इसी प्रकार थाना जूटमिल में अपराध क्रमांक 150/24 धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट की कार्रवाई की गई है, जिसमें मकान में गांजा बेच रहे आरोपी सुलेमान लकडा 22 साल संत विनोबा नगर वार्ड क्र 34 रायगढ अपना मकान से 1.21 किलो गांजा कीमती 9, 500 रूपये का बरामद कर जप्त किया गया है । जिले में प्रभावशील आचार संहिता का पालन कराते हुये कल रात्रि खरसिया पुलिस द्वारा रायगढ़ चौंक पर वाहनों की जांच दौरान 03 चार पहिया वाहन- एक वेगनर, एक विटारा तथा एक इनोवा कार में काफी मात्रा में नगद रुपए का परिवहन करते पकड़ा गया है तीनों वाहनों से कुल 11,54,693 रुपए नगद जप्त किया गया है जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है । इसी प्रकार मादक पदार्थों में 08 आरोपियों पर कार्रवाई की गई जिसमें 83,020 रूपये का मादक पदार्थ जब्त किया गया है।

फर्जी सीबीआई ऑफिसर बन घूम रहा युवक गिरफ्तार

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया है। उसके पास से सीबीआई के नाम से फर्जी पहचान पत्र बरामद किया गया है। आरोपी युवक जांजगीर-चांपा जिले के ग्राम कुलीपोटा का रहने वाला है। उसकी पहचान सत्यनारायण रात्रे ऊर्फ चाकनू उम्र 28 वर्ष से की गई है। पुलिस को सूचना मिली कि गेरवाघाट की ओर से एक युवक दर्री प्रगतिनगर की तरफ जा रहा है। वह युवक खुद को सीबीआई का अधिकारी बता रहा है। उसके पास सेंट्रल ब्यूरो ऑफ इनवेस्टिगेशन (सीबीआई) के नाम का एक पहचान पत्र भी है। पुलिस को संदेह हुआ। पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान युवक को प्रगतिनगर दर्री के पास पकड़ लिया। इसके बाद भी युवक ने सीबीआई अफसर से ही दिया। पुलिस ने उसके कार्ड की जांच कराई तो पता चला कि कार्ड फर्जी है और सत्यनारायण रात्रे सीबीआई में काम नहीं करता है। बल्कि एजेंसी के नाम का दुरूपयोग कर रहा है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आईपीसी की धारा 170, 419, 465, 467, 468, व 471 के तहत केस दर्ज किया है। प्रारंभिक पूछताछ में सत्यनारायण रात्रे के गड़बड़ी और धमकी चमकी देने के लिए सीबीआई के नाम से पहचान पत्र बनाने और अपना परिचय देने का पता चला है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। यहां से आरोपी को रिमांड पर जेल भेज दिया गया।

हत्या का फरार आरोपी गिरफ्तार

सारंगढ़/नवप्रदेश। थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ को राधाकृष्ण अस्पताल से सूचना मिली कि मृतक अभिषेक केशरवानी निवासी सारंगढ को अज्ञात व्यक्ति के द्वारा चाकू मारकर हत्या कर दिया, जिस पर थाना सिटी कोतवाली सारंगढ़ में अपराध दर्ज कर अज्ञात आरोपी की तलाश प्रारंभ किया गया। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिला कि सारंगढ निवासी निखिल बरेठ अपनी मां के अभिषेक केशरवानी के साथ प्रेग प्रसंग के संदेह पर मृतक अभिषेक केशरवानी को बिलासपुर रोड स्थित रानीसागर राईसमिल के पास अकेले पाकर अपने पास रखे चाकू से उसके सीने, पेट में चाकू मार कर उसकी हत्या कर फरार हो गया। यह सूचना प्राप्त होने पर पुलिस अधीक्षक श्री पुष्कर शर्मा के द्वारा बिलाईगढ़ पुलिस थाना कोतवाली, सरसीवा, भटगांव, कनकबीरा एवं सायबर सेल की अलग-अलग टीम तैयार कर आरोपी के रूकने के संभावित विभिन्न तिकानों पर छापामारी की कार्यवाही प्रारंभ की गई।

इसी दौरान आरोपी का लोकेशन बैंगलुरू (कर्नाटक) में होने की सूचना प्राप्त हुई जिस पर तत्काल टीम गठित कर बैंगलूरू रवाना किया गया। टीम के द्वारा सायबर सेल की मदद से आरोपी का लोकेशन ट्रेक कर आरोपी को अपने अभिरक्षा में लेकर पूछताछ करने पर आरोपी ने बताया की उसकी मां का प्रेम संबंध मृतक अभिषेक केशरवानी के साथ होने के संदेह पर गुस्से में आकर उसने अभिषेक केशरवानी का हत्या कर दिया। आरोपी द्वारा अपराध स्वीकार करने पर आरोपी को गिरफ्तार कर विधिवत कार्यवाही की जा रही है।

ट्रक में भरी अवैध इमारती लकड़ी जप्त

सारंगढ़/नवप्रदेश। सारंगढ़ बायपास दानसरा बेरियर में रात्रि में तैनात वन सुरक्षाकर्मी ने एक 6 चक्का ट्रक तिरपाल से ढका हुआ दिखा जिसको बेरियल में रोक कर ड्राइवर से पूछने पर किसी प्रकार की कोई ठोस दस्तावेज नहीं दिखाया। ड्राइवर ने गोल मटोल जवाब देने लगा तब सुरक्षाकर्मी ने रात्रि गश्त में उच्च अधिकारी को अवगत कराया और ढके तिरपाल को हटाया लोड ट्रक के अंदर कीमती मिश्रित लकड़ी मिला जिसको सामान्य वन परिक्षेत्र के अधिकारियों ने राजसात की करवाई की। वही रेंजर ने बताया कि रायपुर रोड से आ रही ट्रक को हमारे वन क्षेत्रपॉल के द्वार लोड ट्रक को रोका और ड्राइवर से जानकारी लिया इस ट्रक में जो है उसका दस्तावेज बताने को कहा लेकिन ड्राइवर ने किसी ठोस दस्तावेज प्रस्तुत नही की। ट्रक में मिश्रित इमारती कहुआ, अर्जुन लकड़ी जांच में मिला जिसको राजसात कर आरोपी के ऊपर वन अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

त्यौहार | स्कूल एवं शासकीय कार्यालयों में भी होली का रंग, लोग एक-दूसरे पर गुलाल लगाकर शुभकामनाएं देते दिखे

रंग-गुलाल की खरीदारी के लिए बाजार में उमड़ी भीड़

मुंगेली/नवप्रदेश। होली पर्व को दो दिन ही शेष रह गए है। इस बीच पर्व को लेकर लोग पूरी तरह से शबाब में है। बाजार में पिचकारियों से लेकर रंग गुलाल से दुकाने अटी पड़ी है। रंग गुलाल की खरीददारी के लिए ग्राहकी उमड़ रही है। स्कूल एवं शासकीय कार्यालयों में भी होली का रंग नजर आने लगा। पर्व के लिए पूजा सामग्री से लेकर रंग गुलाल खरीदने का क्रम शनिवार से ही दिखने लगा।

ग्राहकी बढ़ने के साथ ही इन दिनों बाजार में ट्रैफिक का दबाव भी बढ़ने लगा है। जानकारी अनुसार आगामी 25 मार्च को होली पर्व है, एक दिन पहले देर रात होलिका दहन किया जाएगा। जिसकी तैयारियां जोरो पर चल रही है। कई सामाजिक संस्थानों ने भी होली सहित फाग आदि कार्यक्रम के आयोजन में लगे हुए हैं। आधुनिक दौर में कम होती पुरानी परंपरा के संबंध में भाजपा के पूर्व एल्डरमेन संजय वर्मा बताते है कि पूर्व में परदेशी फाग सहित नगर के चार-पांच प्रमुख स्थानों पर एक सप्ताह पूर्व से ही नंगाड़ों एवं ढ़ोलक की थाप गूंजने लगती थी। लेकिन समय के अनुसार पुरानी परंपरा आधुनिक दौर में सिमट सी गई है। गांव में पर्व के एक माह पहले ही माहौल बन जाया करता था। लेकिन इन दिनों सिर्फ पर्व के दिन ही लोग जुटते है। बहरहाल इस बार व्यापारियों में बाजार को लेकर बेहद उम्मीदे टिकी है। छोटा भीम सहित कार्टून का मुखौटा आकर्षित कर रहा है। दुकानदार ने बताया कि इस बार ग्राहकों के लिए बिना केमिकल के बने रंग के साथ गुलाल, अबीर, टी-शर्ट कुर्ते, पजामे के साथ होली के रंग में रंगने वाली टोपियां भी उपलब्ध है। इसके साथ ही स्प्रे कलर सहित कई प्रकार के अलग-अलग डिजाइनर मुखौटे भी ग्राहकों के लिए उपलब्ध है। बच्चे दुकानों पर आकर्षित हो सके, इसके लिए छोटा भीम, मोटू पतलू व मिकि माउस के नकाब सहित अन्य गुड्डे गुड़ियों के आकार में टोपियां स्प्रे कलर और छोटा भीम मुकुट की बाजार में बिक्री ज्यादा देखी जा रही है। बच्चे भी इसी मुकुट व स्प्रे कलर की तरफ आकर्षित हो रहे हैं। बाजार में पिचकारियों की बात करें तो 5 रुपए से लेकर 500 तक की पिचकारी के साथ अलग-अलग रंग कपड़े के साथ होली खेलने के लिए हर्बल गुलाल भी उपलब्ध किए गए। दुकानदारों के अनुसार कोरोना के दौरान व्यापार बिल्कुल मंदा था। लेकिन इस बार उम्मीद है कि ग्राहकी अच्छी होगी। पिछले दो दिनों से नगर के स्कूलों एवं शासकीय कार्यालयों में होली का माहौल नजर आने लगा। विद्यार्थी होलियाना मूड में एक-दूसरे को रंग लगाकर होली खेलते रहे। होली का त्यौहार को चंद दिन ही बचे है। बाजार में तैयारियां त्यौहार को लेकर की जाने लगी है।किन्तु हम नहीं सुधरेंगे की तर्ज पर बाजार की यह दो टूक सुगम आवाजाही का इंतजार करने वालों के लिए एक चुनौती है क्योंकि ना यातायात जवानों का ध्यान है ना स्थानीय प्रशासन कदम उठा रहा है। इसलिए बेहतर यही होगा कि हम खुद ऐसी सड़क से आवाजाही करें, जहां दिक्कत ना हो।

छात्रा की आत्महत्या मामले में नया मोड़

प्रेमी की पुरानी प्रेमिका से तंग आकर की थी सुसाइड

अश्लील वीडियो अपलोड करने के मामले में 6 गिरफ्तार



रायगढ़/नवप्रदेश। लैलूंगा की छात्रा के आत्महत्या मामले में नया मोड़ आया है. युवती के सुसाईड नोट से जो खुलासा हुआ है वो चौंकाने वाला है। युवती का एक लड़के के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था, लेकिन उसके बॉयफ्रेंड की दो और पुरानी गर्लफ्रेंड थीं. जो कॉल करके युवती को लगातार परेशान कर रही थीं, जिससे तंग आकर युवती ने आत्मघाती कदम उठाया. सुसाईड नोट से खुलासा होने के बाद पुलिस मामले में और गहराई से जांच में जुट गई है।

रायगढ़ के लैलूंगा निवासी युवती देववती राठिया (22 वर्ष) ने गुरुवार को किराए के माकन में लटकती हुई लाश मिली। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस को जांच के दौरान मौके से सुसाईड नोट मिला. जिसमें युवती ने जिक्र किया था कि उसके प्रेमी की दो एक्स गर्लफ्रेंड लगातार फोन कर मृतिका को परेशान कर रही थीं. जिससे वह बेहद परेशान रहती थी और अंत में तंग आकर उसने फांसी लगा ली। बताया जा रहा है कि प्रेमी की पूर्व प्रेमिकाएं धरमजयगढ़ और मनेंद्रगढ़ की रहने वाली हैं सिविल लाइन थाना पुलिस मामले में आगे की कार्रवाई करने में जुटी हुई है। बिलासपुर के सिविल लाइन थाना क्षेत्र के गंगानगर में 1 साल से किराए के मकान पर रह रही रायगढ़ निवासी छात्रा देववती राठिया (22 वर्ष) बीएड के साथ कंप्यूटर की कोचिंग कर रही थी। उसकी गुरुवार सुबह घर में फांसी के फंदे पर लटकी हुई लाश मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई कर शव को अपने कब्जे में लिया।

दो दुकानों में भीषण आग से लाखों का सामान जलकर खाक

■ सिलेंडर भी हुआ ब्लास्ट,जन हानि नहीं

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। , शहर के मंडी रोड स्थित दो दुकानों में देर रात आग लगने लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया. वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर और वेल्डिंग दुकान में रखा सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ. रात होने से जनहानि तो नहीं हुई पर दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई. घटनास्थल पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की करीब नौ टैंकरों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया. घटना रात लगभग 2.30 बजे के आसपास बताई जा रही है. हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दुकानदार विनोद पारवानी को बड़ा झटका लगा है दुकान में रखे लगभग 30 से 40 लाख रूपये का पेंट, वार्निस, प्लास्टिक तिरपाल, जाली सहित पेंट बनाने की मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो हो चुकी है और एक बड़ी क्षति दुकानदार को हुई है. वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर व वेल्डिंग दुकान में भी आग की लपट पहुंची. जिससे वहां रखा घरेलू गैस सिलेंडर फट गया और एक बड़ा धमाका हुआ. रात होने से धमाके से जनहानि तो नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टला गया. वहीं दुकान में रखे लगभग पांच लाख का सामान जलकर खाक हो गया है. आग लगने का कारण प्रथम दृष्ट्या शार्ट सर्किट बताया जा रहा है. हालांकि असल कारण जांच के बाद ही पता चल सकेगा. फिलहाल एक बड़ी जनहानि होने से बच गयी. घटना की सूचना पर कोतवाली थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया. फायर स्टेशन इंचार्ज जितेन्द्र कुर्रे ने बताया कि रात लगभग 2.30 बजे घटना की सूचना मिली. जिसके बाद यहां पर फायर टीम के साथ श्री सीमेंट की दमकल विभाग की टीम ने काबू पाया है और लगभग नौ टेंकर पानी से आग पर काबू पाया गया. बता दें कि जिले में अधिकतर दुकानों होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर का ऊपयोग होता है. वहीं अनेकों बार इस तरह की घटना होने के बावजूद प्रशासन इन घरेलू गैस सिलेंडर का दुकान पर ऊपयोग करने वाले व सप्लाई करने वालों पर कार्रवाई नहीं करती है.

न्यूज गैलरी

बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों का निरीक्षण

बेमेतरा/नवप्रदेश। विगत तीन-चार दिनों से हो रही असामयिक वर्षा/ओल वृष्टि से प्रभावित ग्रामों के निरीक्षण अनुक्रम में शुक्रवार को उपसंचालक कृषि मोरध्वज डड़सेना द्वारा विकासखंड नवागढ़ के ग्राम अंधियारखोर, समेसर, खपरी, खैरी, नवागढ़, झाल एवं गाड़ामोर में हुए फसल क्षति का निरीक्षण किया। उन्होंने किसानों को निर्धारित समय सीमा (वर्षा होने के बाद 72 घंटे के अंदर) बजाज आलियांज बीमा कंपनी के 7030053232 में या टोल फ्री नंबर-18002095959 में कृषकों को व्यक्तिगत दावा भुगतान हेतु सूचित करने की सलाह दी गई। निरीक्षण के दौरान सहायक भूमि संरक्षण अधिकारी एसके गोड़, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी आरके चतुर्वेदी, कृषि विस्तार अधिकारी अश्वनी माडिले, वायके भुवाल एवं विभिन्न ग्रामों के कृषक उपस्थित थे।

निनवा स्कूल में हुआ विदाई और होली मिलन समारोह

बेमेतरा/नवप्रदेश। शासकीय प्राथमिक शाला निनवा में विदाई समारोह एवं होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला निनवा में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती प्रतिभा सिन्हा प्राथमिक शाला निनवा में लगातार 16 वर्ष सेवा दिया, प्रतिभा सिन्हा मैडम का प्रमोशन हिंदी विषय में नवागढ़ ब्लॉक के कन्या माध्यमिक शाला नवागढ़ में होने पर शासकीय प्राथमिक शाला निनवा के स्टाफ द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें संकुल समन्वयक आकाश सोनी, संकुल प्राचार्य श्रीमती सुनीता तिवारी, पूर्व प्रधान पाठक नारायण कश्यप, एवं शाला के समस्त बच्चों द्वारा बड़ा ही धूमधाम के साथ मैडम का विदाई समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम भी आयोजित किया गया।

शराब पीकर वाहन चलाने वाले 14 पर मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही

खैरागढ़/नवप्रदेश । जिले मे सड़क दुर्घटना रोकने एसपी त्रिलोक बंसल की अगुवाई मे होली पर शराब पीकर, बिना हेलमेट,तीन सवारी, रफ ड्राइविंग,मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चलाते पाए जाने वाले व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश के बाद कार्यवाही करते जिला पुलिस ने ताबड़तोड़ कार्यवाही शुरू कर दी है ।

जिले के थाना चौकी क्षेत्र में चेकिंग पॉइंट लगाकर मोटर व्हीकल एक्ट कार्रवाई किए जाने के दौरान कुल 14 व्यक्तियों को शराब पीकर वाहन चलाते पाए जाने से उनके विरुद्ध धारा 185 मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही की। इसमें सोहन उर्फ सोनू वर्मा 24साल उदयपुर दिनेश निषाद 35 वर्ष कटंगी कला ,टुमन लाल वर्मा 25 साल कातलवाही कोमल जंघेल 36 वर्ष भूलाटोला , गोविंद साहू 56 वर्ष छोटे टेमरी घुमका , मोहम्मद हारुन रशीद ,हाउसिंग बोर्ड भिलाई , मोहम्मद रमजान 28 वर्ष लाखाटोला , कोमेश कुमार साहू 26 वर्ष खैरी छुईखदान , मुकेश वर्मा, 34 वर्ष मुतेड़ा नवागांव ,कोमल वर्मा 42 वर्ष बोईरडीह , उपेंद्र वर्मा संडी , मूलचंद साहू 46 वर्ष मरकाम टोला राजेश कुमार 43 वर्ष कलेवा घुमका , सुकालू राम ठाकुर 40 वर्ष नवागांव के विरुद्ध मोटर व्हीकल एक्ट की कार्यवाही कर उनके वाहनों को जप्त कर न्यायालय में पेश किया गया। उनके लाइसेंस निलंबन की कार्यवाही भी करने की तैयारी है । पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने लोगों से होली शांतिपूर्वक ,सौहार्द पूर्वक एवं दुर्घटना रहित मनाने की अपील करते शराब पीकर वाहन ,तीन सवारी,स्टंट, रफ ड्राइविंग,मोडिफाइड साइलेंसर वाले वाहन चलाते पाए जाने वाले व्यक्तियो पर कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं ।

5 साल सरकार चलाने वालों को सबक सिखाने का समय : चंदेल

■ भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन

खैरागढ़/नवप्रदेश। भाजपा का विधानसभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन नगर के राममंदिर में आयोजित किया गया कार्यक्रम के प्रारंभ से पूरी सभा मे फिर एक बार मोदी सरकार अबकी बार चार सौ पार के नारे गूंजते रहे। सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ विधानसभा के पूर्व नेता प्रतिपक्ष व राजनांदगांव लोकसभा प्रभारी नारायण चन्देल ने कहा कि मैं निवेदन करने आया हूं कि लोकसभा चुनाव सिर्फ चुनाव नही है बल्कि हमारे लिए चुनौती है जो पिछले पांच साल में छत्तीसगढ़ के भाजपा कार्यकर्ताओं को जबरदस्ती प्रताड़ित करने का काम किया है व यह चुनाव सिर्फ सांसद बनाने का चुनाव नही है बल्कि यह चुनाव आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने का चुनाव है।श्री चन्देल ने आगे कहा कि हर कार्यकर्ता सभी समाज सभी घरों में जाये। और भाजपा के प्रति आज से ही समर्थन के लिए जुट जाएं। जिला पंचायत उपाध्यक्ष विक्रांत सिंह ने कहा कि छत्तीसगढ़ में पिछले पाच साल में शासन नही बल्कि कुशासन चला है। राजनांदगांव लोकसभा के कार्यकर्ता को सौभाग्य मिला है कि छत्तीसगढ़ को लूटने वाले भूपेश बघेल को बता सके कि लूटने वाले को मौका नही दिया जाता। छत्तीसगढ़ की भाजपा सरकार को सर्वहितकारी सरकार बताते हुए कहा कि विधानसभा चुनाव में मोदी की गारंटी को पूरा करने के लिए भाजपा सरकार ने 18 लाख प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास को मंजूरी दिलाया, किसानों को 2 साल का बकाया बोनस दिलाया, महतारी वन्दन योजना के तहत विवाहित महिलाओं को राशि वितरण किया साथ ही किसान भाइयों को अंतर की राशि एकमुश्त दिलाने का काम किया है। इसी कड़ी में सांसद संतोष पांडेय ने कहा कि आप सभी का वोट बहुत कीमती है। आपका एक वोट सीधा मोदी जी को पहुचेगा और सभी का लक्ष्य होना चाहिए 400 पार इस तथ्य के साथ सभी को काम करना है। सांसद पांडेय ने कहा कि मुझे बीजेपी के कार्यकर्ता समझकर आप सभी मुझे सहयोग करे इस दौरान भाजपा नेता सचिन सिंह बघेल, दिनेश गांधी, कोमल जंघेल, घम्मन साहू, पूरण जंघेल, रामाधार रजक, विनय देवांगन, सहित भाजपाई बड़ी संख्या में उपस्थित रहे ।

गुरुकुल के वार्षिकोत्सव सृजन में छात्रों ने प्रस्तुतियों से लोगों का मोहा मन

कवर्धा/नवप्रदेश। नगर की प्रतिष्ठित संस्था गुरूकुल पब्लिक स्कूल के सीनियर विंग (कक्षा चौथी से बारहवी तक) के छात्र-छात्राओं का नयनाभिराम, मनमोहक, आकर्षक रंगा-रंग प्रस्तुति के साथ वार्षिकोत्सव '' सृजन '' सम्पन्न हुआ। इस शुभ अवसर पर संचालन समिति के अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारी व निदेषकगण, प्राचार्य, प्रभारी प्राचार्य समस्त षिक्षक, षिक्षिकाऐं, छात्र-छात्राएँ व अत्यधिक संख्या में पालकगण आसीन थे। इस वार्षिकोत्सव में सम्मानीय अतिथियों के रूप में माननीय डॉ. जषवंत जैन जी, कैंसर सर्जन, मित्तल हास्पिटल रायपुर, डॉ सुबीर श्रीवास्तव सर्जन विमल नसिंग होम कवर्धा, श्री मनहरण कौषिक अध्यक्ष नगरपालिका परिषद कवर्धा, श्री कैलाष चंद्रवंषी जी, उपाध्यक्ष भाजपा कवर्धा, श्री चंद्रप्रकाष चंद्रवंषी जी शहर मण्डल अध्यक्ष भाजपा कवर्धा, मंचासीन थे। माननीय समस्त अतिथियों के कर कमलों द्वारा विद्या की देवी माँ सरस्वती के तैलचित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलित कर पूजन वंदन के साथ वार्षिकोत्सव ''सृजन'' का नयनाभिराम, आकर्षक, मनमोहक कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम विद्यालयीन परिवार की ओर से समस्त माननीय अतिथियों को पुष्प गुच्छ भेंटकर आत्मीय स्वागत किया गया। शाला के प्राचार्य जी ने शाला का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत कर सभी अतिथियों को शाला की उपलब्धियों से अवगत कराया। समस्त माननीय अतिथियो के कर कमलों द्वारा वर्ष 2022-23 की कक्षा 4थी से 12वीं तक की परीक्षा में उत्कृष्टता व विविध गतिविधियों में भी उत्कृष्टता हासिल करने वाले समस्त छात्र, छात्राओं को पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। माननीय अतिथियों ने अपने-अपने उद्बोधन में शाला की उपलब्धियों की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

लोस चुनाव के मद्देनजर अति नक्सल प्रभावित दूरस्थ थाना क्षेत्रों का पुलिस अधीक्षक ने किया आकस्मिक

खैरागढ़/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल द्वारा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर अति नक्सल प्रभावित ,अन्तर्रा%यीय सीमा में लगे पुलिस चेक पोस्ट एंव थाना साल्हेवारा तथा मोहगॉव के सामने लगे पुलिस चेक पोस्ट का निरीक्षण कर यातायात नियमो का उगघंन करने वाले व्यक्तियो पर चालानी कार्यवाही करने तथा अन्तर्रा%यीय सीमा से किसी भी प्रकार की अवैध सामग्री परिवहन न हो की बारीकी से चेकिंग करने निर्देश दिए। आम नागरिको को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो इसका विशेष ध्यान रखने कहा गया। थाना साल्हेवारा में पदस्थ कर्मचारियो को वाहन चेकिंग करने के संबंध सभी व्यक्तियों से मधुरतापूर्ण व्यवहार करने निर्देश दिया । थाना साल्हेवारा का भ्रमण कर थाना स्टॉफ एवं छग बल के जवानो से मिलकर हालचाल जानकर बुनयादी सुविधाओ का जायजा लिया गया सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ एवं अभेद्य बनाने बाबत आवश्यक संसाधनो की पूर्ति हेतु पत्राचार करने निर्देश दिया एमसीपी लगाकर सघन वाहन चेकिंग करने निर्देशित किया। इस दौरान अति पुलिस अधीक्षक नेहा पाण्डेय एवं पुलिस अनुविभागीय अधिकारी लालचंद मोहले, थाना प्रभारी साल्हेवारा निरीक्षण जितेन्द्र बंजारे, थाना प्रभारी मोहगॉव निरीक्षक आलोक, सीएएफ के जवान उपस्थित रहे।

जमकर मनेगी होली, छलकेगा उत्साह

0 नशा कर गाड़ी न चलाने की पुलिस की अपील, चौक चौराहों पर सुरक्षा के लिए तैनात रहेंगे जवान

खैरागढ़/नवप्रदेश। रंगपर्व होली को भाईचारे , सामप्रादायिक सौहार्द्र से मनाने जिला प्रशासन के साथ साथ स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी लोगो से अपील करते होली को बुराई पर अ%छाई की जीत का परिचायक बताया है । होली पर्व को लेकर प्रशासनिक रूप से भी तगड़ी व्यवस्था बनाई गई हे । चौक चौराहो पर पुलिस जवान मोर्चा संभालेंगे तो दूसरी ओर पेट्रोलिंग वाहन से इलाके की पूरी मानिटरिंग भी की जाएगी ।

होली पर्व रंगो के साथ साथ शांति और भाईचारे का पर्व है । पूरे जिले मे शांतिपूर्ण आपसी सौहार्द्र के साथ पर्व मनाकर सामाजिक सदभावना का बेहतर तालमेल दिखाते परंपरागत पर्व को कायम रखे । चंद्रकांत वर्मा कलेक्टर

नियमों का पालन करे-होली पर्व पर पुलिस प्रशासन द्वारा जारी किए गए नियमों का पालन करे । नशे में , तीन सवारी, तेज रफ्तार वाहन न चलाकर अपनी और दूसरो की जिंदगी सुरक्षित करे । होली पर्व पर किसी भी प्रकार की दुर्घटना की जानकारी सीधे पुलिस को दे और दुर्घटना रोकने मे अपना सहयोग दे । त्रिलोक बंसल एसपी

त्योहार की खुशी बढ़ाए- होली पर्व सभी को एकता के रंगों मे बांधने का पर्व है । इस दौरान किसी भी प्रकार की वैमनस्यता को भूलकर आपसी सौहार्द्र और सदभाव के साथ होली का पर्व मनाए । यशोदा वर्मा ,विधायक सामाजिक समरसता कायम रहे

होली पर्व सामाजिक समरसता के मजबूत करती है । होली पर्व के माध्यम से ही एक दूसरे से जीवंत संपर्क होता है । रंग और गुलाल केवल पर्व मनाने ही नही वरन एक दूसरे के बीच की दूरी को कम करने का पर्व है । होली पर शांति सदभावना जरूरी है । विक्रांत सिंह उपाध्यक्ष जिला पंचायत राजनांदगांव

लायंस क्लब के होली मिलन में बच्चों महिलाओं ने प्रस्तुत किए नृत्य

इधर कवर्धा प्रति वर्ष की भांति लायंस क्लब का पारिवारिक होली मिलन समारोह आज 23 मार्च शनिवार की शाम को जी श्याम पैलेस में उल्लासपूर्वक संपन्न हुआ। लायंस परिवार के बच्चों और महिलाओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सुविधि जैन ने सुंदर शास्त्रीय नृत्य पेश कर सबको प्रभावित किया। प्रीनिशा छाबड़ा ने गीत %दिल है छोटा सा छोटी सी आशा% पर अच्छा नृत्य प्रस्तुत कर तालियां बटोरी। लायन सुशीला श्रीश्रीमाल के संचालन में मनोरंजक प्रश्नोत्तरी रखी गई, जिसमें अनेक लायन साथियों ने पुरस्कार जीते।

अवैध शराब बिक्री, परिवहन सहित आरोपी गिरफ्तार,37 नग शराब व 2960 रुपए जप्त

कवर्धा/नवप्रदेश। । कबीरधाम जिले के पुलिस कप्तान डॉ. अभिषेक पल्लव के द्वारा जिले के समस्त थाना एवं चौकी प्रभारी को आगामी त्योहार होली/रंग उत्सव का विशेष ध्यान रखते हुये, जिले में शांति एवं सुरक्षा व्यवस्था कायम रखने हेतु अवैध मादक पदार्थ शराब, गाँजा, एवं अन्य नशीले पदार्थों का बिक्री एवं परिवहन करने वाले असामाजिक तत्वों पर सख्त उचित वैधानिक कार्यवाही करने निर्देशित किया गया है।

जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री विकास कुमार व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र सिंह बघेल तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया श्री पंकज पटेल के मार्गदर्शन में अवैध जुआ, सट्टा एवं अवैध शराब, नशीली दवाओं व अन्य अपराधिक गतिविधियो के विरूद्ध लगातार प्रभावी कार्यवाही किया जा रही है। इसी तारतम्य में दिनांक-22.03.2024 को चौकी क्षेत्र के विश्वसनीय मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ, कि एक व्यक्ति मोटरसाइकिल एच.एफ. डीलक्स क्रमांक- सी.जी.09 जे.एन.-8735 में ग्राम रेहुटा की ओर से सेमरकोना की ओर अधिक मात्रा में अवैध शराब रखकर अवैध धन अर्जित करने की नीयत से मोटरसाइकिल में परिवहन कर रहा है।

उक्त सूचना पर तत्काल चौकी दामापुर पुलिस द्वारा ग्राम सेमरकोना प्रा0शाला रोड के पास आने जाने वाले वाहनों की चेकिंग किया जा रहा था।

इसी दौरान मुखबीर द्वारा दी गई जानकारी अनुसार मोटर सायकल को रोकने पर मोटरसाइकिल में सवार व्यक्ति भगाने का प्रयास करने लगा, जिसे पुलिस टीम द्वारा घेरा बंदी कर पकड़ा गया।

भूमि अंतरण मामले में दोषियों पर कार्यवाही की मांग की

विधायक दीपेश साहू की उपस्थिति में श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने कलेक्टर से की मुलाकात

बेमेतरा/नवप्रदेश। शहर में स्थित श्रीराम मंदिर न्यास भूमि का असंवैधानिक तरीके से अदला बदली मामले उजागर हुआ था, जिसको लेकर बेमेतरा विधायक दीपेश साहू एवं श्रीराम मंदिर ट्रस्ट के सदस्यों ने कलेक्टर से मुलाकात किया और श्रीराम मंदिर जमीन अंतरण मामले को लेकर विस्तार से अवगत करवाया गया। वही कलेक्टर को ज्ञापन सौपकर मामले पर जल्द से जल्द दोषियों पर कार्रवाई करने की मांग की है। समिति सदस्य ने बताया कि तत्कालीन कलेक्टर के नस्तीबद्ध आदेश के बावजूद असवैधानिक तरीके से भूमि का अदला बदली कर दिया गया था। जानकारी होने पर उस मामले में श्रीराम मंदिर समिति व सनातन समाज के सदस्यों ने शिकायत पत्र कलेक्टर को सौपा था। मामले में शिकायत पर आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं होने के कारण सभी सदस्यों ने वर्तमान पदस्थ कलेक्टर रणवीर शर्मा से मुलाकात कर मामले से जुड़ी सभी दस्तावेज सौंपते हुए कार्रवाई करने का आग्रह करते हूए दोषियों पर कार्यवाही की मांग की हैं। वही सदस्यों को कलेक्टर ने आश्वस्त करते हुए तत्काल बेमेतरा एसडीएम को मामले का अवलोकन कर कार्रवाई के लिए निर्देशित किए है। इस मौके पर मंदिर समिति व सनातन समाज सदस्यों के साथ बेमेतरा विधायक दीपेश साहू, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष विजय सिन्हा, हर्ष वर्धन तिवारी, आदित्य सिँह राजपूत, मोंटी साहू, विकाश तम्बोली, नीतू कोठारी, योगेश् वर्मा, राकेश मोहन शर्मा, महेश सिँह राजपूत उपस्थित रहें।

मतदाताओं को जागरूक करने जिला मुख्यालय में निकली सायकल रैली

बेमेतरा/नवप्रदेश।लोकसभा आम निर्वाचन-2024 ज़िला मुख्यालय बेमेतरा में आज सुबह मतदाता जागरूकता रैली में कलेक्टर रणबीर शर्मा, पुलिस पुलिस अधीक्षक रामकृष्ण साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी ज़िला पंचायत टेकचन्द्र अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी ने स्थानीय स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थियों को भी शामिल हुए। यह एक महत्वपूर्ण कदम हैं जो मतदान की प्रक्रिया में युवाओं को जागरूक करता हैं। इस रैली में विभिन्न जानकारियों को साझा किया गया और मतदान के महत्व को बढ़ावा दिया गया। सायकल रैली मुख्य चौक-चौराहों से होकर गुजरी और बेसिक स्कूल मैदान में समाप्त हुई।

सायकल रैली में मतदाताओं को मतदान करने रोचक स्लोगन की तख्ती भी साइकल में लगी थी। कलेक्टर श्री शर्मा के सायकल की आगे तख्ती में मत देना अपना अधिकारी, बदले में ना लो उपहार लिखा था। वही पुलिस अधीक्षक श्री साहू ने भी सायकल के आगे तख्ती में न नशे से ना नोट से, क़िस्मत बदलेगी वोट से स्लोगन लिख कर सायकल रैली में शामिल हुए। कलेक्टर ने उपस्थित मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलायी। स्वीप जुंबा डांस में युवा मतदाताओं ने किया मतदान शपथ और डांस खुशनुमा माहौल बना। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के लिए आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे। उन्होंने कहा यह अच्छी सेवा हैं।

मतदान कर्मियों का प्रथम रेण्डमाईजेशन

नारायणपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री बिपिन मांझी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे लोकसभा निर्वाचन 2024 हेतु विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र नारायणपुर (अजजा) अंतर्गत जिला नारायणपुर में आने वाले 127 मतदान केन्द्रों में नियोजित किये जाने वाले मतदान कर्मियों का प्रथम रेण्डमाईजेशन किया गया, जिसमें 10 संगवारी मतदान केन्द्र, 05 युवा मतदान केन्द्र, 01 दिव्यांग मतदान केन्द्र को छोड़्कर शेष सभी मतदान केन्द्रों के लिये कुल 556 मतदान कर्मियों का रेण्डमाईजेशन कर चिन्हांकित किया गया। रेण्डमाईजेशन के दौरान मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत डॉ. आकांक्षा शिक्षा खलखो, सहायक रिटर्निंग आफिसर अभयजीत मण्डावी व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

चिंता | पहले 100 से 120 रुपए में मिलता था नगाड़ा अब 1000 से 1200 में

विलुप्ति के कगार पर नगाड़ा कारोबारी निराश, रोजी रोटी के लिए कर रहे मजदूरी

कोरबा/नवप्रदेश। रंगों के त्योहार होली में फाग गीत का भी अलग महत्व होता है. होली की मस्ती और नाच-गाने नगाड़े के बिना फीका लगता है. लेकिन बदलते वक्त के साथ अब आधुनिक वाद्य यंत्रों के बीच नगाड़े के थाप कम ही सुनाई देती है. ग्रामीण अंचलों को छोड़ दें तो शहरों में होली के दिन एक-दो जगहों पर ही लोग नगाड़ा बजाते नजर आते हैं. नगाड़े की खरीदारी भी कम हो गई है, जिसके चलते इन कारीगरों की होली फीकी पड़ गई है. इसका सीधा असर नगाड़ा बनाने वाले कारीगरों पर भी पड़ा है.

नगाड़ा बनाने वाले कारीगर मायूस÷ रंगों के त्योहार होली के दौरान खरीदी कम होने से नगाड़ा बनाने वाले कारीगर मायूस हैं. उनका मानना है कि आधुनिक डीजे जैसे वाद्य यंत्रों ने अब नगाड़ों का स्थान ले लिया है. इसे बनाने वाले कारीगरों की पहले अच्छी खासी कमाई हो जाती थी, लेकिन अब कारीगरों ने नगाड़ा बनाना ही छोड़ दिया है. बिक्री भी काफी कम है, तो दूसरी ओर नगाड़ा बनाने के सामानों की भी किल्लत है. 800 से 1000 में मिलता है नगाड़ा, वर्तमान समय में हजार रुपए से लेकर 1200 तक के दाम में एक जोड़ी नगाड़ा आसानी से मिल जाता है. पहले इसकी कीमत 100 से 120 भी हुआ करती थी. नगाड़ा बनाने वाले कारीगर कहते हैं कि दाम बढ़ने के साथ ही इसका उपयोग भी काम हो गया है. लेकिन खरीदारी कम होने की बड़ी वजह आधुनिक वाद्य यंत्र हैं. अब डीजे और अनेक वाद्य यंत्रों में फिल्मी गानों में होली मनाने का ट्रेंड चल पड़ा है. नगाड़ा बनाने वाले कारीगर कृष्ण सारथी कहते हैं, ÷एक समय था, जब हम होली में नगाड़े बेचकर अच्छा खासा व्यापार कर लेते थे. इससे पूरा घर चल जाता था।

थाना प्रभारी को परेशानियों से कराया अवगत

दंतेवाड़ा/बचेली/नवप्रदेश। नागरिक सुरक्षा सेवा संगठन छ.ग प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डीएम सोनी की अगुआई में जिला दंतेवाड़ा टीम ने बचेली नगर में नव पदस्थ थाना प्रभारी मधुनाथ ध्रुव से सौजन्य भेंट कर स्वागत किया। साथ ही नगर की यातायात व्यवस्था दिन ब दिन बढ़ते साइबर अपराध,नशे की गिरफ्त में आ रहे युवा ,नशे के कारोबारियों पर कार्यवाही सहित बाइकर्स द्वारा ओवर स्पीडिंग,प्रतिबंधित साइलेंसर लगाकर ध्वनि प्रदूषण फैलाने वालो पर कार्यवाही की मांग की गई। थाना प्रभारी ने सभी मामलों को गंभीरता से विचार कर जल्द ही कार्यवाही का आश्वासन दिया गया साथ ही उनके द्वारा साइबर क्राइम को रोकने नगरवासियों को जागरूक होने,यातायात नियमों का पूर्ण रूप से पालन करने हेतु अपील भी की।

प्रॉपर्टी बेचकर हुई कमाई पर भी देना होता है टैक्स

नई दिल्ली। जब भी हम कोई प्रॉपर्टी, इक्विटी या म्यूचुअल फंड बेचते हैं, मुनाफे पर कैपिटल गेन टैक्स चुकाना पता है। हालांकि ये टैक्स बचाने के कुछ विशेष नियम हैं, जो अधिकतम 10 करोड़ रुपए की कटौती की अनुमति देते हैं।इनकम टैक्स एक्ट के सेक्शन 54 के मुताबिक, अगर आप कोई मकान बेचते हैं और इस तरीके से हुई आय तय अवधि के भीतर (2 साल के भीतर खरीद या 3 साल के भीतर नई प्रॉपर्टी का कंस्ट्रक्शन) कोई अन्य घर खरीदने में खर्च करते हैं तो शुरुआत में जिस प्रॉपर्टी को बेचकर आपने कैपिटल गेन कमाया था उस पर टैक्स में छूट मिल सकती है।

जब आपने घर खरीदा था तब उसकी कीमत 20 लाख रुपए थी। अब आप इसे 42 लाख रुपए में बेच रहे हैं। आपको 22 लाख रुपए का कैपिटल गेन (मुनाफा) हुआ। आपको इस पर 3त्न सरचार्ज और सेस (उपकर) के अलावा 20त्न लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स भी देना होगा। हालांकि, यदि आप पुराने घर की बिक्री से हुई आय से कोई अन्य मकान खरीदते हैं तो आपको इस टैक्स से छूट मिलेगी।

टैक्स एक्सपर्ट सुनील गर्ग बताते हैं कि अगर आप टैक्स रिटर्न फाइल करने तक घर बेचने से मिले पैसे का इस्तेमाल नया घर खरीदने के लिए नहीं करते हैं, तो उस पैसे को कैपिटल गेन्स अकाउंट स्कीम के तहत एक विशेष खाते में डाल दें। फिर भी उस पैसे से 2 साल में कोई घर खरीदना होगा या 3 साल में नया मकान बनवाना होगा।

पुराने घर की बिक्री से प्राप्त मुनाफे से लिए गए नए घर को खरीदने या निर्माण पूरा होने के 3 साल बाद तक नहीं बेच सकते। अगर आप नया घर खरीदने/निर्माण के 3 साल पूरा होने से पहले बेचते हैं, तो सेक्शन 54 के तहत आपको प्राप्त लाभ रद्द कर दिया जाएगा और पूरा लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स चुकाना होगा।सेक्शन 54 के तहत छूट आपको तभी मिल सकती है, जब आप भारत में घर खरीद रहे हों। देश के बाहर खरीदी गई किसी भी रेसिडेंशियल प्रॉपर्टी पर आपको लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन टैक्स पर कोई छूट नहीं मिलेगी।

कितना देना होता है टैक्स?

इनकम टैक्स कानून के हिसाब से अगर प्रॉपर्टी खरीदने के तीन साल के अंदर बेच दी जाए तो इससे होने वाले मुनाफे को शॉर्ट टर्म कैपिटल गेन (स्रूष्टत्र) माना जाता है। घर या प्लॉट बेचने से हुए मुनाफे की इस रकम को आपकी कुल आमदनी में जोड़ा जाएगा और उसके बाद आपके टैक्स स्लैब के हिसाब से इस पर टैक्स वसूला जाएगा। अगर आप प्रॉपर्टी खरीदने के बाद 3 साल रखते हैं और फिर उसे बेचते हैं तो इससे होने वाला मुनाफा लॉन्ग टर्म कैपिटल गेन (स्रूष्टत्र) माना जाएगा। इस तरह की आमदनी पर आपको इंडेक्सेशन (समय के हिसाब से प्रॉपर्टी की कीमत ब?ने) के लाभ के बाद 20.8त्न के हिसाब से टैक्स चुकाना प?गा।

पेट्रोल पंप पर गाड़ी की नंबर प्लेट पर होगी कैमरे की नज़र, तत्काल बनवा लें ये पेपर नहीं तो लगेगा 10,000 तक जुर्माना

नई दिल्ली। यदि आप दिल्ली-NCR में हैं और रोजाना वाहन का इस्तेमाल करते हैं तो सावधान हो जाएं. जल्द ही, आपके वाहन लाइसेंस प्लेटों को PUCC वैधता के लिए पेट्रोल पंपों पर कैमरों द्वारा स्कैन किया जाएगा. दिल्ली सरकार इस मामले में एक डिजिटल सॉल्यूशन लागू करने की योजना बना रही है. दिल्ली ट्रांसपोर्ट इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन ने एक निविदा सूचना जारी की है और बिडर्स को डिजिटल सॉल्यूशन का सुझाव देने के लिए आमंत्रित किया है. दरअसल, दिल्ली सरकार राज्य में वाहनों से होने वाले प्रदूषण पर रोकथाम लगाने के लिए उन वाहनों की जांच करना चाहती है जो बिना वैलिड प्रदूषण नियंत्रण सर्टिफिकेट के दौड़ रही हैं. इसके लिए सरकार पेट्रोल पंपों पर CCTV कैमरा लगाने की तैयारी में है ताकि ऐसे वाहनों को उनके नंबर प्लेट के जरिए पहचान की जा सके. बताया जा रहा है कि, इस प्रोजेक्ट की अनुमानित लागत तकरीबन 6 करोड़ रुपये है. मीडिया को दिए बयान में एक अधिकारी ने कहा, ÷बोली लगाने वाले के पास दिल्ली शहर के भीतर प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से एक डिजिटल समाधान देने की क्षमता होनी चाहिए. इस सॉल्यूशन में एक एप्लिकेशन को भी शामिल किया जाना जरूरी है जो पेट्रोल पंपों पर लगाए गए मौजूदा कैमरों के साथ इंटीग्रेट हो सके.

कैसे काम करेगा ये सिस्टमः अधिकारी ने बताया कि, इसे इस तरह से डिज़ाइन किया जाएगा कि पेट्रोल पंप पर जैसे ही कोई वाहन पहुंचेगा मौके पर लगा हुआ कैमरा लाइसेंस प्लेट को स्कैन कर लेगा और सिस्टम वाहन के रजिस्ट्रेशन नंबर से तत्काल पता लगा लेगा कि, उक्त वाहन का प्रदूषण सर्टिफिकेट वैलिड है या नहीं.

इंडियन ऑयल का 'स्टॉर्म' बना थाईलैंड में एशिया रोड रेसिंग चैंपियनशिप के पहले दौर का 'ऑफिशियल फ़्यूल पार्टनर'

नई दिल्ली/नवप्रदेश। भारत की प्रमुख ऊर्जा कंपनी, इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने अपनी नवीनतम तथा बेहतर प्रदर्शन वाले ईंधन, 'स्टॉर्म-अल्टीमेट रेसिंग फ्यूल' के साथ एशिया रोड रेसिंग चैम्पियनशिप (एआरआरसी) - 2024 के ऑफिशियल फ़्यूल पार्टनर के रूप में शानदार तरीक़े से प्रवेश किया। बुरिराम, थाईलैंड के चांग इंटरनेशनल सर्किट में चैंपियनशिप के शुरुआती दौर में स्टॉर्म ने सभी रेसिंग बाइक्स को ईंधन दिया। एआरआरसी चैम्पियनशिप थाईलैंड, चीन, जापान, इंडोनेशिया, मलेशिया में यात्रा करेगी, जिसका समापन थाईलैंड में होगा।

इंडियनऑयल एकमात्र भारतीय ऊर्जा कंपनी है जिसे सभी एआरआरसी आयोजनों में तीन साल की अवधि के लिए चैंपियनशिप के लिए ऑफिशियल फ़्यूल पार्टनर के रूप में यह सम्मान प्राप्त हुआ है, जिसमें भाग लेने वाली बाइक को 'स्टॉर्म-अल्टीमेट रेसिंग फ्यूल' दिया गया । अपनी उच्च स्तरीय रेसिंग प्रतिभा के लिए प्रसिद्ध, एआरआरसी ने अग्रणी रेसिंग उत्साही लोगों के साथ इंडियनऑयल की साझेदारी का उत्साहपूर्वक स्वागत किया, जिससे मोटरस्पोर्ट डोमेन में एक विश्वसनीय फ़्यूल पार्टनर के रूप में इंडियनऑयल की स्थिति मजबूत हुई।

स्टॉर्म के प्रदर्शन को दुनिया भर की प्रतिष्ठित रेसिंग टीमों ने काफी सराहा। प्रसिद्ध टीकेकेआर बीएमडब्ल्यू रेसिंग टीम के टीम मैनेजर ने कहा, ÷यह एक सुखद अनुभव था कि स्टॉर्म के उपयोग से रेसिंग बाइक की गति, तेजी से बढ़ गई। पिछले साल, इसी सर्किट में केवल कुछ ही बाइकें 300 किमी/घंटा की गति तक पहुंच सकी थीं, लेकिन इस साल इंडियनऑयल का स्टॉर्म हर रेसर बाइक को 300 किमी प्रति घंटे की रफ्तार तक पहुंचा सका ।''

स्टॉर्म- अल्टीमेट रेसिंग फ्यूल को उच्च प्रदर्शन वाले गैसोलीन के रूप में डिज़ाइन किया गया है, और विशेष रूप से एंडुरो, ट्रायल, सर्किट रेसिंग, मोटोक्रॉस और सुपरमोटो, क्रॉस-कंट्री, ई-बाइक और ट्रैक रेसिंग सहित विभिन्न रेसिंग सर्किट के कड़े मानदंडों के अनुसार तैयार किया गया है। यह विशेष ईंधन एफआईएम श्रेणी 2 रेस ईंधन की आवश्यकताओं को पूरा करता है तथा स्विट्जरलैंड में एफआईएम द्वारा अनुमोदित मेसर्स इंटरटेक से मंजूरी के साथ, यह सभी वर्गों की मोटरबाइकों को ईंधन प्रदान करता है।

पेटीएम ने कहा- रिस्ट्रक्चरिंग और परफॉर्मेंस संबंधी एडजस्टमेंट्स को गलत तरीके से छंटनी समझा गया

नई दिल्ली। पेटीएम की पेरेंट कंपनी वन 97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने उन सभी मीडिया रिपोर्ट्स का खंडन किया है, जिनमें दावा किया गया था कि कंपनी अलग-अलग बिजनेस सेक्शन में करीब 20त्न-25त्न कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की तैयारी कर रही है।कंपनी ने इस खबर को भ्रामक और निराधार बताया है। इस मामले में कंपनी ने स्पष्ट किया है कि रिस्ट्रक्चरिंग और परफॉर्मेंस संबंधी एडजस्टमेंट्स को गलत तरीके से छंटनी समझा गया है। पेटीएम अपने वर्कफोर्स की स्टेबिलिटी से समझौता किए बिना ग्रोथ और ऑपरेशनल एफिशिएंसी के लिए प्रतिबद्ध है करीब एक सप्ताह पहले कई मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया था कि पेटीएम

एनुअल परफॉर्मेंस रिव्यू के तहत अलग-अलग डिपार्टमेंट्स में छंटनी करने वाली है। इसके अलावा पेटीएम ‹ढ्ढ-पॉवर्ड ऑटोमेशन एक्सरसाइज भी कर रही है। इसके चलते भी जॉब कट हो सकते हैं। पेटीएम बिजनेस के सीनियर वाइस प्रेसिडेंट प्रवीण शर्मा ने कंपनी से इस्तीफा दे दिया है। प्रवीण ने 23 मार्च को अपना इस्तीफा कंपनी को सौंप दिया है, हालांकि वे अभी 31 मार्च तक कंपनी में बने रहेंगे।वन97 कम्यूनिकेशन ने फाइलिंग में इस बात की जानकारी दी है। पेटीएम जॉइन करने से पहले प्रवीन शर्मा करीब 9 सालों तक गूगल में थे। शर्मा तब, भारत और एशिया-पैसिफिक रीजन में लीडरशिप रोल में रहे। PPBL की इंडिपेंडेंट डायरेक्टर मंजू अग्रवाल ने इस्तीफा दिया था

इससे पहले 1 फरवरी को पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड (PPBL) की इंडिपेंडेंट डायरेक्टर मंजू अग्रवाल ने बोर्ड से इस्तीफा दे दिया था। तब, वन97 कम्यूनिकेशंस ने फाइलिंग में कहा कि मंजू अग्रवाल ने व्यक्तिगत कारणों से 1 फरवरी को बोर्ड से इस्तीफा दे दिया है। इससे कंपनी के ऑपरेशन या बिजनेस पर कोई असर नहीं होगा।

एयरटेल का क्रिकेट प्रेमियों के लिए बोनांजा ऑफर

नई दिल्ली/नवप्रदेश। क्रिकेट का जुनून एक बार फिर पूरे देश में छाया हुआ है। आज से सबसे बड़ी टी20 लीग शुरू हो गई है। एयरटेल ने अपने यूजर्स के लिए विशेष, सीमित अवधि के आईपीएल बोनांजा ऑफर लॉन्च किए हैं, जो सिर्फ ?39 से शुरू होते हैं।

अपने सभी प्रीपेड ग्राहकों के लिए, एयरटेल ने अपने मौजूदा अनलिमिटेड डेटा पैक प्लांस की कीमतों में बदलाव किया है। ?49 और ?99 के पैक्स को संशोधित कर ?39 और ?79 रुपये के दो नए विशेष पैक बनाए हैं। ये पैक आईपीएल 2024 के लिए विशेष तौर पर तैयार किए गए हैं ताकि एयरटेल के क्रिकेट फैंस को बिना किसी बाधा के लगातार कनेक्टिविटी मिल सके और यह सुनिश्चित हो सके कि मैच स्ट्रीम करते समय उनका डेटा खत्म न हो पाए

खेल, मनोरंजन

ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री: वेरस्टैपेन ने पोल पोजीशन हासिल की, हैमिल्टन ग्यारहवें स्थान पर

मेलबर्न। रेड बुल के मैक्स वेरस्टैपेन ने शनिवार को ऑस्ट्रेलियन ग्रां प्री के लिए एक रोमांचक क्वालीफाइंग सत्र में फेरारी के कार्लोस सैन्ज़ की कड़ी चुनौती का सामना करने के बाद पोल पोजीशन हासिल करते हुए, व्हील के पीछे अपनी महारत का प्रदर्शन किया।

सैन्ज़ ने उल्लेखनीय लचीलेपन और गति का प्रदर्शन करते हुए क्वालीफाइंग के शुरुआती चरणों में अपना दबदबा बनाया और पहले दो भागों में गति निर्धारित की। हालाँकि, वेरस्टैपेन ने अपनी चैम्पियनशिप-विजेता वंशावली का प्रदर्शन किया, अंतिम शूटआउट में दो त्रुटिहीन लैप्स देकर 0.27 सेकंड के कमांडिंग अंतर से पोल पोजीशन छीन ली।अंतिम सत्र में वेरस्टैपेन के आखिरी दो बेहतरीन लैप फेरारी के लिए बहुत अच्छे थे क्योंकि डचमैन ने इस सीज़न में लगातार तीसरी पोल पोजीशन हासिल की, एक बार उन्होंने अपने रिकॉर्ड-ब्रेकिंग 2023 की तुलना में और भी अधिक प्रभावशाली शैली में शुरुआत की है। वेरस्टैपेन की टीम के साथी सर्जियो पेरेज़ ने ग्रिड पर तीसरा स्थान हासिल किया, जबकि फेरारी के चार्ल्स लेक्लर और मैकलेरन के लैंडो नॉरिस शीर्ष पांच में रहे। नॉरिस का चौथा स्थान मैकलारेन का एक साल का सर्वश्रेष्ठ परिणाम था, क्योंकि उनकी शुरुआत उम्मीद से थोड़ी पीछे थी।सऊदी अरब में पिछली दौड़ में कठिनाइयों के बाद ऑस्ट्रेलिया में एक चुनौतीपूर्ण सप्ताहांत को सहते हुए मर्सिडीज ने गति के लिए संघर्ष करना जारी रखा। कार के प्रदर्शन से संबंधित मुद्दों को सुलझाने के उनके प्रयासों के बावजूद, जॉर्ज रसेल और लुईस हैमिल्टन दोनों को क्वालीफाइंग दौर में निराशा का सामना करना पड़ा। रसेल, जिन्होंने पिछले साल की दौड़ में वेरस्टैपेन के साथ अग्रिम पंक्ति में शुरुआत की थी, इस बार खुद को 0.8 सेकंड से अधिक पीछे पाया।इस बीच, सात बार के विश्व चैंपियन हैमिल्टन शीर्ष 10 में जगह बनाने में असफल रहे और अपने साथी खिलाड़ी से मामूली अंतर से हार गए।सत्र का असाधारण प्रदर्शन सैंज का रहा, जिन्होंने एपेंडिसाइटिस सर्जरी के सिर्फ 15 दिन बाद बाधाओं को मात दी। शारीरिक असफलता के बावजूद, सैंज ने अपनी प्रतिभा और दृढ़ संकल्प का प्रदर्शन करते हुए एक उल्लेखनीय प्रदर्शन किया, जिससे उन्हें वेरस्टैपेन के साथ अग्रिम पंक्ति में शुरुआत मिली।

टेनिस: सबालेंका और गॉफ मियामी ओपन के तीसरे दौर में

मियामी। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने लचीलेपन और फोकस का प्रदर्शन करते हुए मियामी ओपन में पाउला बडोसा पर 6-4, 6-3 की जीत के साथ तीसरे दौर में अपनी जगह पक्की की। बडोसा में एक दृढ़ प्रतिद्वंद्वी का सामना करते हुए, सबालेंका को शुरुआती सेट में प्रतिरोध का सामना करना पड़ा।

हालाँकि, अपनी ट्रेडमार्क दृढ़ता का प्रदर्शन करते हुए, उन्होंने बडोसा की सर्विस तोड़कर महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली। पहले सेट में, बडोसा ने बहादुरी से संघर्ष किया और सबालेंका के खिलाफ दो ब्रेक प्वाइंट बचाते हुए उल्लेखनीय ताकत का प्रदर्शन किया और 3-2 की बढ़त बना ली। बेलारूसी खिलाड़ी ने आखिरकार स्पैनियार्ड की सर्विस तोड़कर 4-3 की बढ़त ले ली, लेकिन 4-5 से पिछड़ने के बाद अविश्वसनीय पकड़ बनाते हुए सबालेंका से दो सेट प्वाइंट छीन लिए।

अपने चौथे सेट प्वाइंट के बाद, मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई चैंपियन 1-0 से आगे हो गई। मैच में बने रहने के लिए बडोसा के साहसिक प्रयासों के बावजूद, सबालेंका का दबदबा कायम रहा क्योंकि उन्होंने पहला सेट जीत लिया और दूसरे सेट में जीत हासिल करने के लिए अपनी लय बरकरार रखी। पाउला बडोसा पर जीत के साथ, सबालेंका के पास अब 2023 की शुरुआत से 25 डब्ल्यूटीए-1000 मैच जीत हैं, वह इगा स्वीयाटेक (40), एलेना रिबाकिना (34) और कोको गॉफ (26) के बाद ऐसा करने वाली चौथी खिलाड़ी बन गई हैं। सबालेंका की जीत से अनहेलिना कलिनिना के खिलाफ तीसरे दौर का दिलचस्प मुकाबला तय हो गया है। इस बीच, एक अन्य कोर्ट पर, दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी कोको गॉफ ने नादिया पोडोरोस्का के खिलाफ शानदार प्रदर्शन करते हुए अपनी ताकत का प्रदर्शन किया। गॉफ की अथक आक्रामकता और सटीकता ने उन्हें 6-1, 6-2 से शानदार जीत दिलाई। गॉफ का तीसरे दौर में ओसियाना डोडिन के खिलाफ मुकाबला होगा।

शाहिद कपूर की वाइफ मीरा ग्लैमरस लुक में पहुंचीं पार्टी

बीती रात मुंबई के जीजी रेस्टोरेंट में एक पार्टी रखी गई। जीजी बांद्रा वेस्ट में लोकेटेड एक पॉपुलर रेस्टोरेंट है, जो कि अपनी जापानी क्विजीन के लिए मशहूर है। इस रेस्टोरेंट में अक्सर बी-टाउन सेलेब्स को स्पॉट किया जाता है। आयुष्मान खुराना की वाइफ ताहिरा कश्यप मरून फ्लोरल प्रिंटेड ड्रेस पहने रेस्टोरेंट जाते स्पॉट हुई।

मीरा राजपूत व्हाइट शर्ट और ब्लैक शिमर स्कर्ट में नजर आईं। रसिका दुग्गल, टिस्का चोप?ा जीजी रेस्टोरेंट के बाहर पोज देती दिखीं।सनी देओल मुंबई एयरपोर्ट पर कैप लगाए नजर आए। एक्टर कैजुअल लुक में दिखे। सनी देओल की पिछले साल गदर 2 रिलीज हुई थी। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कमाल का कलेक्शन किया था। बिग बॉस 17 के विनर मुनव्वर फारुकी भी रेड टी-शर्ट पहने स्पॉट किए गए। विक्रांत मैसी हाथों में बैग लिए, कैप लगाए दिखे।

बता दें, हाल ही एक्टर एक बच्चे के पिता बने हैं। विक्रांत और उनकी वाइफ शीतल ने बच्चे के जन्म की खुशी सोशल मीडिया पर पोस्ट की थी। पिछले साल विक्रांत मैसी की फिल्म 12वी फेल ने बॉक्स ऑफिस पर खूब कमाई की थी। इस फिल्म को फिल्मफेयर बेस्ट फिल्म अवॉर्ड से भी नवाजा गया था।

■ न्यूज गैलरी

नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर ढाई लाख की ठगी

रायपुर/नवप्रदेश। नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर ढाई लाख की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी महेश कुमार 38 वर्ष दोंदेखुर्द विधानसभा का रहने वाला है। प्रार्थी दोंदेखुर्द में श्री सांई ज्वेलर्स नाम से दुकान चलाता है। बताया जाता है आरोपी विशाल कुमार सोनी ने प्रार्थी के दुकान में आकर मुझे जमीन खरीदने के लिए पैसे की आवश्यकता है कहकर अपने पास रखे नकली ब्रेसलेट को सोना बताकर गिरवी रख दिया और ढाई लाख रुपए लेकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थी की शिकायत पर विधानसभा पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज जांच में लिया है।

5 ड्रम डीजल के साथ युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। ग्राम टेकारी में 5 ड्रम डीजल के साथ एक अधेड़ को विधानसभा पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम टेकारी में एक व्यक्ति अवैध रूप से डीजल रखा हुआ है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी महेन्द्र साव 56 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 5 ड्रमों में रखे 1000 लीटर डीजल जब्त किया है। मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

ऑनलाइन सट्टा खिलाते तीन युवक गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। टिकरापारा और अभनपुर पुलिस ने ऑनलाइन सट्टा खिलाते तीन युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से सट्टा-पट्टी सहित 4 नग मोबाइल, 1 टेबलेट, टीवी जब्त किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ जुआ एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार टिकरापारा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर संतोषी नगर शकुन बग्गा बार में ऑनलाइन क्रिकेट सट्टा खिलाते आरोपी ईशान डेगवानी 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 1 मोबाइल और सट्टा-पट्टी जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी अटल आवास में दबिश देकर आरोपी अंकित मंडल 30 वर्ष व एक अन्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 3 नग मोबाइल, एक टेबलेट, टीवी व सट्टा-पट्टी जब्त किया है।

गांजा के साथ युवक पकड़ाया

रायपुर/नवप्रदेश। नेवरा पुलिस ने तिल्दा रेलवे क्रासिंग के पास एक झोपड़ी में गांजा के साथ युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार नेवरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तिल्दा रेलवे क्रासिंग के पास चाय नास्ता की झोपड़ी में एक युवक गांजा बेच रहा है। सूचना पर मौके में पहुंची पुलिस ने आरोपी रूपेश जांगडे 23 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 2 किलो गांजा जब्त किया है। जिसकी कीमत करीब 16 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है।

अवैध शराब बेचते 8 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी पुलिस ने अवैध शराब बेचने वाले कोचियों के खिलाफ अभियान चलाकर अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते हुए 8 कोचियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 169 पाव देशी एवं विदेशी शराब एवं बिक्री रकम 390 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार माना पुलिस ने डुमरतराई में दबिश देकर आरोपी गुमेन्द्र यादव 35 वर्ष के पास से 16 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं नेवरा पुलिस ने आरोपी राजकुमार पटेल 23 वर्ष के पास से 48 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं गोबरानवापारा पुलिस ने आरोपी धन्नू यादव 30 वर्ष के पास से 12 पाव देशी शराब व बिक्री रकम 240 रुपए जब्त किया है। इसी तरह गंज थाना पुलिस ने आरोपी अजय सोनटक्के 40 वर्ष के पास से 9 पाव देशी एवं 11 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं सेजबहार पुलिस ने आरोपी मनशेष यादव 34 वर्ष व लीकेश्वर साहू 36 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इन दोनों के पास से 51 पाव देशी शराब व हिबक्री रकम 150 रुपए जब्त किया है। वहीं गोलबाजार पुलिस ने आरोपी प्रकाश कुमार यादव 38 वर्ष के पास से 15 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। वहीं मौदहापारा पुलिस ने आरोपी चिराग पोईनानी 24 वर्ष के पास से 8 पाव अंग्रेजी शराब जब्त किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

कबाड़ खपाने जा रहे वाहन को पुलिस ने किया जप्त

कोरबा/नवप्रदेश। पुलिस अधीक्षक महोदय सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर कटघोरा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा वर्मा व एसडीओपी कटघोरा पंकज ठाकुर के मार्गदर्शन में बीते दिन कटघोरा थाना क्षेत्र में कबाड़ का परिवहन कर खपाने जा रहे वाहन को कटघोरा पुलिस घेराबंदी कर पकड़ने में सफलता पाई है। पुलिस की घेराबंदी देख मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया वहीं एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है साथ ही कबाड़ परिवहन करते वाहन व लगभग 3 टन कबाड़ जप्त किया है। ज्ञात हो की कटघोरा थाना क्षेत्र में श्रीराम कन्स्ट्रक्शन द्वारा पुल निर्माण का कार्य किया जा रहा है। पुल निर्माण के मैनेजर सिताराम यादव ने कटघोरा थाना में आकर शिकायत दर्ज कराई की उनके कार्यस्थल से सेंट्रिंग प्लेट, एंगल व लोहे की सरिया की चोरी हो गई है। पुलिस द्वारा मामला दर्ज करते हुए तथा थाना प्रभारी धर्मनारायण तिवारी ने अपने उच्च अधिकारियों को सूचना देकर मामले की पतासाजी की गई। मुखबिर की सूचना पर पुलिस द्वारा घेराबंदी कर मौके से छोटा हाथी वाहन क्रमांक ब्ळ 12 ठब् 8293 की जॉच की गई।

छत्तीसगढ़ टीम में जिले के युवा क्रिकेटर सत्यम ने बनाई जगह

■ **पिता का सपना पूरा करने के लिए बना क्रिकेटर**

कोरबा/नवप्रदेश। क्रिकेट खेल में रूचि रखने वाले युवाओं की कमी नहीं है। इस खेल में राज्य अथवा देश के लिए खेलने का सपना सीमित युवाओं का ही पूरा होता है। छोटे शहर के टेस्ट गेंदबाज सत्यम दुबे ने बड़ी छलांग लगाई है। भारत के डोमेस्टिक फॉर्मेट में एज ग्रुप के सभी प्रतियोगिता में सत्यम ने छत्तीसगढ़ का प्रतिनिधित्व किया है। हाल ही में विजय हजारे ट्राफी में भी छत्तीसगढ़ की ओर से खेलते हुए सत्यम ने प्रदेश में अच्छी खासी पहचान बना ली है।

अपने क्रिकेट कैरियर के बारे में युवा सत्यम दुबे ने बताया कि उसने अब तक डोमेस्टिक क्रिकेट में भारत में एज ग्रुप की हर प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। अंडर 23 एज ग्रुप में भारत का डोमेस्टिक क्रिकेट होता है. जो चार दिन के डेज फॉर्मेट में खेला जाता है। इस साल विजय हजारे ट्राफी में उसने अपने लिस्ट ए करियर का भी डेब्यू किया है। सत्यम ने आगे बताया कि डोमेस्टिक क्रिकेट में यह सीजन काफी अच्छा रहा. वीरेंद्र सहवाग के बाद टेस्ट मैच में भारत की ओर से ट्रिपल सेंचुरी लगाने वाले करुण नायर को गेंदबाजी की। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का

लोहा मनवा चुके उमेश यादव के साथ समय बिताने का मौका मिला। जिन्होंने उसे काफी अच्छे टिप्स दिए, बताया कि एक तेज गेंदबाज की ट्रेनिंग किस तरह की होनी चाहिए और कितनी मेहनत करनी पड़ती है। करुण नायर को गेंदबाजी करते हुए, उस मैच में उसने काफी प्रेशर हैंडल किया, जो उसके लिए काफी अच्छा अनुभव रहा। उसने बताया कि रूटीन में ट्रेनिंग और स्ट्रेंथ पर फोकस करना पड़ता है। चार दिनों तक लगातार क्रिकेट खेलने के लिए यह जरूरी है। छोटे शहर से निकलकर बड़ी पहचान बनाने का ख्वाब देखने और क्रिकेट के क्षेत्र में अपना करियर बनाने की इच्छा रखने वाले युवाओं को सत्यम कहते हैं कि खुद पर भरोसा रखना सबसे जरूरी है। उसने कभी ये नहीं सोचा कि वह कोरबा जैसे छोटे शहर से है, इसलिए बड़े लेवल पर नहीं खेल सकता। यदि कोरबा में रहकर वह इतना कर सकता है तो कोई भी युवा अच्छा क्रिकेटर बनने का सपना जरूर पूरा कर सकता है।

सत्यम के पिता गजानन साहू जिले के गवर्नमेंट हायर सेकेंडरी स्कूल मुढ़ाली में शिक्षक हैं जबकि मां गृहणी हैं। सत्यम ने क्रिकेट खेलने और कोरबा जैसा छोटे शहर से निकलकर अपनी पहचान बनाने के सवाल पर कहा कि उसके लिए यह काफी बड़ी बात है। खासतौर पर उसके परिवार के लिए यह गर्व का विषय है। उसने कभी नहीं सोचा था कि वह क्रिकेट में करियर बनाएगा। उसके पिता का यह सपना था कि वह क्रिकेट खेले । उसने बताया कि वह आज जो कुछ भी है वह पिता की वजह से है। उन्होंने उसे प्रेरित किया। सत्यम ने बताया कि उसने सबसे तेज गेंद 140 किलोमीटर प्रति घंटा से ज्यादा की रफ्तार से फेंकी है. अभी वह अपनी रफ्तार पर काम कर रहा है। अंतरराष्ट्रीय स्तर के बल्लेबाजों को गेंदबाजी करना काफ ी अच्छा अनुभव रहा. विजय हजारे ट्रॉफी खेलने के दौरान उसे आइपीएल ट्रायल्स के लिए भी काल आया था लेकिन तब उसके मैच चल रहे थे, इसलिए वह जा नहीं सका। उसका अगला लक्ष्य आइपीएल में खेलने का है। वह भारत का सबसे ज्यादा तेज गति से गेंद फेंकने वाला गेंदबाज बनना चाहता है।

गड्ढे में लुढ़की बस, पांच घंटे फंसे रहे तीर्थयात्री

पुलिस प्रशासन ने जेसीबी के माध्यम से निकाला बाहर

कोरबा/नवप्रदेश। कटघोरा-अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग में पड़ने वाले कैंदई ग्राम पंचायत के आश्रित मोहल्ला कावर पखना, हसदेव नदी ब्रिज बांगो डूबान के पास बस गड्ढे में लुढ़क गई। घटना में तीर्थयात्री पांच घंटे तक बस में फंसे रहे। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने जेसीबी के माध्यम से बस को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि अंबिकापुर से कटघोरा की ओर बलौदा बाजार जिले की दो बस क्रमशः महामाया बस क्रमांक सीजी 22 एक्स 9326 व श्रद्धासबुरी बस क्रमांक सीजी 22-9916 में 50 तीर्थयात्री सवार थे। डूबान क्षेत्र में घूमने के साथ ही स्नान व भोजन करने के लिए बस रूकी थी। बाद में सभी तीर्थयात्रियों को लेकर बस रवाना होने की तैयारी कर रही थी। इस दौरान चालक वाहन को मोड़ते समय अपना नियंत्रण खो बैठा और बस क्रमांक सीजी 22 एक्स 9326 पीछे से गड्ढे में जा घुसी, इससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। खबर मिलते ही मोरगा पुलिस अपने दल बल के साथ स्थल पर पहुंची पांच घंटे से फंसे महिला, पुरुष एवं बच्चों समेत उक्त बस को जेसीबी के माध्यम से बाहर निकाला तब तीर्थयात्रियों ने राहत की सांस ली। इसके बाद अपने गंतव्य की रवाना हुई।

दुकान में फटा सिलेंडर, 40 लाख का सामान खाक

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। शहर के मंडी रोड स्थित दो दुकानों में देर रात आग लगने लाखों रूपये का सामान जलकर राख हो गया। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर और वेल्डिंग दुकान में रखा सिलेंडर भी ब्लास्ट हुआ। रात होने से जनहानि तो नहीं हुई पर दोनों दुकानें पूरी तरह जलकर खाक हो गई। घटनास्थल पर मौके पर पहुंची अग्निशमन विभाग की करीब नौ टैंकरों ने अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया। घटना रात लगभग 2.30 बजे के आसपास बताई जा रही है। हार्डवेयर की दुकान में आग लगने से दुकानदार विनोद पारवानी को बड़ा झटका लगा है दुकान में रखे लगभग 30 से 40 लाख रूपये का पेंट, वार्निस, प्लास्टिक तिरपाल, जाली सहित पेंट बनाने की मशीन पूरी तरह जलकर खाक हो हो चुकी है और एक बड़ी क्षति दुकानदार को हुई है। वहीं हार्डवेयर दुकान से लगे किचन केयर व वेल्डिंग दुकान में भी आग की लपट पहुंची। जिससे वहां रखा घरेलू गैस सिलेंडर फट गया और एक बड़ा धमाका हुआ। रात होने से धमाके से जनहानि तो नहीं हुई और एक बड़ा हादसा टला गया। वहीं दुकान में रखे लगभग पांच लाख का सामान जलकर खाक हो गया है।